बैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 11 मई 2024
वर्ष 4, अंक 83, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





देश की असीम संभावनाओं की कुंजी है प्रौद्योगिकी 14

हीरामंडी की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा 13


# विधि-विधान से खुले श्री केदारनाथ धाम के कपाट

ब्यूरो, देहरादून



श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं का अभिवादन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री धामी सहित कई गणमान्य बने कपाट खुलने के साक्षी
- गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खुले

**अमृत विचार :** विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट विधि-विधान के साथ शुक्रवार सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। बाबा केदारनाथ के उदघोष तथा सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट की बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच कपाट खोले गए। दस हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट खुलने के गवाह बने। उधर, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को शुभ मुहुर्त में खोले जाएंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कपाट खुलने के अवसर पर विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी देश एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। कपाट खुलते समय तीर्थयात्रियों पर आकाश से हेलीकाप्टर द्वारा फूलवर्षा की गई। शुक्रवार को केदारनाथ में मौसम साफ रहा। रावल धर्माचार्य तथा पुजारी गणों ने द्वार पूजा शुरू की। भगवान भैरवनाथ तथा भगवान शिव का आह्वान कर सुबह सात बजे श्रीकेदारनाथ मंदिर के कपाट खोल दिए गए।

उधर, गंगोत्री धाम के कपाट खोल दिए गए। डोली भैरोंघाटी के देवीमंदिर से चलकर पौने दस बजे गंगोत्री धाम पहुंची। जैसे ही मां गंगा की डोली गंगोत्री धाम पहुंची तो पूरा धाम भक्ति में डूब गया। तीर्थपुरोहितों ने धाम के कपाट उद्घाटन के लिए 11 बजे से पूजा पाठ की प्रक्रिया शुरू की। ठीक 12:25 बजे अभिजीत मुहूर्त और अमृतबेला में गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। यहां बड़ी संख्या में धाम पहुंचे श्रद्धालु कपाट खुलने के साक्षी बने।

# कांग्रेस मेरी कब्र खोदना चाहती है : मोदी

## सभा में बोले मोदी-मुझे जिंदा गाड़ना चाहता है विपक्ष, लेकिन जनता मेरी ढाल

नंदूरबार (महाराष्ट्र), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष में कुछ लोग उन्हें जिंदा गाड़ना चाहते हैं लेकिन देश के लोग उनका सुरक्षा कवच हैं और जनता उन पर कोई आंच नहीं आने देगी।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधते हुए दिग्गज भाजपा नेता ने कहा कि 'नकली शिवसेना' उन्हें इस तरह से गाली देती है कि उससे इसका अपना 'पसंदीदा वोट बैंक' खुश होता है। उत्तर महाराष्ट्र के नंदूरबार में भाजपा की उम्मीदवार हिना गावित के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है-मोदी तेरी कब्र खुदेगी...दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना है जो मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। और मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं।

मोदी को मुगल बादशाह औरंगजेब की तरह महाराष्ट्र में 'दफनाने' की शिवसेना नेता संजय राउत की कथित टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नकली शिवसेना वाले उन्हें जिंदा दफनाने की बात करते हैं। कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि वो कहते हैं, मोदी की कब्र खुदेगी। मोदी को जिंदा गाड़ देंगे। इसमें भी वोटबैंक को पसंद आए वहीं गाली दोगे क्या? मैं कई बार सोचता हूं, दुख होता है कि बाला साहेब ठाकरे को कितना दुख होता होगा। उनको मैंने करीब से देखा है। अब तो नकली शिवसेना वाले बम धमाके के दोषी को भी अपने प्रचार में ले जाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां जनता का विश्वास गंवा चुकी हैं और उनकी सियासी जमीन भी खिसक चुकी है। मोदी ने कहा कि भारत के लोग मेरे लिए सुरक्षा कवच हैं। विरोधी मुझे जिंदा या मृत दफन नहीं कर सकते। कांग्रेस, महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) की सहयोगी पार्टी है।







## एक नजर

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की 75 उड़ानें रद

**मुंबई/ नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने शुक्रवार को चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण लगभग 75 उड़ानें रद कर दीं। कंपनी को रविवार तक परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन और कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक समूह ने हड़ताल की थी। हालांकि उन्होंने मंगलवार रात हड़ताल वापस लेने की घोषणा कर दी थी। इसके साथ, एयरलाइन प्रबंधन ने भी चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस ले लिया।

### उत्तराखंड के पांच जिलों में अंधड़ चलने की चेतावनी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के पांच जिलों में तेज अंधड़ चलने की चेतावनी जारी की है। साथ ही बारिश होने का भी अनुमान है। राज्य के सभी जिलों में शनिवार को बिजली चमकने और ओलावृष्टि के साथ बारिश होने के आसार हैं। देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले में 80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से अंधड़ चल सकता है। मौसम विभाग ने ओरेंज अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को भी पहाड़ी इलाकों में बारिश हुई है।

### नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में मांगा सबूत

**पटना।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में आज बिहार में पटना की एक अदालत ने जेल में बंद दो अभियुक्तों की ओर से दाखिल की गई जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान पुलिस से ब्यौरेवार सबूतों (केस डायरी) की मांग की। पटना व्यवहार न्यायालय के अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (नवम) नितिन त्रिपाठी की अदालत अभियुक्तों के खिलाफ इकट्ठा किए गए ब्यौरेवार सबूत तथा दोनों अभियुक्तों के पूर्व आपराधिक इतिहास को न्यायालय के समक्ष पेश करने का आदेश दिया।

# सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को दी एक जून तक अंतरिम जमानत

## 50 दिन की हिरासत के बाद 21 दिन के लिए हुए रिहा, फाइलों पर हस्ताक्षर करने से रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें लोकसभा चुनाव के बीच में प्रचार के लिए धनशोधन के एक मामले में एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी, लेकिन उनके कार्यालय या दिल्ली सचिवालय जाने और तब तक सरकारी फाइलों पर हस्ताक्षर करने पर रोक लगा दी जब तक उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए ऐसा पूरी तरह जरूरी नहीं हो।

कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 50 दिन की हिरासत के बाद लोकसभा चुनाव के बाकी के चरण के लिए प्रचार के लिहाज से केजरीवाल को 21 दिन के लिए रिहा करते हुए न्यायालय ने कहा कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे। एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण के तहत मतदान होगा। आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत देने के लिए कोर्ट का धन्यवाद व्यक्त किया। 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी दलों में भी इस फैसले पर खुशी देखी गई। पीठ ने केजरीवाल को 50 हजार रुपये के जमानती बॉण्ड और इतनी ही राशि का मुचलका जमा कराने का भी निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत पर केजरीवाल को छोड़ने जैसा पहले कोई मामला नहीं देखा गया।

### अब तानाशाही का होगा अंत : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत को सत्य की जीत बताते हुए शुक्रवार को कहा कि अब तानाशाही का अंत होगा। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सर्वोच्च अदालत के फ़ैसले पर खुशी व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर कहा कि हनुमान जी की जय। यह लोकतंत्र की जीत है। लाखों-करोड़ों लोगों की दुआओं और आशीर्वाद का फल है। सभी को कोटि कोटि धन्यवाद। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अदालत का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई को और शिद्दत के साथ लड़ेंगे।

### सत्य की एक और जीत: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ फोटो साझा कर लिखा, दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत सत्य की एक और जीत है।

### समाज के लिए खतरा नहीं केजरीवाल : कोर्ट

पीठ ने कहा कि लोकसभा चुनाव इस साल की सबसे महत्वपूर्ण घटना है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि गंभीर आरोप लगाए गए हैं, लेकिन केजरीवाल को अभी तक दोषी नहीं ठहराया गया है, उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह समाज के लिए खतरा नहीं हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उनकी गिरफ्तारी की वैधता को शीर्ष अदालत के समक्ष चुनौती दी गई थी, जिसने अभी तक अपना अंतिम फैसला नहीं सुनाया है।

## महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला

# कोर्ट ने दिया बृजभूषण पर आरोप तय करने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शुक्रवार को आरोप तय करने का आदेश दिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने छह महिला पहलवानों में से एक द्वारा दायर शिकायत में सिंह को आरोपमुक्त भी कर दिया।

अदालत ने सिंह के खिलाफ आपराधिक धमकी का आरोप तय करने का आदेश दिया। वह 21 मई को औपचारिक रूप से आरोप तय करेगी। उसने मामले में सह-आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप तय करने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ मामले में 15 जून को आरोप पत्र दायर किया था।

### रिटायर नहीं हुआ हूं, अभी खेल करूंगा : बृजभूषण



**करनैलगंज।** पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया के आवास बरगदी कोट परिसर में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में मुख्य अतिथि सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि रिटायर नहीं हुआ हूं अभी मैं खेल करूंगा। टिकट के सवाल पर कहा कि हर पिता अपने बेटे को विरासत में कुछ न कुछ अच्छा देने का प्रयास करता है और उनकी सोच के मुताबिक पार्टी ने उनकी विरासत बेटे को दिया है। सांसद ने कहा कि दो माह का इंतजार करने के बाद उनके बेटे को टिकट मिला।

### आरोप तय किए जाने का स्वागत : साक्षी मलिक



**चंडीगढ़।** पहलवान साक्षी मलिक ने दिल्ली की अदालत द्वारा शुक्रवार को यौन उत्पीड़न के आरोपी कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण सिंह शरण के खिलाफ आरोप तय किए जाने के फैसले का स्वागत किया। मलिक ने ट्वीट कर कहा कि हम अदालत का धन्यवाद करते हैं। हमें कई रात गर्मी बारिश में सड़क पर सोना पड़ा, अपना अच्छा ख़ासा करियर त्यागना पड़ा, तब जाकर आज न्याय की लड़ाई में कुछ कदम आगे बढ़ पाए हैं। जिन लोगों ने प्यार और आशीर्वाद दिया, उनका दिल से आभार ।

## अय्यर के विवादित बोल

# पाकिस्तान को इज्जत दे भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



- बयान के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना
- कांग्रेस ने कहा-पार्टी अय्यर के बयान से पूरी तरह असहमत

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर यह कहते नजर आ रहे हैं कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके साथ संवाद कायम करना चाहिए क्योंकि उसके पास परमाणु बम है।

अय्यर के उक्त बयान से शुक्रवार को विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद कांग्रेस ने तुरंत उनकी टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया जबकि भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर पाकिस्तान तथा उसकी धरती से पनपने वाले आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया। वहीं, अय्यर ने कहा कि वीडियो पुराना है और इस समय इसे इसलिए ढूंढ कर निकाला गया है क्योंकि भाजपा का चुनाव अभियान लड़खड़ा रहा है। वीडियो में अय्यर को यह संकेत देते सुना जा सकता है कि अगर कोई 'सनकी व्यक्ति' पाकिस्तान में सत्ता में आ जाता है और परमाणु बम का इस्तेमाल करता है तो यह अच्छा नहीं होगा।

# पतरामपुर चौकी प्रभारी और तीन सिपाही किए निलंबित

संवाददाता, रुद्रपुर/जसपुर

- सिपाहियों पर शराब पीकर अभद्रता करने का आरोप

**अमृत विचार:** ड्यूटी से नदारद रहने पर पतरामपुर चौकी प्रभारी और शराब पीकर अभद्रता करना चौकी के तीन सिपाहियों को महंगा पड़ गया। अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने चौकी प्रभारी और तीन सिपाहियों को तत्काल निलंबित कर दिया।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि गुरुवार की रात्रि साढ़े 9 बजे गांव बगीचा में झगड़ा होने की सूचना पर पतरामपुर चौकी का सिपाही सचिन कुमार मौके पर पहुंचा और आरोपी पक्ष को उठाकर चौकी ले आया। आरोप था कि जब पैरवी को संभ्रांत नागरिक वहां पहुंचे तो आरोपी सिपाही ने नशे की हालत में अन्य सिपाहियों के साथ मिलकर उन लोगों से अभद्रता व हाथापाई की। आला अधिकारी मौके पर पहुंचे कोतवाल हरेंद्र चौधरी व एसएसआई ने मामला शांत करवाया। पता चला कि पतरामपुर चौकी प्रभारी संदीप शर्मा पिछले कई दिनों से प्रशिक्षण की आड़ में चौकी से नदारद हैं, और चौकी सिपाहियों के हवाले छोड़ रखी है। अधीनस्थों की रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी ने चौकी प्रभारी संदीप शर्मा, सचिन, अनिल और सुभाष को निलंबित कर दिया।

## दिल्ली आबकारी नीति

# ईडी ने दाखिल किया नया आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को नया आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को आरोपी के तौर पर नामजद किया गया है।

संघीय एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को 15 मार्च को हैदराबाद में उनके बंजारा हिल्स स्थित आवास से गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत आरोपपत्र दायर किया। अगले हफ्ते अरविंद केजरीवाल के खिलाफ इसी तरह का आरोपपत्र दाखिल किए जाने की संभावना है।

# मतदान प्रतिशत को लेकर खरगे फैला रहे भ्रम : आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी



- खरगे ने वोटिंग डाटा पर विपक्षी नेताओं को लिखा था पत्र
- चुनाव आयोग की सलाह- सोच समझकर बयान दें कांग्रेस अध्यक्ष

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान आंकड़ों पर विपक्षी नेताओं को कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र पर शुक्रवार को कड़ी आपत्ति जताई और इसे पक्षपातपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास बताया।

उसने खरगे के पत्र को चुनाव संचालन की एक महत्वपूर्ण कड़ी पर हमला करार दिया। निर्वाचन आयोग ने मतदान आंकड़ा जारी करने में कुप्रबंधन और देरी के आरोपों को खारिज करते हुए खरगे के आरोपों को अवांछित, तथ्यहीन तथा भ्रम फैलाने के पक्षपातपूर्ण और जानबूझकर किया गया प्रयास करार दिया। आयोग ने कहा कि खरगे अन्य दलों के नेताओं के साथ चिंता व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन पत्र को सार्वजनिक करने से मंशा पर सवालिया निशान खड़े होते हैं। उसने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खरगे को सतर्कता बरतने और ऐसे बयान देने से बचने की सलाह दी।

# गौलापार में शिफ्ट नहीं होगा हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, नैनीताल

- अन्यत्र उचित स्थान चयन को मुख्य सचिव को एक माह का वक्त
- सुझाव को पोर्टल बनाने के निर्देश अगली सुनवाई 25 जून को होगी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर गौलापार में कोर्ट की शिफ्टिंग को खारिज किया। अब हाईकोर्ट गौलापार नहीं बल्कि कहीं और शिफ्ट होगा। इस मामले में अधिवक्ताओं व जनसामान्य से सुझाव लिए जाएंगे। इसके लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा। वहीं हाईकोर्ट के लिए उचित स्थान का चयन करने के लिए मुख्य सचिव को एक माह का वक्त दिया गया है। इसके अतिरिक्त रजिस्ट्रार जनरल की अध्यक्षता में एक समिति का भी गठन किया है।

हाईकोर्ट ने व्यापक जनहित को आधार मानकर नैनीताल से हाईकोर्ट को शिफ्ट किया जाना आवश्यक बताया है। कोर्ट ने मुख्य सचिव से एक माह के भीतर हाईकोर्ट के लिए उचित स्थान बताने को कहा है। मुख्य सचिव को अपनी रिपोर्ट 7 जून तक हाईकोर्ट में सौंपनी होगी। साथ ही रजिस्ट्रार जनरल को एक पोर्टल बनाने के निर्देश दिए हैं। जिसमें अधिवक्ताओं व जनसामान्य के सुझाव लिए जाएं कि वे नैनीताल से हाईकोर्ट शिफ्ट करने के पक्ष में हैं या नहीं। पोर्टल में 31 मई तक सुझाव दिए जा सकेंगे।

यह आदेश मुख्य न्यायधीश रितू बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने जारी किए। जिसमें कहा गया कि गौलापार में जहां हाईकोर्ट के लिये जगह चिन्हित है, वहां 75 फीसदी वन भूमि है और घना जंगल है। वहां पेड़ काटने के बाद हाईकोर्ट की स्थापना उचित नहीं है। हाईकोर्ट इसके पक्ष में नहीं है। आठ मई को आईडीपीएल ऋषिकेश से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी व मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आरके सुधाशुं वीसी के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित हुए थे। जिन्हें नैनीताल से हाईकोर्ट शिफ्ट करने की सूचना दी थी और उसी दिन दोपहर बाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन व अधिवक्ताओं का पक्ष भी सुना। उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए हाईकोर्ट को नैनीताल से स्थानांतरित करने के मुद्दे को शीघ्र निपटाने के लिए हाईकोर्ट ने एक प्रक्रिया तैयार की है।

## खोज-खबर


भयानक विस्फोटों के साथ एक्स क्लास की भीषण ज्वालाएं उठ रही सूर्य की सतह पर

# सौर तूफानों के आज पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** सूर्य बेहद खतरनाक विस्फोटों से गुजर रहा है। शुक्रवार को एआर 3664 सन स्पॉट में हुए विस्फोट से एक्स 6 क्लास ज्वाला निकली है। गत दिवस हुए विस्फोट से एक्स 2.2 क्लास की ज्वाला भड़की है। नासा के सौर वैज्ञानिकों ने सौर तूफानों के शनिवार को पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका जताई है।

सूर्य इन दिनों बेहद सक्रिय हो चला है। सूर्य पर एक के बाद एक जबरदस्त विस्फोट हो रहे हैं। विस्फोटों का सिलसिला करीब छह माह से जारी है। जिनमें सबसे खतरनाक मानी जाने वाली एक्स क्लास की ज्वालाओं ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। इनके अलावा एम व सी क्लास के दर्जनों ज्वालाएं भड़क चुकी हैं। सौर वैज्ञानिकों के अनुसार विस्फोट की ज्वालाओं का यह रूप वास्तव में दुर्लभ है। इधर भयंकर भू चुम्बकीय सौर तूफान के शनिवार को पृथ्वी के ध्रुव से टकराने की आशंका वैज्ञानिकों ने जताई है। जिनका खासा असर औरोरा यानी ध्रूवों पर नजर आने वाली रंग बिरंगी रोशनी के रूप में देखने को मिलेगी। सौर हेलिओस्फेरिक वेधशाला ने सूर्य में हो रहे विस्फोटों की ज्वालाओं की वीडियो के साथ फोटो कैद की हैं, जबकि नासा की सोलर डायनामिक ऑब्जर्वेटरी इन पर 24 घंटे नजर बनाए हुए है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के सौर वैज्ञानिक भी सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं।



### उम्मीद से अधिक भयानक हो रहे हैं विस्फोट

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाबउद्दीन का कहना है कि यह 25वां सौर चक्र चल रहा है। जिसमें सूर्य इन दिनों भीषण सक्रिय है। अत्यधिक सक्रियता का दौर अभी कुछ समय जारी रहेगा। मगर हैरत इस बात की है कि इतने भयानक सौर विस्फोटों की वैज्ञानिकों को जरा भी उम्मीद नहीं थी।

### आदित्य एल 1 भी सूर्य पर नजर रखने को तैयार

इसरो का सोलर मिशन आदित्य एल 1 सूर्य पर पैनी नजर रखने को तैयार है। इन दिनों आदित्य की टेस्टिंग चल रही है, उसने सूर्य की कुछ तस्वीरें कैमरे में कैद की हैं। बहुत जल्द सूर्य की तमाम गतिविधियों का डेटा भेजना शुरू कर देगा। आदित्य एल 1 साइंस कमेटी के सह अध्यक्ष प्रो. दीपांकर बनर्जी ने बताया कि नासा व ईसा के सामूहिक मिशन सोहो के बाद सूर्य की पल पल की जानकारी रखने के लिए भारत आदित्य एल 1 के साथ दुनिया का दूसरा देश बन गया है।

## सार-संक्षेप

### 12वीं के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति किया प्रेरित

**भीमताल :** ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय भीमताल परिसर की ओर से तकनीकी एवं रक्षा प्रौद्योगिकी विषय पर दो दिवसीय व्याख्यान माला आयोजित की गई। दूसरे दिन करियर गाइडेंस सेमिनार के अन्तर्गत परिसर के निदेशक कर्नल अनिल कुमार नायर ने विभिन्न विद्यालयों (भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल, जीबी पंत इन्टर कॉलेज भवाली, राजकीय बालिका इंटर कालेज भीमताल, लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल तथा मल्लिकार्जुन विद्यालय नौकुचियाताल) के कक्षा 12वीं के छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा की संभावनाओं के विषय में प्रेरित किया। ग्राफिक एरा के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर जोशी ने एरो स्पेस इंजीनियरिंग तथा एविएशन विज्ञान में भविष्य की संभावनाओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर समन्वयक डॉ. दीपेन्द्र सिंह रावत, सहायक प्राध्यापक, भौतिक विज्ञान मुख्य अतिथि डॉ. एसके मिश्रा, एरो स्पेस इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुधीर जोशी आदि उपस्थित रहे।

### गुमान सिंह संभल और कैलाश बाबा का निधन

**भीमताल :** विकासखंड भीमताल के अन्तर्गत आदि कैलाश मंदिर समिति के अध्यक्ष




गुमान सिंह संभल (55) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने हैड़ाखान में पैतृक निवास पर अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे एक लड़का और एक लड़की को छोड़ गए हैं। उनका हैड़ा खान में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं छोटा कैलाश में 30 वर्ष से निवास कर रहे कैलाश बाबा (70) का भी निधन हो गया। उनको लोग कर्नाटक बाबा के नाम से जानते थे। श्रद्धालुओं के मुताबिक कैलाश बाबा ब्रह्मचारी थे। उनका अंतिम संस्कार रानी बाग चित्रशिला घाट में किया गया। निधन पर ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलड़िया, पूर्व प्रधान पिनरौ शांति पलड़िया, कोषाध्यक्ष मंदिर समिति त्रिलोचन पलड़िया, उपाध्यक्ष मंदिर समिति कैलाश संभल, जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, बिपिन चंद्र जोशी, सतीश शर्मा आदि ने शोक व्यक्त किया।

### महिला का पांच दिन बाद भी सुराग नहीं लगा

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे से सटे बेड़गांव गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता महिला का पांच दिन बाद भी कुछ पति नहीं चल सका है। महिला का पति व स्वजन महिला का पता न चल पाने से परेशान हैं। राजस्व उपनिरीक्षक गडस्यारी कुंदन सिंह कनवाल के अनुसार महिला का पता लगाने को जांच की जा रही है। हाईवे से सटे बेड़गांव गांव निवासी राजेंद्र सिंह की पत्नी बीते पांच दिनों से लापता है। महिला के पति ने राजस्व उपनिरीक्षक गडस्यारी को पत्र सौंप कर बताया कि उसकी पत्नी योगिता बीते शनिवार को सुबह पांच बजे बिना बताए घर से लापता हो गई। पूरे गांव तथा आसपास के क्षेत्रों व रिश्तेदारों से जानकारी जुटाने व काफी खोजबीन के बाद भी योगिता का कुछ पता नहीं चल पा रहा है।

### रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों को सोशल मीडिया पर साझा करें

**भीमताल :** भीमताल विकासखंड के संकुल पिनरो और ओखलढूंगा के शिक्षकों की एक दिवसीय मासिक अकादमिक बैठक राजकीय प्राथमिक विद्यालय रानीबाग में हुई। बैठक में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संदर्भ दाता कृष्ण चंद्र जोशी ने कहा कि शिक्षक अपने विद्यालयों में छात्रों के चहुमुंखी विकास के लिए समय–समय पर किए जा रहे रचनात्मक व शैक्षिक गतिविधियों को सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से जरूर साझा करें ताकि दूसरे विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों को भी इसकी जानकारी हो सके। बैठक में ओम प्रकाश, खड़कदेव, नारायण सिंह, श्वेता मेहरा, पूर्णिमा राजपूत, किरन जोशी, साजिया खातून आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### निराश्रित पशुओं से लोगों की जिंदगी पर मंडरा रहा खतरा

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर स्थित खैरना बाजार क्षेत्र आवारा गोवंशीय पशु परेशानी का सबब बन चुके हैं। स्कूली बच्चों व राहगीरों पर दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है तो वहीं वाहन चालकों को भी आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने पशुओं को आवारा छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई तथा पशुओं को गोसदन भेजने की मांग उठाई है। प्रशासन के लाख दावों के बावजूद गरमपानी–खैरना क्षेत्र में गोवंशीय पशु आवारा घूम रहे हैं। गोवंशीय पशुओं के हाईवे के बीचों बीच बैठ जाने से कई बार जाम की स्थिति भी पैदा हो जा रही है वहीं सुबह–शाम बाजार क्षेत्र में आवाजाही करने वाले स्कूली बच्चों पर भी दुर्घटना का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आवारा गोवंशीय पशु कई लोगों पर हमला कर उनको चोटिल भी कर चुके हैं। कई बाइक सवार टकराकर गंभीर रूप से चोटिल तक हो चुके हैं। कई पशु वाहनों को क्षतिग्रस्त कर चुके हैं। स्थानीय लोग कई बार गोवंशीय पशुओं को गोसदन भेजने की मांग भी उठा चुके हैं। बावजूद कोई सुध नहीं ली जा रही है। लगातार गोवंशीय पशुओं की संख्या में इजाफा होते जा रहा है। गांवों से रात के वक्त गोवंशीय पशुओं को बाजार क्षेत्र में छोड़ दिया जा रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी, मनीष तिवारी, विरेन्द्र सिंह बिष्ट, विनोद मेहरा, गोविन्द सिंह आदि ने गोवंशीय पशुओं को गो सदन भेजने तथा गांवों से पशुओं को छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

# माइक्रो फाइनेंस से ग्रामीण महिलाएं बनीं सशक्त : कुसुम

## महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति मजबूत करने को कुमाऊं विवि में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में बोलीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में बुरांश सभागार में माइक्रो फाइनेंस के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसके उद्घाटन सत्र में उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित कर मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि बचत और ऋण सुविधाओं तक पहुंच से निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती है।

यह महिलाओं को स्वयं के साथ-साथ अपने बच्चों की भलाई पर खर्च बढ़ाने में सक्षम करता है। साथ ही अनुत्पादक और हानिकारक गतिविधियों में घरेलू आय के रिसाव को रोकता है। उन्होंने कहा कि कि माइक्रो फाइनेंस ने ग्रामीण महिलाओं को उचित आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर दिया है, जिससे भाग लेने वाले परिवारों के लिए बेहतर जीवन स्तर और जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि हुई है।

सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल और विशिष्ट अतिथि निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड अंजू अग्रवाल,




उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल का स्वागत करते संयोजक।

मुख्य वक्ता पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड प्रो. सीडी सूंठा समेत निदेशक आईक्यूएसी प्रो. संतोष कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेमिनार के संयोजक विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग प्रो. अतुल जोशी ने अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं बैज अलंकरण के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही इंटीग्रेटेड बीएड विभाग की छात्राओं द्वारा कुलगीत, स्वागत गीत एवं उत्तराखंड की लोक संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

निदेशक उच्च शिक्षा अंजू अग्रवाल ने कहा कि भारत का हृदय इसके ग्रामीण क्षेत्रों में बसता है और यह भारत का आर्थिक इंजन भी है। वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तीकरण और डिजिटल समावेशन लाकर माइक्रो फाइनेंस भारत को एक महाशक्ति के रूप में उभरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सेमिनार में मुख्य वक्ता पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. सीडी सूंठा ने कहा कि माइक्रो फाइनेंस का मुख्य उद्देश्य कम आय वाले ग्राहकों को वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराकर महिलाओं को सशक्त बनाना, जो आमतौर पर बैंकिंग एवं इससे संबंधित अन्य सेवाओं से वंचित रहती हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत व्यापक प्रयासों के चलते 51 करोड़ 30 लाख भारतीयों को बुनियादी बैंक खाते का स्वामित्व मिला है जिनमें 55% महिलाएं हैं। इस अवसर पर निदेशक आईक्यूएसी प्रो. संतोष कुमार ने कहा कि महिलाओं की भूमिका अभी तक परदे के पीछे रही है। यही कारण है कि इन्हें समुचित रूप से मान्यता नहीं मिल पाई है।

### महिलाओं के सशक्त होने पर देश बनेगा विकसित

सेमिनार के संयोजक विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग प्रो. अतुल जोशी ने सेमिनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि महिला सशक्त हो जायेगी तो पूरा देश अपने आप विकसित हो जायेगा, क्योंकि महिलाएं ही घर, समाज और अंतत: एक राष्ट्र का निर्माण करती हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आर्थिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करना होगा ताकि महिलाओं को समाज में समान अवसर मिल सके। परिवार में महिलाओं के वित्तीय समावेशन हेतु सहायक माइक्रो फाइनेंस एवं अन्य कार्यक्रमों का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य महिलाओं की अंतर–पारिवारिक सौदेबाजी की शक्ति और उनकी निर्णय लेने की क्षमता में सुधार करना है। इस दौरान निधि वर्मा, रीतिशा शर्मा, विजय कुमार, प्रो. नीता बोरा, प्रो. लता पांडेय, प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. एमसी पांडेय, प्रो. सीएस जोशी, प्रो. पीएन तिवारी, डॉ. आरती पंत, डॉ. फकीर नेगी, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. ममता जोशी, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. पूजा जोशी, डॉ. तेज प्रकाश, पंकज भट्ट समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल शुक्रवार को नैनीताल के भ्रमण पर रहीं। इस दौरान कुमाऊं विश्वविद्यालय में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में प्रतिभा किया, जिसके बाद पत्रकार वार्ता करते हुए कुसुम कंडवाल ने कहा कि महिलाओं के सुरक्षा के लिए आयोग के माध्यम से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

वर्ष 2023-24 में महिलाओं और किशोरियों की ओर से उत्तराखंड राज्य महिला आयोग में अब तक राज्य में कुल 1769 केस दर्ज हुए हैं। जिसमें से 1167 केस का निस्तारण किया गया, जबकि 602 केस गतिमान हैं। जिसमें मुख्य रूप से घरेलू हिंसा, मानसिक उत्पीड़न के मामले हैं। कहा कि कोई भी बालिका, महिला जो उत्पीड़न का शिकार हो रही है, वो आयोग या महिला हेल्प लाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकती हैं। साथ ही वन स्टाप सेंटर के माध्यम से मामलों का निस्तारण किया जा सकता है। इसमें मुख्य रूप से भेदभाव, हिंसा, हमला, दहेज प्रताड़ना और लिंग के आधार पर गर्भपात आदि पर काउंसलिंग कर मामलों का निस्तारण किया जा सकता है।

### युवाओं को करना होगा जागरूक

अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने बताया कि वर्तमान में बालिकाएं, महिलाएं, स्कूली बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम साइबर क्राइम की चपेट में आ रहे हैं। सोशल मीडिया में अनजान लोगों से बात, सपर्क सूत्र और अपनी निजी जानकारी नहीं देनी चाहिए। साथ ही परिजनों से बच्चों की मानिटरिंग करने की बात कही, जिससे साइबर क्राइम को रोका जा सकता है। उन्होंने जिलाधिकारी और एसएसपी को बाहरी राज्यों या जिलों से आ रहे लोगों का सत्यापन कराने के निर्देश और साथ ही समय समय पर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही।

# हाईकोर्ट बेंच के विरोध में वकीलों के साथ लोग भी उतरे

**नैनीताल:** उत्तराखंड हाईकोर्ट की बेंच ऋषिकेश में बनाए जाने के फैसले के विरोध में अब हाईकोर्ट के वकीलों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी आने लगे हैं। शुक्रवार को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष नितिन कार्की ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को ज्ञापन देकर हाईकोर्ट की बेंच ना बनाए जाने की मांग की। साथ ही नितिन कार्की ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से नितिन का कहना है कि उत्तराखंड की स्थापना उत्तराखंड के लोगों के बलिदान से हुई है। राज्य के संस्थानों की स्थापना पार्वतीय राज्य के अनुरूप हुई है, इसलिए उच्च न्यायालय को नैनीताल से अन्यत्र ले जाना उत्तराखंड के लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ है।

# निकाय चुनाव के लिए भाजपा तैयार : भट्ट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** निकाय चुनाव के सिलसिले में नैनीताल पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में देश के विभाजन की मानसिकता जुड़ी हुई है। कांग्रेस के सलाहकार सैम पित्रोदा को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा उत्तराखंड में लोकसभा की पंचों सीटों पर बहुमत से चुनाव जीतने जा रही है। निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर उन्होंने कहा कि बैठकें शुरू कर दी गई हैं। नगर पालिका एवं नगर निकाय के प्रत्येक प्रत्याशी को कमल के फूल का चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में नगर निगम की आठ में से 6 सीटें बीजेपी के पक्ष में आई। इस बार सभी नौ सीटों पर भाजपा के



पत्रकारों को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट। ● अमृत विचार

### जीत का दावा

- पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा की बंपर जीत का दावा किया
- निकाय चुनाव में भी सभी सीटों पर भाजपा की जीत की बात कही

प्रत्याशी विजय दर्ज करेंगे।

हाईकोर्ट शिफ्टिंग के मामले में प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि कोर्ट की मंशा एवं निर्णय पर सरकार की ओर से फैसला लिया जाएगा। उन्होंने वनाग्नि को प्रदेश के लिए बड़ी चुनौती बताया।

इस दौरान विधायक सरिता आर्या, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, गोपाल रावत, मनोज जोशी, मोहन नेगी, मोहित लाल साह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भीमताल में किया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**भीमताल :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट के भीमताल आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कमला आर्या ने सभी कार्यकर्ताओं और प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं से चुनाव में एकजुटता के साथ नगर पालिका अध्यक्ष एवं सभासद पद के प्रत्याशी को विजयी बनाने का आग्रह किया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि एवं ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा, जिला मंत्री नितिन राणा, मंडल प्रभारी प्रताप बोहरा, मंडल महामंत्री योगेश तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, कमलेश रावत, खीमा शर्मा, वीना आर्या समेत भाजपा मंडल भीमताल के समस्त प्रदेश, जिला व मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

### मां गिरिजा मंदिर मार्ग बंद

**रामनगर :** सुरक्षात्मक कार्य के चलते शुक्रवार सुबह से मां गर्जिया मंदिर मार्ग बंद कर दिया गया है। रानीखेत हाईवे स्थित पुलिस चौकी से ही बैरिकेडिंग लगाकर मंदिर जाने का रास्ता बंद कर दिया गया है। उपजिलाधिकारी राहुल शाह ने बताया कि 30 जून तक मंदिर में भक्तों की आवाजाही बंद रहेगी। सूत्रों ने बताया कि मन्दिर की सुरक्षा के लिए किए जाने वाले कार्य के लिए शुक्रवार को मशीनें पहुंच चुकी हैं।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# सरोवर नगरी के 75 प्रतिशत होटल फुल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मैदानी क्षेत्रों की गर्मी से बचने के लिए देश भर से पर्यटक सरोवर नगरी नैनीताल समेत आसपास के पर्यटक स्थलों का रुख करने लगे हैं। मैदानी क्षेत्र में इन दिनों तापमान बेहद गर्म है तो वहीं पहाड़ों में मौसम बेहद सुहावना होने लगा है जिसका लुत्फ उठाने के लिए पर्यटक देश के कोने-कोने से सरोवर नगरी नैनीताल पहुंचने लगे हैं।

पर्यटकों की आमद से सरोवर नगरी नैनीताल गुलजार हो उठी है। पर्यटकों के नैनीताल पहुंचने से पर्यटन कारोबारी अब खुश नजर आ रहे हैं।

पर्यटकों की आमद से शुक्रवार को स्थानीय पर्यटन स्थलों में पूरे दिन सैलानियों की भीड़ रही। स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, चिड़ियाघर, सरिता ताल, वॉटर फॉल, बोटनिकल गार्डन व हनुमान गढ़ी समेत नगर के सभी पर्यटन स्थलों में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही बनी रही। सैलानियों ने नैनी झील में नौका विहार का लुत्फ उठाया। नैनीताल में पड़ रही गर्मी के बाद नैनीताल में पर्यटकों की आमद से पर्यटकों को कार पार्किंग की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा।



नैनीताल में शुक्रवार को चहलकदमी करते पर्यटक। ● अमृत विचार

# धमोला में आग से आम और लीची के 90 पेड़ झुलसे

**कालाढूंगी:** विकास खंड कोटाबाग के विजयपुर धमोला गांव में पूर्व प्रधान हरकेवल खेतों में आग लगने से 90 आम, लीची व अमरूद के पेड़ झुलस गये। पूर्व प्रधान ने बताया कि गुरुवार की शाम को अज्ञात कारणों से खेत में आग लग गयी। गर्म व तेज हवाओं के चलते पूरे खेतों में आग फैल गयी।

आग पर काबू पाने के लिए हरकेवल ने ट्रैक्टर से खेत की जुताई शुरू की तो बीच में ट्रैक्टर बंद हो गया। ग्रामीणों ने पानी से आग बुझाने की कोशिश की मगर तब तक सब जल चुका था। शुक्रवार सुबह तहसील कर्मियों ने मौके पर जाकर आगजनी से नुकसान की रिपोर्ट तैयार की।

# अघोषित बिजली कटौती होने पर भड़क उठे व्यापारी

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट क्षेत्र में आए दिन बिजली कटौती से व्यापारियों का पारा चढ़ गया है। परेशान व्यापारियों ने विद्युत विभाग पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया है। व्यापारियों के अनुसार आए दिन बिजली कटौती होने से कई आवश्यकीय कार्य लटक जा रहे हैं। गांवों से बाजार पहुंचने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ब्लॉक मुख्यालय स्थित बाजार क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से क्षेत्रवासी परेशान हो चुके हैं। दिनभर सुबह से शाम तक कई बार विद्युत आपूर्ति ठप होने से व्यापारियों में भी गहरा रोष व्याप्त है। दूर दराज के गांवों से लोग आवाश्यक कार्य के लिए बाजार पहुंच रहे हैं पर अधिकांश समय विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से लोगों के कार्य नहीं हो पा रहे हैं जिससे लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। विद्युत संचालित उपकरण भी शोपीस बन चुके हैं। व्यापारी नेता बालम सिंह, शेखर दानी, दिलीप सिंह नेगी, भरत आर्या आदि ने अघोषित विद्युत कटौती होने पर गहरी नाराजगी जताई है। आरोप लगाया कि अधिकारी बाजार क्षेत्र की उपेक्षा पर आमादा है। भारी भरकम बिल तो भेज दिए जा रहे हैं पर आपूर्ति दुरुस्त नहीं रखी जा रही। जल्द व्यवस्था में सुधार न होने पर व्यापारियों ने आंदोलन का बिगुल फूंकने की चेतावनी भी दी है।

### परेशानी

- दूरदराज के गांवों से पहुंचे रहे उपभोक्ता मायूस लौट रहे
- दिनभर में कई बार बाजार की आपूर्ति हो जा रही ठप

# पानी के लिए डेढ़ किमी जा रहे कंदरा के लोग

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** जंगलों में आग धधकने व प्राकृतिक जल स्रोत सूखने से गांवों में पेयजल संकट गहरा गया है। पानी उपलब्ध न होने से गांव के बाशिंदे दूर दराज से पानी ढोने को मजबूर हो चुके हैं। छाती गांव के कंदरा तोक में ग्रामीण बूंद बूंद पानी को तरस गए हैं।

गांवों के बाशिंदे लगातार गहरा रहे पेयजल संकट व जंगलो के धधकने से परेशान हैं। कई गांवों में लाखों करोड़ों रुपये की जल जल जीवन मिशन योजना से तक पानी की बूंद तक नहीं टपक रही। ऐसे में लोगों को दूरदराज रुख कर हलक तर करना मजबूरी बन चुका है। समीपवर्ती छाती गांव के कंदरा तोक में भी पेयजल संकट गहराने से गांव व कई परिवार परेशान हैं। शेर पंपिंग पेयजल योजना से पानी की आपूर्ति ठप होने से गांव में पानी का अकाल पड़ चुका है। गांव में स्थित प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख चुका है ऐसे में ग्रामीण डेढ़ किमी दूर से सिर पर पानी के बर्तन रख घरों तक पहुंचा रहे है। शादी समारोह होने पर वाहनों से पानी ढोया जा रहा है। गांव के बाशिंदे पेयजल व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की कई बार मांग भी उठा चुके हैं।



## एक नजर

### भुजियाघाट, आमपड़ाव व दोगांव में दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस

**नैनीताल :** हल्द्वानी–नैनीताल हाईवे का जल्द ही चौड़ीकरण होना है, लेकिन सड़क किनारे कई लोगों ने टिनशेड की दुकानें बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। चौड़ीकरण कार्य शुरू होने से पहले इन सभी दुकानों को हटाया जाना है। इसको लेकर विहित प्राधिकारी ने भुजियाघाट, दोगांव और आमपड़ाव क्षेत्र के लगभग 20 दुकानदारों को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में उन्होंने दुकानदारों को 20 दिन के अंदर अवैध कब्जा हटाने और सरकार को हुए नुकसान का मुआवजा देने के निर्देश दिये हैं।

### पूर्व सैनिक को दी जान से मारने की धमकी

**हल्द्वानी :** एक पूर्व सैनिक ने अपने पड़ोसी पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को सौंपे पत्र में बिठौरिया नंबर एक पार्वती एन्क्लेव निवासी विक्रम सिंह भैसोड़ा ने कहा कि वह पूर्व सैनिक है। दो साल पहले उनके निर्माणाधीन घर से सरिया और चौखट चोरी हो गई थी। उन्होंने पड़ोसी पर चोरी का आरोप लगाया था। कहा कि समस्या का समाधान नहीं होने पर उन्होंने एसएसपी नैनीताल और कुमाऊं कमिश्नर से शिकायत की है। आरोप है कि अब उक्त पड़ोसी उन्हें जान से मारने की धमकी देता है। पूर्व सैनिक ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। काठगोदाम पुलिस के अनुसार गौलापुल के पास खेड़ा क्षेत्र में एक व्यक्ति स्कूटर से आ रहा था। पुलिस को देखकर वह स्कूटर मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने उसका पीछा करके उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 63 पव्वे देसी शराब के बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इंद्रपाल सिंह निवासी देवलातल्ला पजाया गौलापार बताया। पुलिस ने स्कूटर समेत शराब के पव्वों को कब्जे में ले लिया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### हिट एंड रन मामलों में बढ़ी मुआवजे की राशि

**हल्द्वानी :** हिट एंड रन मामलों में मुआवजे की धनराशि को बढ़ा दिया गया है। संभागीय परिवहन अधिकारी हल्द्वानी की ओर से जारी आदेश के अनुसार अब हिट एंड रन मामलों में मुआवजा योजना के तहत मृत्यु के मामलों में 2 लाख व गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपये का मुआवजा दिया जायेगा। इसके लिए डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थाई समिति का गठन किया गया है। डीएम दावा निपटान आयुक्त व संबंधित एसडीएम /तहसीलदार दावा जांच अधिकारी बनाए गए हैं।

---

पर्वतीय क्षेत्रों में पांच और मैदानी क्षेत्रों में तीन मिमी तक हो सकती है बारिश, पूर्वी हवाओं के चलते बदल गया है मौसम का मिजाज

# जिले में आज और कल बारिश-अंधड़ की संभावना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बंगाल की खाड़ी से आ रही पूर्वी हवाओं की वजह से उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है। पहाड़ों में हो रही झमाझम बारिश के बाद शनिवार से मैदानी इलाकों में भी बारिश के आसार बन रहे हैं।

जनपद नैनीताल में 11 और 12 मई को बारिश व अंधड़ होने का अनुमान है। साथ ही 80 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में पांच मिमी और मैदानी क्षेत्रों में दो मिमी तक बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी जारी की है। अलनीनो का प्रभाव भी अब न के बराबर रह गया है। पूरब से आ रहीं नम हवाओं के चलते अधिकतम तापमान में गिरावट आई है।

हल्द्वानी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन के समय धूप तेज निकल रही है पर लू नहीं चलने से लोगों को कुछ राहत है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में तापमान में और भी गिरावट आएगी। मौसम साफ होने के बाद एक बार फिर से पारे में उछाल आएगा। इधर, पर्वतीय क्षेत्रों में शुक्रवार को भी जमकर बारिश हुई है। पिथौरागढ़ में 12.9 मिमी, सामा में 18 मिमी और बागेश्वर में दो मिमी बारिश दर्ज की गई है। बारिश होने से पहाड़ों में चढ़ रहे तापमान में गिरावट आई है।

**11** और 12 मई को जनपद नैनीताल में बारिश के बन रहे आसार

**80** किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल सकती हैं तेज हवाएं



#### सही समय पर आएगा मानसून

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड में मानसून सही समय पर दस्तक देगा। उत्तराखंड में दक्षिण–पश्चिम मानसून आने की औसत 20 से 21 जून तक है। जिससे इस बार मानसून सही समय पर आने की उम्मीद है। जीबी पंत विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार मानसून सही समय पर आने के साथ ही इस साल अच्छी बारिश होने का भी अनुमान है।

#### मानसून से पहले लोनिवि की तैयारी शुरू

**नैनीताल :** मानसून सीजन को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। मानसून के समय मलबा आने के कारण जनपद में जगह–जगह सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। जिस कारण कई बार यातायात बाधित हो जाता है। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। सड़कें बंद न हों और समय से सड़कों से मलबा हटाया जा सके, इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने पंगुट, मंगोली, नैनीताल और अमृतपुर क्षेत्र के लिए चार जेसीबी मशीनों के टेंडर जारी कर दिए हैं। लोनिवि के सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्र उप्रेती ने बताया कि मानसून से पहले विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। चार जेसीबी मशीनों के टेंडर 18 मई से शुरू कर दिए जायेंगे।



---

# सेवा पुस्तिकाओं में त्रुटि होने पर सफेदा लगाने पर पाबंदी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सेवा पुस्तिकाओं में त्रुटि होने पर प्राथमिक शिक्षक सफेदा (व्हाइटनर) लगाकर गलती को सुधार लेते थे, लेकिन अब शासनादेश जारी हुआ है कि शिक्षक सेवा पुस्तिकाओं में होने वाली त्रुटि के सुधार के लिए सक्षम अधिकारी से प्रमाणित कराएंगे।

प्राथमिक शिक्षक अपनी सेवा पुस्तिका भरते समय किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर सफेदा लगातार त्रुटि में सुधार करते थे। यह नियम संगत नहीं था। इस तरह के कई मामले सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की ओर से प्राथमिक शिक्षकों को आदेश जारी कर कहा गया है कि सेवा पुस्तिका में त्रुटि सुधार के लिए सक्षम अधिकारी से हर हाल में प्रमाणित कराना होगा। यदि इसके बाद भी किसी शिक्षक ने सफेदा का इस्तेमाल किया तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### शिक्षकों के स्थानांतरण की पात्रता सूची जारी

**हल्द्वानी :** प्राथमिक शिक्षकों के स्थानांतरण की पात्रता सूची जारी कर दी गई है।
प्रारंभिक शिक्षा संवर्ग के शिक्षकों की पात्रता सूची जिला शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने जिले के सभी उप शिक्षा अधिकारियों के पास भेज दी है। उप शिक्षा अधिकारी सूची का अध्ययन करेंगे और किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर एक सप्ताह के अंदर जिला शिक्षा अधिकारी को सूचित करेंगे। इन दिनों दुर्गम–सुगम में तबादले होने हैं।

---

# हाईकोर्ट नैनीताल से शिफ्ट हुआ तो यह होगी कुमाऊं की उपेक्षा


राज्य आंदोलनकारी बोले- राज्य के लिए जान गंवाने वाले और आंदोलनकारियों की मंशा के विपरीत होगा यह फैसला, हाईकोर्ट शिफ्टिंग के सुझाव से आम से विशिष्ट जनों में आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की खंडपीठ के आईडीपीएल ऋषिकेश में हाईकोर्ट शिफ्ट होने के सुझाव पर अधिवक्ताओं के विरोध के बाद मामला तूल पकड़ रहा है। सिर्फ अधिवक्ता ही नहीं वरन राज्य आंदोलनकारियों, साहित्यकारों का मानना है कि यदि हाईकोर्ट शिफ्ट हुआ तो कुमाऊं के पास कुछ भी नहीं रहेगा और यह पूरी तरह कुमाऊं की उपेक्षा होगी।

नौ नवंबर 2000 को राज्य गठन के समय राजधानी देहरादून में बनाई गई तो वहां विधानसभा, सचिवालय, एम्स, अधिकांशों विभागों के निदेशालय स्थापित हुए। वहीं कुमाऊं-गढ़वाल मंडल में संतुलन बनाने के लिए नैनीताल जिले में हाईकोर्ट बनाई गई। इसी के साथ ही उच्च शिक्षा, समाज कल्याण, श्रम एवं सेवायोजन, डेयरी के निदेशालय भी बनाए गए। इधर, हाईकोर्ट के ऋषिकेश में शिफ्ट करने के सुझाव से लोगों में आक्रोश है। आम से विशिष्ट जनों का मानना है कि हाईकोर्ट के ऋषिकेश में शिफ्ट होने से कुमाऊं-गढ़वाल में संतुलन बिगड़ेगा। वैसे भी यहां जिन महकमों के निदेशालय हैं, उनके सक्षम अधिकारी देहरादून ही रहते हैं। इसी तरह वन विभाग की राज्य स्तरीय कुछ विंग देहरादून शिफ्ट हो गई और उनका पता भी नहीं चला। ऐसे में इनका औचित्य कम हो जाता है।

कुमाऊं में जैसे-तैसे करके एक हाईकोर्ट ही है यदि वह भी गढ़वाल मंडल में शिफ्ट हो जाती है तो कुमाऊं व गढ़वाल में आधारभूत संरचनीय, राजनैतिक, शासकीय संतुलन बिगड़ेगा। कुमाऊं के पास कुछ भी नहीं रहेगा और कुमाऊं की पूरी तरह उपेक्षा मानी जाएगी।





हाईकोर्ट की शिफ्टिंग नहीं होने दी जाएगी। यदि गढ़वाल मंडल से लोग नैनीताल आते हैं, कुमाऊं से भी लोग देहरादून जाते हैं। हाईकोर्ट भी ऋषिकेश चला गया तो यहां कुछ नहीं रहेगा। कुछ लोग हैं जिनकी मंशा है कि हाईकोर्ट शिफ्ट हो जाए लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।
–**मोहन पाठक**, राज्य आंदोलनकारी



हाईकोर्ट ने किसी की सुविधा को देखते हुए यह सुझाव दिया। इस पर बहुत से सुझावों से रिपोर्ट मांगी है तब फैसला होगा अभी इस पर अंतिम निर्णय नहीं होगा। यदि हाईकोर्ट ऋषिकेश शिफ्ट होता है तो कुमाऊं की उपेक्षा होगी। हाईकोर्ट शिफ्ट होना चाहिए लेकिन कुमाऊं में ही होना चाहिए।
–**बिंदेश गुप्ता**, हाईकोर्ट अधिवक्ता



उत्तराखंड एक छोटा सा राज्य है। यहां राज्य आंदोलनकारियों की मंशा के अनुरूप दोनों कुमाऊं व गढ़वाल मंडल को महत्व मिलना चाहिए। यदि एक मंडल में राजधानी तो दूसरे में हाईकोर्ट रहना न्याय संगत है। यहां दो–तीन राज्य स्तरीय ऑफिस थे उन्हें चुपचाप देहरादून पहुंचा दिया गया।
–**केदार पलड़िया**, राज्य आंदोलनकारी



यह दुर्भाग्य का विषय होगा कि यदि हाईकोर्ट को नैनीताल जिले से अन्यत्र शिफ्ट किया गया। पहले हाईकोर्ट नैनीताल जिले में शिफ्ट होनी थी अब ऋषिकेश शिफ्टिंग की बात हो रही है। इस मामले में जनपद के अधिवक्ताओं के साथ हूं।
–**सुमित हृदयेश**, हल्द्वानी विधायक कांग्रेस



जो भी निर्णय होगा विचार विमर्श के बाद ही होगा, एकतरफा कोई भी निर्णय नहीं लिया जाएगा।
– **बंशीधर भगत**, कालाढूंगी विधायक भाजपा



राज्य को दो भागों में बांटने की साजिश हो रही है। यदि हाईकोर्ट की दो बेंच होती है तो सचिवालय का भी एक दफ्तर कुमाऊं में भी होना चाहिए।
– **हुकुम सिंह कुंवर**, राज्य आंदोलनकारी



शुक्रवार को रामनगर में न्यायालय परिसर के बाहर धरना देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

#### हल्द्वानी बार एसोसिएशन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हल्द्वानी बार एसोसिएशन ने हाईकोर्ट की बेंच ऋषिकेश में स्थापित करने के आदेश का विरोध किया है। शुक्रवार को बार भवन में हुई बैठक में अध्यक्ष किशोर कुमार पंत ने कहा कि उच्च न्यायालय की पीठ को ऋषिकेश में बनाए जाने का पुरजोर विरोध किया जाता है। उच्च न्यायालय को नैनीताल जिले में ही रखने का अधिवक्ता समर्थन करते हैं। वक्ताओं ने कहा कि यदि भविष्य में उच्च न्यायालय जिले से बाहर बनाई गई तो कुमाऊं मंडल के सभी बार एसोसिएशन के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में जगत सिंह घुड़दौड़ा, सुरेश तिवारी, राम सिंह बसेड़ा, जेएस महतोलिया, गोविंद बिष्ट, बसंत जोशी, मनीष पांडे, विनोद जोशी, सोनू मेहता मौजूद रहे।



हल्द्वानी बार एसोसिएशन सभागार में बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष किशोर कुमार पंत। ● अमृत विचार

#### रामनगर के अधिवक्ताओं ने दिया न्यायालय परिसर के बाहर धरना

**रामनगर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं ने उत्तराखंड हाईकोर्ट को ऋषिकेश में स्थानांतरण किए जाने के विरोध में करते हुए रामनगर न्यायालय परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं का कहना था कि रामनगर में उत्तराखंड हाईकोर्ट को बनाये जाने के लिए प्रयाप्त भूमि है तथा पूर्व से भी उत्तराखंड हाईकोर्ट नैनीताल जनपद में बनाए जाना प्रस्तावित था फिर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी ने कहा कि रामनगर बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता 16 मई तक काली पट्टी बांधकर कर कार्य करेंगे तथा विरोध जारी रखा जाएगा। साथ ही अन्य बार एसोसिएशन से वार्तालाप कर 16 मई को बैठक कर रणनीति तैयार की जाएगी। संचालन बार सचिव संतोष देवरानी ने तथा अध्यक्षता ललित मोहन तिवारी ने की। रामनगर बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ताओं ने उत्तराखंड हाईकोर्ट को ऋषिकेश स्थानांतरित होने से रोके जाने के विरोध में उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखंड शासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सुरेश चंद्र नैनवाल, जावेद अख्तर, बालम सिंह बिष्ट, जगतपाल सिंह रावत, सुखदेव सिंह, गणेश कुमार गगन, बलवंत सिंह, बृजेश शुक्ला रहे।

---

# रंगाई-पुताई करने वाला ही निकला बाइक चोर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मूल रूप से रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी एक युवक हल्द्वानी में रहकर रंगाई-पुताई का काम करता था। वह पिछले कुछ दिनों से शहर में बाइकें चोरी कर रहा था। पकड़े जाने पर उसके पास से पुलिस को पांच चोरी की बाइकें मिली हैं।

शुक्रवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने किया। उन्होंने बताया कि शहर में बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ रही थीं। बीती सात मई को डहरिया निवासी एक व्यक्ति की बाइक डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल के पास से चोरी हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले तो चोरी की मोटर साइकिल के साथ एफटीआई रोड के पास से आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम साहिल (23) मूल निवासी अजीतपुर वार्ड नंबर एक सरायवली मस्जिद रामपुर बताया।



उसने बताया कि वह वर्तमान में हल्द्वानी के बनभूलपुरा में रहता है और रंगाई-पुताई का काम करता है। ज्यादा रुपये कमाने के लालच में उसने बाइकें चोरी करना भी शुरू कर दिया। आरोपी ने सबसे पहले बीती चार दिसंबर को दमुवाढूंगा पनचक्की से हीरो स्पेंलडर मोटर साइकिल चुराई। इसके बाद उसने एक के बाद एक पांच मोटर साइकिलें चुरा लीं। एसटीएच के पास से आरोपी ने दो मोटर साइकिल चोरी की थीं। पुलिस को आरोपी के पास से पांचों मोटर साइकिलें विभिन्न स्थानों से बरामद हुई हैं। आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

#### वाहनों को बेचने से पहले ही पुलिस ने धर दबोचा

**हल्द्वानी :** साहिल ने मास्टर चॉबी बनाई थी। जिसकी मदद से वह मोटर साइकिल चुराता था। उसने जब पहली मोटर साइकिल चुराई तो उसे किसी स्थान पर छुपा दिया। फिर बाद में उस मोटर साइकिल से दूसरी मोटर साइकिल चोरी करने के लिए रैकी करता था। जब वह दूसरी मोटर साइकिल चोरी करने गया तो उसके पास अपनी पहली चोरी की हुई मोटर साइकिल को खड़ा कर दिया। फिर कुछ समय बाद उस बाइक को भी ले जाता। उसने बताया कि वह मोटर साइकिलों को धीरे–धीरे बेचने की फिराक में था, लेकिन उससे पहले ही वह पुलिस की गिरफ्त में आ गया।

---

# बिजली, पानी, महंगाई और वनाग्नि पर फूटा गुस्सा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बिजली, पानी, महंगाई और वनाग्नि के मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष प्रकट किया है।

शुक्रवार को विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में कार्यकर्ता एसडीएम कोर्ट पहुंचे। जहां उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी के माध्यम से मुख्यमंत्री को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भेजा। इस दौरान विधायक सुमित ने कहा कि भाजपा सरकार में भीषण गर्मी के समय भी बिजली काटी जा रही है। बिजली के बिलों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है।



सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंपते विधायक सुमित हृदयेश व अन्य कांग्रेसी।

गर्मी के दिनों में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई है। हर दूसरे दिन नलकूप फुंक रहे हैं। वनाग्नि से वन संपदा नष्ट होने के साथ-साथ कुमाऊं मंडल के पर्यटन कारोबार पर भी विपरीत असर पड़ा है। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि ऐसा कहीं नहीं लग रहा है कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर रहे हैं। महिला महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी ने कहा कि भाजपा सरकार जनता पर लगातार महंगाई का बोझ लाद रही है। इस दौरान मलय बिष्ट, सतीश नैनवाल, डॉ. मयंक भट्ट, ललित जोशी, मुकुल बल्यूटिया, जया कर्नाटक, राधा आर्य, भगवती जोशी, भागीरथी बिष्ट, कुंदन नेगी, जाकिर हुसैन, राजू बिष्ट, गोविंद बगडवाल, हेमंत साहू, योगेश जोशी मौजूद रहे।

---

# अब कॉलटैक्स में जल संस्थान का नलकूप फुंका

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गर्मी में नलकूपों के खराब होने का सिलसिला जारी है। सिंचाई विभाग के तीन नलकूप के बाद अब कॉलटैक्स में जल संस्थान का नलकूप भी फुंक गया है।

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का हाहाकार बढ़ता जा रहा है। लामाचौड़, गौलापार और पदमपुर निगल्टिया क्षेत्र में पिछले 5 दिनों से नलकूप खराब हैं। इस कारण 250 से अधिक परिवारों के लोग परेशान हैं। जल संस्थान टैंकर भेजकर आपूर्ति कर रहा है। वहीं अब कॉलटैक्स में जल संस्थान का नलकूप खराब हो गया है। क्षेत्र के लोगों को दूरदराज के क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। लोग निजी खर्च से टैंकर मंगवा कर पानी की दैनिक जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। इधर, नलकूप खंड के एई उमेश कुमार ने बताया कि नलकूपों की मरम्मत का काम तेजी से चल रही है। जल्द ही नलकूपों को ठीक कर पानी की आपूर्ति सुचारू हो जाएगी।

---

पर्व | अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर लोगों ने राशियों के अनुसार भी खरीदी वस्तुएं, ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी हुई बिक्री

# अक्षय तृतीया पर जमकर हुई सोने–चांदी की खरीदारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को बाजार गुलजार रहा। लोगों ने जमकर खरीदारी की। सबसे ज्यादा रौनक सर्राफा की दुकानों में देखी गई। महिलाओं ने सोने-चांदी के आभूषण खरीदे। वहीं ऑटो मोबाइल के सेक्टर में भी खासी रौनक दिखी।

अक्षय तृतीया पर स्वर्ण आभूषण, वाहन व अन्य वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। जिसके तहत शुक्रवार को लोगों ने जमकर खरीदारी की। अन्य दिनों के मुकाबले सर्राफा की दुकानों पर सोने की ज्वैलरी खरीदने वालों की खासी भीड़ दिखी। अंगूठी, टॉप्स, हसुली, कड़े, पैंडिल, पायल, झुमके, हार, कंगन, नथ, गलोबंद, टीका आदि के लेटेस्ट डिजाइन लोगों ने काफी पसंद किए। साथ ही चांदी के आभूषण भी खरीदे। बाजार में खरीदारी करनी आई महिलाओं ने कहा कि सोना खरीदने से सुख-संपदा बढ़ती है।

आने वाले दिनों में सोना और महंगा हो सकता है, इसलिए उन्होंने सोने की खरीदारी की।

दुकानदारों ने बताया कि कुछ लोगों ने पहले से ऑर्डर दिए थे। वे अक्षय तृतीया पर उन्हें खरीदने पहुंचे। इसके अलावा कई लोगों ने सोने की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर निवेश के हिसाब से भी सोना खरीदा। वर्तमान में सोने की कीमत 72 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम है।

इधर, दोपहिया व चार पहिया वाहनों की अच्छी-खासी बिक्री हुई। ऑटो मोबाइल सेक्टर की ओर से मिली जानकारी के अनुसार अधिकतर लोगों ने गाड़ियों की बुकिंग पहले से की थी और उन्हें इसी दिन का इंतजार था।



हल्द्वानी के एक शोरूम में जेवरात खरीदती महिला। ● अमृत विचार



बाजार में अच्छी रौनक रही और लोगों ने जमकर खरीदारी की। वर्तमान में सोने के भाव में गिरावट है, इसलिए लोगों ने निवेश के तौर पर भी सोना खरीदा। – **सुधीर जैन**, जैन ज्वैलर्स



लोगों ने ऑफर के आधार पर ज्यादा खरीदारी की। कारोबार उम्मीद के अनुरूप ही रहा। सोने के आभूषणों की बिक्री अधिक हुई। – **सोनू खत्री**, गुनगुन ज्वैलर्स

---

### बनभूलपुरा हिंसा के आरोपियों की हुई पेशी

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा हिंसा के 97 आरोपियों की शुक्रवार को पहली बार जेल से निकलकर जजी कोर्ट में पेशी के लिए ले जाए गए। सेशन कोर्ट में इनकी पेशी हुई।
बनभूलपुरा हिंसा मामले में दर्ज हुए तीन मुकदमों के 125 आरोपी हल्द्वानी उप कारागार में बंद हैं। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं। तीनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ाने को कोर्ट में तीन दिन पहले प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। इसी सुनवाई पर पेशी के लिए 97 आरोपियों को जजी कोर्ट लाया गया था। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि देर रात तक चली सुनवाई के बाद सभी आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच हल्द्वानी जेल भेज दिया गया।

### गन्ना सेंटर में गांव हरिपुर जमन सिंह के राजकीय प्राथमिक विद्यालय का हाल, एक कक्षा कक्ष में पढ़ते हैं दो कक्षाओं के छात्र

# पांच गांवों के 70 बच्चों को पढ़ाने का जिम्मा मात्र 3 शिक्षकों पर

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी



राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिपुर जमनसिंह में पढ़ाई करते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर से लगभग नौ किलोमीटर दूर गन्ना सेंटर के हरिपुर जमन सिंह गांव में राजकीय प्राथमिक विद्यालय संचालित होता है। इस विद्यालय में आसपास के करीब 5 गांवों से 70 बच्चे पढ़ने आते हैं, लेकिन इन्हें पढ़ाने की जिम्मेदारी मात्र तीन शिक्षकों के ऊपर है।

शुक्रवार की सुबह 'अमृत विचार' की टीम राजकीय प्राथमिक विद्यालय पहुंची तो पाया कि एक कक्षा में दो कक्षाएं संचालित हो रही थीं। एक कक्षा कक्ष में 1 व 2 तथा दूसरे कक्ष में 4 व 5 कक्षा के छात्र एक साथ बैठकर पढ़ाई कर रहे थे। विद्यालय परिसर में अतिरिक्त कक्ष न होने के कारण बच्चों को पढ़ाने के लिए यह व्यवस्था की गई थी। हालांकि विद्यालय प्रबंधन ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण की उच्च अधिकारियों से मांग की है।

इस विद्यालय में चांदनी चौक गढ़वाल, कालीपुर समेत अन्य गांवों के करीब 70 बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। जिन्हें पढ़ाने के लिए वर्तमान में 3 ही शिक्षक मौजूद हैं। एक शिक्षक की और आवश्यकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्य ज्योति किरण ने बताया कि बीते दिनों एक अध्यापक का देहांत होने के चलते पद खाली हो गया है। पद के रिक्त होने की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। वहीं विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए भोजन बनाने को दो भोजन माताएं हैं। विद्यालय में नए सत्र की किताबें आ गई है, जिन्हें बच्चों को वितरित किया जा रहा है।

#### शौचालयों की सफाई न होने से परेशानी

**हल्द्वानी :** विद्यालय परिसर में बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था की है, लेकिन सफाई दुरुस्त न होने के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्यालय प्रबंधन कई बार सफाई कर्मी उपलब्ध कराने को पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन अभी तक समस्या का हल नहीं निकल पाया है।

#### स्मार्ट बोर्ड से लेकर लाइब्रेरी तक की सुविधा

**हल्द्वानी :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ड बोर्ड से लेकर लाइब्रेरी तक की सुविधा उपलब्ध है। अध्यापक समय-समय पर विद्यालय में रचनात्मक क्रियाओं का आयोजन करते रहते हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई के प्रति रूचि में और वृद्धि हो सके। चित्रकला, संगीत, खेल व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन समय-समय पर होता है।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी वितरित होंगी पुस्तकें

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नए शिक्षण सत्र के शुरू होने के बाद भी राजकीय विद्यालयों में शिक्षा विभाग की ओर से निशुल्क पुस्तकें नहीं मिली हैं। जबकि कुछ दिनों बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश होने वाला है। ऐसे में शिक्षा विभाग का दावा है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी निशुल्क पुस्तकें वितरित की जाएंगी।

शैक्षिक सत्र 2024-25 में राजकीय और सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में पुस्तकें देने का काम शुरू हो गया है। विद्यालयी शिक्षा के महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने जारी पत्र में कहा कि पाठय पुस्तकें छपवाने का काम जारी है। 25 मई तक जिले के मुख्यालयों और भंडार गृहों में सभी पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति कर दी जाएगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश 26 मई से शुरू हो जाएगा। इसलिए अवकाश के दौरान भी पुस्तकें उपलब्ध कराने का काम किया जाएगा। उन्होंने सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पुस्तकों के भंडारण के साथ ही अवकाश के दौरान भी पुस्तकें वितरित करने की व्यवस्था करें। उल्लेखनीय है कि नया सत्र शुरू हुए करीब सवा माह का समय हो गया है। इसके बावजूद शिक्षा विभाग राजकीय विद्यालयों में निशुल्क पुस्तकों की व्यवस्था नहीं करवा पाया है। शिक्षा विभाग स्वयं कह रहा है कि पुस्तकें देने का काम ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी किया जाएगा। ऐसे में अनुमान है कि कई विद्यार्थियों को पुस्तकें सत्र शुरू होने के दो माह बाद ही मिल पाएंगी।

# मांगें पूरी नहीं होने तक जारी रहेगा कार्य बहिष्कार

### वन विकास निगम के कर्मचारियों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी

संवाददाता, रामनगर



कार्य बहिष्कार के दौरान आउटसोर्स कार्मिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड वन विकास निगम रामनगर के सभी आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्ति स्वीकृति न मिलने से ऐसे कार्मिकों ने बुधवार से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। शुक्रवार को भी कार्मिकों ने कार्य बहिष्कार के साथ नाराजगी जताई। आउटसोर्स कार्मिकों ने कहा कि शासन से स्वीकृति न आने से उन्हें अप्रैल 2024 के वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। आर्थिक संकट से जूझ रहे ऐसे कार्मिकों को मजबूरी में कार्य बहिष्कार करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि वेतन का भुगतान और स्वीकृति प्राप्त नहीं मिलने तक आउटसोर्स कार्मिक कार्य बहिष्कार जारी रखेंगे।

आउटसोर्स कार्मिकों ने यह भी बताया कि पश्चिमी क्षेत्र के सभी लौगिंग प्रभागों में फील्ड के आउटसोर्स कार्मिकों को अक्टूबर 2023 से स्वीकृति न मिलने के कारण वेतन नहीं मिला हैं। ऐसे सभी कार्मिक गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। वेतन भुगतान न होने के कारण वेतन से काटे जाने वाली ईपीएफ धनराशि भी ईपीएफओ के खाते में समय से जमा नहीं हुयी है, इसका कार्मिकों को अर्थदंड देना होगा। वेतन न मिलने के कारण कर्मचारी राज्य बीमा निगम की धनराशि का भुगतान भी नहीं हुआ है।

ऐसे में आउससोर्स कार्मिकों के सामने अस्वस्थता की स्थिति में उपचार कराने का संकट पैदा हो गया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि एक ओर वन निगम हमसे लगातार कार्य ले रहा है और वेतन का भुगतान मांगने पर अधिकारी चुप्पी साध लेते हैं। उन्होंने चेताया कि कार्य बहिष्कार के कारण कार्यों पर प्रतिकूल असर की जिम्मेदारी उत्तराखण्ड वन विकास निगम के प्रबन्धन की होगी। इस दौरान दीपक सजवान, हिमांशु तिवारी, अमित कुमार, हरीश रोतेला, महेश चन्द्र, कमलेश बिष्ट, गजेंद्र, मोहित रावत, महिपाल, समीर अली, माया रावत, शिवानी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## हर दिन बंद हो रहे 2 से 3 बिजलीघर, आठ घंटे की कटौती

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक माह से लाइन मरम्मत और पेड़ों की लॉपिंग के नाम पर बिजली कटौती हो रही है। जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जानकारी के मुताबिक ऊर्जा निगम के 9 में से 2-3 बिजलीघर हर दिन बंद हो रहे हैं। जिससे 7 से 8 घंटे की कटौती हो रही है।

शुक्रवार को सुभाष नगर व काठगोदाम बिजली उपकेंद्रों से करीब 7 घंटे तक बिजली गुल रही। जिसके चलते नवाबी रोड व मुखानी क्षेत्र में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बिजली न होने के कारण पानी की मोटर नहीं चल पाई, जिससे कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही। इसके अलावा शहर के अधिकांश क्षेत्रों में लो-वोल्टेज की भी समस्या रही। इधर, बिजली विभाग के शहरी विद्युत वितरण खंड के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि पूर्व में ही बिजली कटौती का रोस्टर जारी कर दिया गया था। लाइनों की मरम्मत के चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। काम पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति फिर से सुचारू कर दी जा रही है।

# स्कूल में शौचालय और सड़क बनाने की मांग



जिला पंचायत सदस्य को ज्ञापन देते समाजसेवी गोविंद बल्लभ भट्ट। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार :** समाजसेवी व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य गोविंद बल्लभ भट्ट की ओर से शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज में हाईवे से स्कूल प्रांगण तक सीसी मार्ग एवं तीन सुलभ शौचालय बनवाने की मांग की। इसको लेकर जिला पंचायत सदस्य कमलेश चंदोला को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन के परिप्रेक्ष्य में जिला पंचायत सदस्य चंदोला का कहना है कि मामला विद्यालय और छात्र-छात्राओं के हितार्थ है। लिहाजा वह उक्त समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे राजकीय इंटर कालेज को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर उसे अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज का दर्जा तो दिया गया, किंतु राजमार्ग से विद्यालय प्रांगण तक तक पहुंच मार्ग और स्कूल के शौचालयों की जीर्णशीर्ण हालत पर ध्यान नहीं दिया गया। परिसर में शिक्षकों के आवास भी स्थित हैं, जिसके चलते आवास में रह रहे गुरुजनों को भी बारिश के समय जलमग्न सड़क के चलते समस्याओं से जूझना पड़ता है।

## सार-संक्षेप

### निकाय चुनाव के लिए दावेदारों की सूची बनाकर भेजें

**लालकुआं :** स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने लालकुआं पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चर्चा की। बैठक नगर के एक होटल में संपन्न हुई जिसमें जिलाध्यक्ष नैनीताल प्रताप बिष्ट और क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट भी मौजूद रहे। बैठक में कहा कि नगर के सभी वार्डों में ओबीसी, अनुसूचित जाति व सामान्य वर्ग के महिला पुरुष दावेदारों की क्रमश: तीन नाम की सूची बनाकर जिला कार्यालय को भेजें। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भी तीन-तीन नामों की सूची बनाने को कहा। इस अवसर पर वरिष्ठ युवा भाजपा नेता दीपेंद्र कोश्यारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट, महामंत्री सुरेंद्र लोटनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, बॉबी संभल, संजय अरोड़ा, संजीव शर्मा, हरीश नैनवाल, प्रमांशु श्रीवास्तव, तारा पांडे, जीवन कबड़वाल, लाल चंद्र सिंह, अरुण प्रकाश वाल्मीकि, प्रेमनाथ पंडित, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, राजलक्ष्मी पंडित, इस्तकार अंसारी मौजूद रहे।



लालकुआं में कार्यकर्ताओं से राय शुमारी करते प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व अन्य।

### अवैध खनन में ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

**रामनगर :** तराई पश्चिमी वन प्रभाग की टीम ने शुक्रवार दोपहर गुलजारपुर गेट के पास अवैध खनन करने में ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्या ने बताया कि रामनगर रेंज क्षेत्र में वन सुरक्षा बल टीम और गुलजारपुर वन चौकी स्टाफ की संयुक्त टीम ने कोसी नदी में ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी। इसे सीज कर गुलजारपुर वन चौकी परिसर में खड़ा किया गया है।

### वनाग्नि को लेकर जागरूक किया

**रामनगर :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को वनों और वन्यजीवों की आग से सुरक्षा पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्या ने बताया कि गोष्ठी में वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के सहयोग से जंगलों को आग से बचाने पर जोर दिया। आग लगने की स्थिति में वन विभाग को तुरंत सूचित करने का आह्वान किया गया।

### होटल का किराया दिए बिना युवती साथ भागा अधेड़, हंगामा

**हल्द्वानी/बरेली :** काठगोदाम से लखनऊ एक्सप्रेस में शुक्रवार दोपहर एक अधेड़ शख्स और युवती के कारण जमकर हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ। युवती के साथ नैनीताल घूमने गया शख्स होटल का किराया दिए बिना ही फरार हो गया। जिसके बाद होटल मालिक ने पीछा कर दोनों को किच्छा स्टेशन पर पकड़ लिया। अधेड़ शख्स ने 139 पर शिकायत की तो ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात रहा बरेली सिटी आरपीएफ का स्टाफ पहुंचा, मामला समझ आया तो अधेड़ शख्स और युवती को किच्छा स्टेशन पर ही उतार लिया गया। पूरा मामला ट्रेन संख्या 15044 काठगोदाम-लखनऊ एक्सप्रेस का है। हल्द्वानी से ट्रेन के एस-1 कोच में सवार हुए अधेड़ शख्स और युवती को किच्छा स्टेशन पर कुछ लोगों ने रोक लिया तो काफी हंगामा हुआ। यात्री ने 139 पर पूरे मामले की सूचना दी तो आरपीएफ भी मौके पर पहुंच गई। पूछताछ में पता चला कि ट्रेन में सवार हुआ शख्स युवती के साथ हल्द्वानी के एक होटल में रुका था। दो दिन होटल में रुकने और नंधौर में जंगल सफारी का कुल 15 हजार रुपये किराया हुआ। जिसे दिए बिना ही यह दोनों होटल से चले गए।

# गो माता को समर्पित किए 56 भोग

संवाददाता, रामनगर



गो माता की आरती करते आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीया पर श्री हरि शरणं सेवा समिति रामनगर की ओर से श्री कामधेनु गोविंद गोधाम पूछडी में गो माता का प्रथम बार छप्पन भोग भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के फल, सब्जियां, मेवा, अनाज, रोटी , पराठा, पूरी, पेय पदार्थ, मिठाइयों का भोग गो माताओं को लगाया गया। समिति के सचिव शलभ मित्तल की ओर से बताया गया कि 6 मई 2022 से प्रत्येक शुक्रवार एवं विशेष पर्वों पर श्री कामधेनु गोविंद गोधाम में निराश्रित गोमाता का भंडारा निरंतर किया जा रहा है। कार्यक्रम में कथा व्यास शशांक भारद्वाज रहे।

उन्होंने कहा कि पुराणों में कहा गया है कि जो मनुष्य गो माता के खुर से उड़ी हुई धूलि को सिर पर धारण करता है, वह मानों तीर्थ के जल में स्नान कर लेता है और उसे सभी पापों से छुटकारा मिल जाता है। इस दौरान संजीव मित्तल, पूर्व पालिकाध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी, कुलदीप अग्रवाल, प्रदीप मेहरोत्रा, शलभ मित्तल, प्रखर मित्तल, अनुज हुंडीवाल, अशोक अग्रवाल, अनुज गोयल, बिशन शर्मा, विवेक अग्रवाल, नीरज देवल, सुनील देवल, अजय गोयल मौजूद रहे।



56 भोग ग्रहण करतीं गायें। ● अमृत विचार

# दीक्षांत स्कूल में छात्र परिषद का अलंकरण समारोह मनाया

संवाददाता, हल्द्वानी




कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथि व छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को छात्र परिषद का अलंकरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कविता पांडे (डीन फैकल्टी ऑफ फिजिक्स), स्कूल के प्रबंधक समित टिक्कू, शैक्षणिक डायरेक्टर स्मृति टिक्कू, प्रधानाचार्य रूपक पांडे ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समारोह के दौरान स्कूल के छात्र प्रमुख, छात्रा प्रमुख व सभी सदन (अग्नि, व्योम, वरुण व वायु) के प्रमुख सदस्यों व सहायक सदस्यों ने परेड कर अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान छात्र प्रमुख रितेश रुवाली, छात्रा प्रमुख गौरिका जोशी, शैक्षणिक कप्तान दीपांशी महर व स्वास्तिक पांडे, सामाजिक सहायका कप्तान मुद्रिका बिष्ट व श्रेयस गोयल, सांस्कृतिक प्रमुख प्रज्ञा पांडे व इक्सित शर्मा, खेल प्रमुख निकिता गड़िया व मंथन सामंत, वाद विवाद प्रमुख संस्कृति पटवाल व वृंदा सिंह, प्रत्येक सदन के प्रीफिक्स को अलंकरण पट व बैज पहनाया गया। जिससे वे पूर्ण वर्ष अपना कार्यभार उचित प्रकार से संभालें और स्कूल में अनुशासन में अपनी अहम भूमिका निभाएं। अंत में प्रबंधक समित टिक्कू ने सभी का आभार जताया।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

### अक्षय तृतीया पर मेधावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

**लालकुआं :** मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से लालकुआं में अक्षय तृतीया पर सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ अन्य प्रतिभाशाली बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तराखंड में मेरिट में स्थान हासिल करने वाली आयुषी भट्ट को शील्ड मेडल व मंगल पट्टिका पहना कर सम्मानित किया गया, जबकि हाई स्कूल में शानदार प्रदर्शन के लिए अभिनव पंत तथा वैष्णवी गुप्ता को भी मेडल शील्ड एवं मंगल पट्टी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवी जगदीश चंद्र अग्रवाल, महावीर जैन, शंभू दत्त नैनवाल, स्वामीनाथ पंडित, प्रेमनाथ पंडित, रणविजय सिंह, भुवन पांडे, देव भूमि व्यापार मंडल के हुकम सिंह कुंवर, श्याम सिंह नेगी, समाजसेवी पंकज जायसवाल, रमेश चंद्र मिश्रा, राजलक्ष्मी पंडित आदि थे।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते संत महात्मा।

तैयारी | नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय हीरानगर का किया निरीक्षण

# मतदान केंद्र पर रखी जाए मतदाता सूची

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- वार्ड में 300 से 400 लोगों के नाम सूची में दर्ज नहीं होने की मिली थी शिकायत
- अधिकारियों को दिए निर्देश



राप्रावि हीरा नगर का निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सहायक निर्वाचन अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने हीरानगर वार्ड में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाता सूची में नाम संशोधन, जुड़वाने और हटाने के लिए जरूरी निर्देश दिए।

वाजपेयी ने बताया कि हीरा नगर वार्ड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय हीरा नगर में चार-पांच बूथ हैं। इस वार्ड में 300-400 लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं होने की शिकायत मिली थी इसलिए संगणकों को मतदान केंद्र में रहने और नाम जोड़ने वालों को नियमानुसार मदद देने के निर्देश दिए। संगणक ने बताया कि अभी तक 30-35 आवेदन नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए आए हैं। इस पर उन्होंने कहा कि मतदाता सूची केंद्र पर रखी जाए। जो भी नाम जुड़वाने आए तो उसका आवेदन फार्म भरवा कर त्वरित कार्रवाई की जाए।

इसी के साथ ऐसे युवा जो 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, वे भी निकाय चुनाव में मतदान के लिए अर्हय हैं, उनका भी मतदाता पहचान पत्र बनाया जा सकता है।

#### नाम जुड़वाने के लिए देनी होगी गारंटी

नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि निकाय चुनाव में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रस्तावक होना चाहिए। यह प्रस्तावक उसी वार्ड का मतदाता होना जरूरी है। यदि प्रस्तावक बाहर का होता है तो वह मान्य नहीं होगा।

# सोसाइटी में सुविधाएं पूरी, बाहर सड़कें टूटी-फूटी

**छड़ायल सुयाल वार्ड-54 का हाल:- सड़क, पानी और रकसिया नाले से लोग आज भी परेशान**

**जनसंख्या: 08 हजार करीब | मतदाता: 06 हजार करीब**

**मुख्य कॉलोनियां :- निलियम कॉलोनी, फार्म नंबर 3, सिद्धेश्वर विहार, शिवाजी कॉलोनी, सत्यलोक कॉलोनी, नीलांचल कॉलोनी, सद्भावना एनक्लेव आदि**

वार्ड परिक्रमा

संवाददाता, हल्द्वानी





सफाई न होने के कारण रकसिया नाले में जमा गंदगी, खाली प्लाट में पड़ा कूड़े का ढेर और गणपति विहार की टूटी सड़क का हाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुखानी चतुर्थ छड़ायल सुयाल वार्ड 54 की ज्यादातर कॉलोनियों में कई हाईफाई सोसाइटी हैं। इन सोसाइटी में सभी सुविधाएं हैं, मगर बाहर सुविधाओं का टोटा है। सड़क, पेयजल और रकसिया नाले की वजह से लोग आज भी परेशान हैं।

वार्ड 54 पांच साल पहले तक ग्रामीण क्षेत्र था। नगर निगम में शामिल होने के बाद वार्ड की दशा में कोई सुधार नहीं आया है। यहां की ज्यादातर कॉलोनियों में बड़ी-बड़ी सोसाइटी हैं। इनके परिसर में कई सुविधाएं हैं, लेकिन बाहर सुविधाओं का टोटा है। गणपति विहार फेज-1 व 2 की मुख्य सड़क टूटी-फूटी है। आंतरिक मार्गों की हालत भी खराब है। एक जगह सड़क के बीचों बीच खुला गड्ढा दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है। इन सड़कों की दशा तब भी नहीं सुधर पाई, जबकि सत्तापक्ष से जुड़े लोग यहां रहते हैं।

नीलांचल व निलियम कॉलोनी में सड़कों की हालत ठीक है, मगर स्पीड ब्रेकरों की संख्या सीमित होने की वजह से दोपहिया व चार पहिया वाहन सवार तेज गति से चलते हैं। घरों के बाहर गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था भी कुछ ही कॉलोनियों में है। कुछ ही कॉलोनियों में पेयजल की सुविधा है। ज्यादातर में सुबह एक से दो घंटे ही पानी आता है। लोगों ने बताया कि अधिकतर सोसाइटी में कॉलोनाइजरों ने पेयजल की व्यवस्था नहीं की, इसलिए जनसंख्या बढ़ने से पेयजल संकट गहरा गया है। दबाव अधिक बढ़ने पर डहरिया व निलियम कॉलोनी आदि क्षेत्रों में लगे ट्यूबवेल अक्सर खराब हो जाते हैं।

## लोगों से बातचीत



गणपति विहार की सड़क का निर्माण होना है। अमृत जल योजना से पेयजल लाइन बिछाई जानी है। अधिकारियों के बेलगाम होने से योजनाओं में देरी हो रही है।
-देवेश अग्रवाल



सोसाइटी में काफी सुविधाएं हैं, लेकिन बाहर सड़कें टूटी पड़ी हैं। कूड़ा गाड़ी एक दिन छोड़कर आती है। सफाई कर्मचारी बढ़िया काम करते हैं।
-अशोक डालाकोटी



धान मिल से निलियम और नीलांचल कॉलोनी में सड़कें व नालियां बनी हैं। स्ट्रीट लाइट की भी सुविधा ठीक है। लोगों को काफी सुविधा मिली है।
-मनमोहन बिष्ट



शिवाजी कॉलोनी में पेयजल की दिक्कतें हैं। गलियों में नालियां नहीं बनी होने से जलभराव होता है। स्ट्रीट लाइटें महीनों तक सही नहीं होती हैं।
-नीरज कश्यप



सफाई कर्मचारी महीने में एक बार आते हैं। स्ट्रीट लाइटें कुछ ही जगहों पर लगी हैं, जहां पोल उपलब्ध नहीं हैं, वहां अंधेरा रहता है। पेयजल की भी समस्या है।
-श्याम सिंह कोरंगा



क्षेत्र में काफी बदलाव आए हैं। सड़कों की स्थिति में सुधार हुआ है, कुछ जगहों में शिलान्यास होने के बावजूद सड़कें नहीं बन पाई हैं, जिन्हें जल्द बनाया जाना चाहिए।
-कुंदन सिंह अधिकारी

# समस्याओं को लेकर डीएम से मिले विधायक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मानसून सीजन में लालकुआं की विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने डीएम वंदना से मुलाकात की। डीएम ने बताया कि सिंचाई, लोनिवि और अन्य विभागों को आपदा के मद्देनजर अतिसंवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर आगणन तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, जिनकी तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद काम शुरू होगा।

विधायक बिष्ट ने कहा कि लालकुआं में आवारा गोवंशीय पशुओं से जान-माल का खतरा है। किसानों की फसलों को आए दिन नुकसान पहुंच रहा है। विधानसभा क्षेत्र के 25 एकड़, राजीव नगर, बंगाली कॉलोनी में बरसात के समय वन निगम डिपो नंबर 3 में पानी की निकासी नहीं होने से आवासीय कॉलोनियों में घरों में जलभराव हो जाता है। इस पर डीएम ने कहा कि पशुपालन और वन विभाग की ओर से पशुओं की टैगिंग की गई थी। इसकी सहायता से मालिकों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस बाबत नगर निगम, पशुपालन और प्रशासन को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए हैं। बताया कि आवासीय कॉलोनी में जलभराव से निजात को वन विकास निगम को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। सभी उपजिलाधिकारियों को बिजली, पानी, सड़क आदि विभागों की लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं।

# वनाग्नि की रोकथाम को जनसहभागिता जरूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने वनाग्नि पर चिंता जताते हुए कहा कि जंगलों के प्रति जन-सहभागिता की कमी एवं ग्रामीणों का जंगलों के संरक्षक होने के भाव का लोप होना भी वनाग्नि की बड़ी वजह है।

विधायक भगत ने कहा कि जिस राज्य के चिपको आंदोलन ने पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण की अमिट छाप छोड़ी, उस राज्य के वनों में लगातार वनाग्नि की घटनाओं से सबक लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1815 में अंग्रेजों की लागू की गई वन नीति से पूर्व वनों का प्रबंधन स्थानीय स्तर पर ही होता था। वनों का स्वामित्व और प्रबंधन पूर्णतः ग्रामीणों के ही हाथों में था जो सीधे वनों से ही जुड़े हुए थे। परिणाम स्वरूप वनों के संरक्षण की एक समृद्ध परंपरा भी विकसित हुई। वन, वणद्यो (वन देवता) के रूप में पूजे जाते रहे, बुग्यालों को ऐडि, अछरियों ( वनदेवियो - परियों ) का लोक मानते हुए, पैयाँ, पीपल,आदि कई प्रजाति के वृक्षों में देवताओं का वास बताकर इन सभी के संरक्षण पर जोर दिया गया। वनाग्नि पर ग्रामीण आग बुझाने में मदद करते थे। अब जंगलों में आग बुझाने को वन विभाग के कर्मचारी ही जूझते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वनाग्नि की स्वयं मॉनीटरिंग कर रहे हैं। विधायक भगत जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए जन जागरूकता , जन सहभागिता एवं पूर्व की भांति पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में महिला मंगल दलों की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया है।

### सीएम हर जिले में खुद वनाग्नि की कर रहे मॉनिटरिंग



**हल्द्वानी :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने कांग्रेस नेताओं के उस बयान को गैरजिम्मेदार बताया है जिसमें उन्होंने धामी सरकार पर वनाग्नि और पेयजल संकट पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। प्रवक्ता भगत ने कहा कि कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश और अन्य कांग्रेसी नेताओं का रवैया आपदा में अवसर ढूंढने का हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार हर जिले का स्वयं भ्रमण कर वनाग्नि रोकथाम और पेयजल की व्यवस्था सुचारू रहे इसके लिए कठोर परिश्रम कर रहे हैं। इस तरह की घटनाओं पर नियंत्रण भी कर लिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने बढ़ती गर्मी के बीच पेयजल की किल्लत न हो इसके लिए भी जिलाधिकारी स्तर पर एवं संबंधित विभागों को तत्काल पेयजल की आपूर्ति सुचारू रहने के निर्देश दिए हैं।

### मुंह में पानी डालकर आग बुझा रही सरकार: ललित



**हल्द्वानी :** एक महीने से उत्तराखंड के जंगल जल रहे हैं और सरकार चुनावी बंशी बजाने में व्यस्त है। भाजपा नेतृत्व की अकर्मण्यता से वन विभाग के अधिकारी सरकारी बंगलों में राजसी जीवन जी रहे हैं। सरकार को इस हिमालयी राज्य में आग के लिए ठोस नीति बनानी चाहिए कि जिस क्षेत्र के जंगल भारी मात्रा में जल रहे हैं उस क्षेत्र के अधिकारी के प्रमोशन में रेड इंट्री होनी चाहिए। ठोस नीति के बजाए सिर्फ आश्वासन और बयानों का कुल्ला कर आग बुझाने का ड्रामा सरकार कर रही है।

# गौलापार में परिवहन कार्यालय व ड्राइविंग स्कूल बनाने का विरोध

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य आंदोलनकारियों ने गौलापार में वन भूमि पर परिवहन विभाग का नया दफ्तर व मोटर ड्राइविंग स्कूल बनाए जाने का विरोध किया है। उन्होंने इस स्कूल को पर्वतीय जिले में बनाने की मांग की है।

राज्य आंदोलनकारी राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में राज्य आंदोलनकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि राज्य सरकार की गौलापार इलाके में परिवहन विभाग का नया दफ्तर व ड्राइविंग ट्रैक बनाए जाने की योजना प्रस्तावित है। जबकि जिले में 11 ड्राइविंग स्कूल संचालित हो रहे हैं। नए वाहनों का रजिस्ट्रेशन व अन्य दस्तावेजी प्रक्रिया वाहनों के शोरूम पर ही होता है। वाहनों की फिटनेस निजी हाथों में सौंप दी गई है। शुल्क वगैरह ऑनलाइन जमा होते हैं। ऐसे में वन भूमि पर परिवहन कार्यालय का दफ्तर खोलने और ड्राइविंग स्कूल बनाने का औचित्य नहीं रह जाता है। इस दौरान राजेंद्र सुयाल, दीपक रौतेला, एलडी तिवारी, राजकुमार यादव मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

# केजरीवाल को जमानत मिलने का स्वागत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के तीखे विरोध के बावजूद उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत दी है, जिसका भाकपा (माले) ने स्वागत किया है।

पार्टी के जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का आदेश इसकी तस्दीक करता है कि यह गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित थी और इंडिया गठबंधन के चुनावी अभियान को प्रभावित करने के लिए इसका समय निर्धारित किया गया था। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के चुनाव अभियान को निशाना बनाने के लिए ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का इस्तेमाल करने सहित सभी चालें भाजपा ने चली हैं।

# स्वरोजगार की चाह, मिल रहा सरकारी अनुदान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** स्वरोजगार करने के इच्छुक युवाओं के लिए राज्य सरकार कई योजनाएं चला रही है। उद्यान विभाग में भी बगीचा निर्माण, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, पॉलीहाउस आदि योजनाओं के तहत सरकार की ओर से अनुदान दिया जा रहा है। जिसके लिए इन दिनों हीरानगर स्थित उद्यान विभाग में आवेदन लिए जा रहे हैं।

योजना के तहत आम, लीची, अमरूद आदि फलों के आधा एकड़ क्षेत्र में बगीचा निर्माण के लिए 30 हजार रुपये और ड्रिप आधारित बगीचे के लिए 60 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा मधुपालन में एक व्यक्ति को दस बक्से 80 प्रतिशत के अनुदान पर मिलेंगे। जबकि मशरूम उत्पादन के लिए 3 टन बीजयुक्त खाद और पॉलीहाउस स्थापित करने के लिए भी 80 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा।

वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक भुवन कांडपाल ने बताया कि ज्यादातर योजनाओं में पहले आओ पहले पाओ के तहत लोगों को लाभ दिया जाएगा। योजना के तहत पिछले साल हल्द्वानी ब्लॉक में करीब 30 लोगों को मधुमक्खी पालन व 10 लोगों को मशरूम उत्पादन में स्वरोजगार से जोड़ा गया। पॉलीहाउस के लिए करीब 12 हजार वर्ग मीटर के प्रस्ताव विभाग के पास शेष हैं।

**कार्यक्रम** | मंगलपड़ाव से शुरू हुई शोभायात्रा, जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत, चंदौसी से आये कलाकारों ने निकाली झांकी

# श्री परशुराम जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा, झांकियों ने मोहा मन



श्री परशुराम और भारत माता के रूप में रथ पर सवार कलाकार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** श्री परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शुक्रवार को मंगलपड़ाव से शोभायात्रा का शुभारंभ ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष विशाल शर्मा व स्वामी रामाचारी महाराज ने किया। यात्रा में चंदौसी से आए कलाकारों ने बाबा महाकाल, भारत माता, श्री परशुराम की झांकी निकाली, जो आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा अग्रसेन तिराहा, महिला अस्पताल, हीरानगर तिराहा से होते हुए परशुराम चौक पर समाप्त हुई। इस बीच यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। हल्द्वानी व्यापार मंडल, युवा वैष्णव सभा, पंजाबी सभा, शिवसेना, फल आढ़ती एसोसिएशन, प्राचीन शिव मंदिर कमेटी एवं कई संस्थाओं ने शोभायात्रा को सफल बनाने में योगदान दिया। शोभायात्रा में नैनीताल, हल्द्वानी, काशीपुर, बाजपुर, रुद्रपुर, रामनगर के कई ब्राह्मणों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा में भारत माता का रोल योगिता बनोला व श्री परशुराम का अभिनय मुकेश जोशी ने अदा किया। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, रेनू अधिकारी, महेश शर्मा, राज्य मंत्री डॉ. अनिल डब्बू, पूर्व मेयर जोगेंद्र रौतेला, रूपेंद्र नागर, प्रमोद तोलिया, हेमचंद भट्ट, उमेश चंद जोशी, दीपक दीपिका गुड़िया, सुभाषिनी द्विवेदी, विशेष शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, विकास शर्मा मौजूद रहे।



शोभायात्रा के दौरान बैंड-बाजे की धुन पर नाचती महिलाएं। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मधुमेह विशषज्ञ डॉ. उत्तम साईं अस्पताल में सेवाएं देंगे



डॉ. उत्तम का स्वागत करते डॉ. मोहन सती।

**हल्द्वानी :** साईं अस्पताल मुखानी चौराहा में डॉ. उत्तम शेट्टीगर (एमडी मेडिसिन डायबिटोलॉजिस्ट) अब अपनी सेवाएं देंगे। अस्पताल के प्रबंधक बृजेश बिष्ट ने बताया कि डॉ. उत्तम मधुमेह रोग के विशेषज्ञ हैं और पूर्व में वह केवीआर अस्पताल काशीपुर व मैक्स अस्पताल देहरादून में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कहा कि उनके जुड़ने से अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में और भी गुणवत्ता आयेगी। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक डॉ. मोहन सती, डॉ. अलका सती, डॉ. मुकेश चंद्र जोशी, डॉ. चारु सी. वर्मा, डॉ. सिद्धार्थ पांडे, डॉ. नवीन लोहनी आदि ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### पैगाम ए इस्लाम कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**हल्द्वानी :** लाइन नंबर 17 में पैगाम ए इस्लाम कॉन्फ्रेंस का शुक्रवार को आयोजन हुआ। इसमें मुंबई से आए मौलाना सय्यद अमीनुल कादरी ने युवाओं में बढ़ रही नशे की बढ़ती लत को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज हमारी युवा पीढ़ी नशे के दलदल में धंसती जा रही है। नशे को लेकर युवाओं को खुद जागरूक होना होगा। इधर, कयादत अस्ताना मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मोहम्मद जाबिर मिस्बाही ने तकरीर में कहा कि मुसलमानों को अपने नबी और सहाबाओं के रास्ते पर चले मुसलमानों को अपनी जिंदगी में ज्यादा से ज्यादा दीन को उतारना जरूरी हैं।

### पीएम विश्वकर्मा योजना में लोगों की बढ़ रही दिलचस्पी

**हल्द्वानी :** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर लोगों में दिलचस्पी बढ़ रही है। नगर निगम कार्यालय में अब तक 5000 लोगों ने योजना के तहत आवेदन किया है, जिनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है। शहरी मिशन मैनेजर डॉ. आईपी पंत ने बताया कि योजना में नगर निगम को लाभार्थियों का चयन करना है, ताकि फर्जीवाड़े पर रोक लग सके। उन्होंने बताया कि योजना में नाई, कुम्हार, मूर्तिकार, सुनार, दर्जी आदि 18 परंपरागत व्यवसायों में चयनित पात्रों को उद्योग विभाग की ओर से निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान उन्हें 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा।



एकत्र किए गए कचरे को ट्रक से देहरादून भेजते वेस्ट वारियर्स के पदाधिकारी।

### रीसाइकिलिंग के लिए देहरादून भेजा कचरा

**रामनगर :** ग्रामीण अंचलों में पर्यटकों के कदम क्या पड़े वहां कचरे का ढेर लगना शुरू हो गया। अब गांव में आने वाले पर्यटकों को भी नसीहत देकर उन्हें जागरूक किए जाने की बेहद जरूरत है। शुक्रवार को ग्राम ग्राम पंचायत कानिया, क्यारी, ढिकुली, रिंगोडा, हिम्मतपुर डोटियाल, सवाल्दे पूर्व, सवाल्दे पश्चिम - क्षेत्र से वेस्ट वारियर्स के सदस्यों ने 3 .5 टन प्लास्टिक रीसाइकिलिंग कचरा एकत्र कर लिया। बता दें कि पर्यावरण सखियों और वेस्ट वारियर्स संस्था जिसके द्वारा रामनगर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायतों पर वन विभाग, ग्राम प्रधान, जिला प्रसाशन एवं पर्यावरण सखी के माध्यम से पिछले एक वर्ष से कचरा प्रबंधन कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को उनके द्वारा 3 .5 टन प्लास्टिक रीसाइकिलिंग कचरा एकत्रित कर देहरादून भेजा गया है। इस दौरान ग्राम प्रधान कानिया सुनीता घुघत्याल, ग्राम प्रधान गंगा गिरी और पर्यावरण सखियों के साथ ही मिताली, भुवन,भास्कर, राजेश, प्रदीप जीतू व सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश घुगत्याल मौजूद रहे।

### राजेंद्र सिंह बिष्ट व्यापार मंडल के स्थाई सदस्य बने



**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने बताया कि राजेंद्र सिंह बिष्ट उर्फ रज्जी को प्रदेश इकाई में स्थाई सदस्य नियुक्त किया गया है। वह कांग्रेस के सक्रिय नेता हैं एवं स्वतंत्रा संग्राम सेनानी परिवार से आते हैं। बिष्ट ने अपने मनोनयन पर संगठन का आभार जताया है। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, आफताब हुसैन, महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल, जिलाध्यक्ष राकेश बेलवाल, कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष जलाल, बृज मोहन सिजवली, पृथ्वी पाल रावत, डॉ. बालम सिंह बिष्ट, केदार पलड़िया, रमेश जोशी, खीम सिंह बिष्ट, भास्कर सुयाल, नेत्र बल्लभ जोशी, अतुल गुप्ता, कार्तिक दास, पंकज कुमार, बृज मोहन बिष्ट ने बधाई दी है।



रामनगर में स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों के साथ स्कूली बच्चे।

### 1857 के स्वत्रंत्रता संग्राम सेनानियों को किया याद

**रामनगर :** राजकीय इंटर ढेला में शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 1857 के स्वत्रंत्रता संग्राम के सेनानियों को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात : कालीन सभा में 1857 के अजीमुल्ला खां द्वारा लिखे गए गीत- हम हैं इसके मालिक से की गई। जिसको खुशी बिष्ट, कोमल सत्यवली और उनकी टीम ने गया। इसके बाद अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने कहा कि आज 1857 में हुए स्वतंत्रता संग्राम की 167वीं सालगिरह है। इतिहास की उस "साझी शहादत साझी विरासत "जिसने अंग्रेजी साम्राज्यवाद के "बांटो राज करो " की सोच को पलीता लगाकर देश को एकजुट कर दिया। कला शिक्षक प्रदीप शर्मा के दिशा निर्देशन में बच्चों की ओर से संग्रामियों के चित्र भी बनाए गए। इस मौके पर 1857 पर केंद्रित एक डाक्यूमेंट्री भी देखी गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्रीराम यादव, मनोज जोशी, सीपी खाती, नवेंदु मठपाल, संत सिंह, बालकृष्ण चंद, सुभाष गोला, शैलेंद्र भट्ट मौजूद रहे।



रामनगर में चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन देतीं महिलाएं।

### मालधन चिकित्सालय में बुनियादी सुविधाओं की मांग

**रामनगर :** महिला एकता मंच ने मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुनियादी सुविधाओं को तत्काल दिए जाने की मांग को लेकर सीएमओ को ज्ञापन भेजा। मंच काफी समय से अस्पताल की सुविधाओं को लेकर आंदोलनरत थी बीच में उन्होंने अपना आंदोलन स्थगित किया था। शुक्रवार को चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रशांत कौशिक के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को महिलाओं ने मांग पत्र दिया। वहीं डॉ. प्रशांत कौशिक ने बताया कि अस्पताल में ईसीजी की सुविधा उपलब्ध है। शीघ्र ही एक्स-रे मशीन भी आने वाली है। पैथोलॉजी जांच भी उपलब्ध है। वहीं महिला एकता मंच ने सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने पर लोग 8 जून को मालधन में बैठक कर आंदोलन तेज करने को बाध्य होंगे। इस दौरान भगवती देवी, लक्ष्मी देवी, गंगा शाह, पुष्पा चन्दोला, गीता आर्या, नीमा देवी, माया देवी, सरस्वती जोशी, कौशल्या चुनियाल, ललिता रावत, राजेन्द्र सिंह, ललित उप्रेती मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### आवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण कार्यक्रम शुरू

**रुद्रपुर :** पशु संरक्षण संगठन ह्यूमन सोसायटी इंटरनेशनल इंडिया की तरफ से रुद्रपुर में नगर निगम के सहयोग से शहर के आवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण के लिए शहर का एनिमल बर्थ कंट्रोल एबीसी कार्यक्रम शुरू किया गया है। सोसायटी इससे पूर्व देहरादून, ऋषिकेश, नैनीताल और मसूरी में कार्यक्रम करा चुकी है। डॉग मैनेजमेंट प्रोग्राम ह्यूमन सोसायटी इंटरनेशनल इंडिया के वरिष्ठ प्रबंधक डॉ.नीरज कुमार ने बताया कि संगठन की तरफ अगले दो वर्षों में 80 प्रतिशत नसबंदी व टीकाकरण कार्यक्रम पूरा करने का लक्ष्य रखा हुआ है। सर्वे के अनुसार यहां रुद्रपुर में नसबंदी दर शून्य है, जिससे यह पता चलता है कि पहले एक भी कुत्ते की नसबंदी नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक संगठन की तरफ से अकेले उत्तराखंड में 51 हजार से अधिक आवारा कुत्तों का टीकाकरण व नसबंदी की जा चुकी है। रुद्रपुर नगर निगम के सिटी हेल्थ अफसर डॉ. हर्षपाल सिंह चंडोक ने कहा कि रुद्रपुर में एनिमल बर्थ कंट्रोल व एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम प्रभावी बनाए जाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया गया है। रुद्रपुर में वार्ड नंबर 25 फाजलपुर महरौला में एबीसी सेंटर बनाया गया है। आने वाले दिनों में इसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

### सीएम से की पूर्व विधायक का मानसिक इलाज कराने की मांग



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता करते किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़।

**किच्छा :** किच्छा के कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ के खिलाफ विगत दिनों भाजपा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा जनसभा में दिए गए आपत्तिजनक बयान का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर शुक्ला का उच्च स्तरीय मानसिक चिकित्सालय में चेकअप कराने तथा उत्तराखंड सरकार की तरफ से इलाज कराए जाने की मांग की है। इस दौरान विधायक बेहड़ ने मुख्यमंत्री धामी को पत्र सौंपते हुए भाजपा नेता राजेश शुक्ला द्वारा ग्राम नजीबाबाद में जनसभा के दौरान उनके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने की शिकायत की। सीएम धामी से भेंट वार्ता के दौरान विधायक बेहड़ ने किच्छा में विकास की योजनाओं के बारे में भी विस्तृत चर्चा की।

### नगला पालिका चेयरमैन के लिए दो ने की दावेदारी



दावेदारी प्रस्तुत करते लवकुश शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

**पंतनगर :** निकाय चुनावों की सुगबुगाहट तेज होते ही संभावित उम्मीदवारों ने भी अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर क्षेत्र में जनसंपर्क शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को युवा समाजसेवी और ठेकेदार अतुल वर्मा ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ विधायक तिलकराज बेहड़ के आवास पर उनसे मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी की ओर से नगला नगरपालिका के अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। इस दौरान महेश राम, हरिकेश, गुरप्रीत सिंह गिल, जयवीर सिंह, शिवेंद्र चैहान, जीत वाल्मीकि, सुरेंद्र वाल्मीकि, अतीक, बलराम व सुनील भारती आदि मौजूद थे। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष लवकुश शर्मा ने जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा को पत्र सौंपकर नगला नगरपालिका के चेयरमैन पद पर अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि वह 11 फरवरी 1978 से कांग्रेस संगठन में पूर्ण निष्ठा के साथ सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जुड़े हैं। उनके साथ अजय चैहान, हर्षवर्धन तिवारी व सुरेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद थे।

### ट्रंचिंग ग्राउंड में प्लांट लगा नगर निगम कूड़े से बनाएगा टाइल्स

**काशीपुर :** शहर से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे से नगर निगम टाइल्स एवं ईंट बनाएगा। इससे निगम को कूड़े से भी कमाई होगी। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि शहर से प्रतिदिन करीब 30 से 60 टन कचरा निकल रहा है। इतनी मात्रा में शहर से निकलने वाले कचरे को डंप करना नगर निगम के लिए चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए नगर निगम टाइल्स एवं ईंट बनाने की यूनिट स्थापित करने की योजना पर काम कर रहा है। बताया कि ट्रंचिंग ग्राउंड में एमआरएफ यानी मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर पर कूड़े से निकलने वाले सॉलिड वेस्ट मैटेरियल से टाइल्स बनाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

### 9 नग के रवन्ने पर ट्रॉली में मिली 21 नग लकड़ी

**खटीमा :** वन निगम की लकड़ी ढो रही जिस ट्रैक्टर ट्राली को वनकर्मियों ने कब्जे में लिया था। शुक्रवार को लकड़ी उतारकर उसमें लदे नगों की गिनती की गई। इसमें कुल छोटे-बड़े 21 नग लकड़ी के गिल्टे बरामद हुए। वन निगम द्वारा सुरई रेंज की लाट संख्या 59 से कटे हुए पेड़ों की निकासी कराकर ट्रैक्टर ट्रालियों से टनकपुर भिजवाया जा रहा था। इसी क्रम में बृहस्पतिवार देर शाम लकड़ी लेकर एक ट्रैक्टर ट्राली खटीमा रेंज के लोहियाहेड बैरियर पर पहुंची। अधिक लकड़ी दिखने पर शुक्रवार को एसडीओ संचिता वर्मा और रेंजर एमसी जोशी की मौजूदगी में ट्रॉली को खाली कर नगों की गिनती की गई।

### 13 मई को निकाली जाएगी श्री जगन्नाथ जी रथयात्रा

**काशीपुर :** श्री प्रेम धाम देवालय स्थापना दिवस के द्वितीय वार्षिकोत्सव पर श्री जगन्नाथ जी रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा 13 मई को सायं 4 बजे से शुरू होकर श्री प्रेम धाम देवालय बुरा बताशा गली से मेन बाजार, छतरी चौराहा, रतन सिनेमा रोड, डॉक्टर लाइन होते हुए वापस देवालय में समाप्त होगी। जहां सायं 6 बजे हरिनाम संकीर्तन व आध्यात्मिक व्याख्यान के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

### हर ब्लॉक में होगा योजनाओं का प्रचार-प्रसार, अब तक जिले में मात्र 12 लाभार्थियों ने ही कराया है पंजीकरण

# यूएसनगर में 100 होम स्टे विकसित करने का लक्ष्य

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर में पर्यटकों को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस बार जिले में 100 होम स्टे विकसित कराने का लक्ष्य रखा गया है। आचार संहिता खत्म होने के बाद विभाग हर ब्लॉक में लाभकारी योजनाओं की फ्लेक्सी लगाएगा। साथ ही लगने वाले शिविरों के माध्यम से भी लोगों को होम स्टे में पंजीकरण कराने के लिए जागरूक करेगा।

दरअसल, सरकार ने स्थानीय लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराकर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के साथ ही पर्यटकों को सुविधा देने के लिए उत्तराखंड में होम स्टे योजना चला रखी है।



इसमें अतिथि उत्तराखंड गृह आवास होम स्टे पंजीकरण योजना वर्ष 2016 और दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास होम स्टे विकास योजना वर्ष 2018 से संचालित हो रही है। हालांकि योजना शुरू होने के बाद से अब तक होम स्टे पंजीकरण योजना के तहत 10 आवेदकों और होम स्टे विकास योजना के तहत मात्र दो लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। बाद में इन्हें भी पंजीकरण योजना में शामिल कर लिया गया।

> जिले में पर्यटकों को बढ़ावा देने के लिए इस बार 100 होम स्टे विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। पूर्व में विकसित होम स्टे का निरीक्षण कर लिया गया है। आचार संहिता खत्म होने के बाद सभी ब्लॉकों में विभाग की लाभकारी योजनाओं की फ्लेक्सी लगायी जाएगी। साथ ही लगने वाले शिविरों में लोगों को होम स्टे के लिए जागरूक किया जाएगा।
> **-लता बिष्ट, जिला पर्यटन अधिकारी, ऊधमसिंह नगर**

यानी अब तक मात्र 12 लोगों ने ही होम स्टे योजना में पंजीकरण करा रखा है।

पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार होम स्टे पंजीकरण योजना में लाभार्थी के पास एक से छह कमरों का मकान खुद का होना चाहिए, जबकि होम स्टे विकास योजना में लाभार्थी का खुद का भूखंड होना चाहिए। एक से छह कमरों के निर्माण के बाद उसे पंजीकरण योजना में शामिल किया जाता है।

भूखंड में मकान बनाने के लिए लाभार्थी को 25 फीसदी सब्सिडी के साथ 30 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। हालांकि पर्वतीय क्षेत्रों की तरह जिले में होम स्टे योजना में लोगों ने ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखायी है। कारण कुछ भी रहे हों, लेकिन 2024 में विभाग ने जिले में 100 होम स्टे विकसित करने का लक्ष्य रखा है।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गदरपुर :** पीड़िता के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शुक्रवार को थानाध्यक्ष जसबीर सिंह चौहान ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र की एक महिला ने थाने में 8 मई को तहरीर देकर कहा कि उसकी शादी को 4 वर्ष हो गए हैं। शादी से पूर्व महिला का सेंटी निवासी मोतियापुरा के साथ प्रेम प्रसंग था। विवाह के बाद सेंटी उसे परेशान करने लगा। वह उसके फोटो को सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल करने की धमकी देता था। सेंटी ने उसे 6 फरवरी को गूलरभोज डैम पर बुलाया और होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने चमनदीप उर्फ चरण सिंह सेंटी उर्फ जस्सी निवासी मोतियापुरा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# अवैध खनन के खिलाफ मारे छापे

### जेसीबी छोड़कर मौके से फरार हुए कारोबारी, प्रशासन ने चार जेसीबी को लिया कब्जे में

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** तहसील अंतर्गत क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के नाम पर अवैध रूप से खनन किए जाने की शिकायत पर तहसील प्रशासन की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान तमाम वाहन चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। तहसील प्रशासन की टीम ने खनन से जुड़ी चार जेसीबी को कब्जे में ले लिया।

तहसील प्रशासन को सूचना मिली थी कि एनएच के नाम पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो किच्छा तहसील के राजस्व निरीक्षक द्वारा मौके पर निरीक्षण किए जाने के दौरान खनन में लिप्त लोगों ने उनके साथ अभद्रता की। साथ ही सरकारी वाहनों को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया। इस मामले में अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने नगर के हल्द्वानी मार्ग स्थित काली मंदिर के पीछे खनन क्षेत्र का निरीक्षण किया।



किच्छा में प्रशासन द्वारा पकड़ी गई जेसीबी। ● अमृत विचार



लालपुर में अवैध निर्माण ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

प्रशासन की टीम के पहुंचने की सूचना पर अवैध खनन में लिप्त लोग जेसीबी तथा कई डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गए। फिलहाल प्रशासन द्वारा चार जेसीबी को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि अवैध खनन की शिकायत पर प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गई है तथा मामले की जांच की जा रही है।

### लालपुर में अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

**रुद्रपुर :** ऊधमसिंह नगर जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के आदेश पर लालपुर में राजस्व, पुलिस बल एवं प्राधिकरण की टीम ने अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।

शुक्रवार को टीम ने फरीदा पत्नी जलालुद्दीन महराया रोड निकट देवस्थलीय कॉलेज लालपुर की ओर से अनाधिकृत रूप से लगभग 3 एकड़ भूमि विकसित कॉलोनी के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने आशीष रुहेला ने बताया कि अनाधिकृत कालोनियों के खिलाफ भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कालोनाइजरों से अपील करते हुए कहा कि विधिवत मानचित्र स्वीकृत किये जाने के बाद ही निर्माण कार्य करें। इस अवसर पर प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता एवं अन्य अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# दिनेशपुर में महिलाओं ने निकाला नगर कीर्तन



दिनेशपुर में अखंड हरिनाम संकीर्तन के समापन पर नगर कीर्तन निकालतीं महिलाएं।

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** दुर्गा मंदिर परिसर में चल रहे दो दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का नगर कीर्तन एवं धुलोट कार्यक्रम के साथ समापन हो गया है। नगर कीर्तन का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

शुक्रवार को अखंड हरिनाम संकीर्तन समापन के उपरांत महिलाओं ने महाप्रभु गौर निताई के चित्र के साथ नगर में भव्य नगर कीर्तन निकाला। पूर्व में बुधवार को संकीर्तन की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली एवं आमंत्रण अधिवास के बाद मंगल ध्वनि के बीच घट की स्थापना की। तत्पश्चात आचार्य आलोक घोष की अगुवाई में मंगल ध्वनि के साथ अष्टम प्रहर व्यापी अखंड हरिनाम महासंकीर्तन का आयोजन हुआ था। आयोजन समिति के तत्वावधान में हरिनाम संकीर्तन में मानव मुक्ति संप्रदाय शक्तिफार्म, श्रीराम संप्रदाय दिल्ली, पीलीभीत व दिनेशपुर आदि कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। शुक्रवार की प्रातः नगर कीर्तन के बाद ठाकुर जी को पुजारी द्वारा मालसा भोग लगाया गया। इस मौके पर दुलाल चक्रवर्ती, दीपा सरकार, मालती गाईन, सुजाता राय, राधा विश्वास, शिखा ढाली, मीना मंडल, सरस्वती विश्वास, स्वाती चक्रवर्ती, सुनीता मिस्त्री आदि मौजूद रहे।

# लंबित शिकायतों का समय पर करें निस्तारण: विपिन

- **लापरवाही कर रहे राशन विक्रेताओं पर कार्रवाई के निर्देश**
- **सीएम पोर्टल में आ रही शिकायतों का हो निस्तारण**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उपायुक्त खाद्य कुमाऊं संभाग विपिन कुमार ने अधिकारियों से कहा कि 129 शिकायतें जो कि एलवन, एलटू या एलथ्री स्तर पर लंबित हैं उनका निस्तारण समय पर करें। इसके अलावा राशन वितरण में सस्ता गल्ला दुकानदार यदि लापरवाही कर रहे हैं तो इसकी रिपोर्ट दें और कार्रवाई करें। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर जो शिकायतें आ रही हैं उनको हर हाल में निस्तारित करें।

शुक्रवार को उपायुक्त खाद्य कुमाऊं संभाग ने जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में एआरओ, पूर्ति निरीक्षकों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि गैस एजेंसी में केवाईसी के माध्यम से गैस सिलेंडर की आपूर्ति को बेहतर करने सहित राशन वितरण में पारदर्शिता के लिए बायोमेट्रिक वितरण बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राशन वितरण में सस्ता गल्ला दुकानदार यदि लापरवाही कर रहे हैं तो इसकी रिपोर्ट दें और कार्रवाई करें। देखा जा रहा है कि संबंधित एआरओ अपने स्तर पर कार्रवाई नहीं कर पा रहे। इस कारण उपभोक्ता इधर-उधर राशन के लिए भटक रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत अपने स्तर पर ही निस्तारित कर लें। ताकि यही शिकायत अगले स्तर तक न पहुंचे। उन्होंने अप्रैल माह में बायोमेट्रिक विधि से राशन वितरण 85 प्रतिशत के लगभग था इसे बढ़ाने की जरूरत है। इसके साथ ही घरेलू रसोई गैस सही उपभोक्ता के पास पहुंचे इसके लिए आधार कार्ड की केवाईसी कराना जरूरी है। इसके लिए संबंधित एआरओ अपने क्षेत्र में गैस एजेंसी संचालकों से समन्वय स्थापित कर इसमें तेजी लाएं। इस अवसर पर एआरओ बाजपुर विनोद कुमार तिवारी, एआरओ हेमा बिष्ट, पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी, पूर्ति निरीक्षक हरिश्चंद्र आदि मौजूद थे।

# पुनर्योजी कृषि पद्धतियों को अपनाकर आय में वृद्धि करें



अधिकारियों के साथ बैठक करते एजी कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक धीरज भट्ट। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जनपद में पुनर्योजी कृषि पद्धतियों को अपनाने वाले किसानों के लिए कार्बन वित्त परियोजना पर स्थानीय हितधारक परामर्श पर वराहा क्लाइमेट एजी कंपनी एवं कृषि विभाग के सहयोग से बैठक आयोजित हुई। इस दौरान कार्बन क्रेडिट क्या होते है, कैसे बनते है, इसके क्या लाभ है, किसान कैसे इस परियोजना के साथ जुड़ सकते हैं इस पर चर्चा की गई।

शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में एजी कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक धीरज भट्ट ने बताया कि कृषक, पुनर्योजी कृषि पद्धतियों जैसे धान की सीधी बिजाई. जैविक खेती, दलहनी फसलों की खेती, फसल अवशेष प्रबंधन, जीरो टिलेज, जैविक खेती के द्वारा कार्बन क्रेडिट अर्जित कर अतिरिक्त कृषि आय प्राप्त कर सकते हैं। जो किसान अपने खेतों में किसी प्रकार की पुनर्योजी खेती का अभ्यास कर रहे हैं। बैठक में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जल संरक्षण, फसल विविधता और पर्यावरण को उद्धरण करने के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही कृषि नवाचार को बढ़ावा देने और सतत समृद्ध कृषि विकास को प्रोत्साहित करने में सहयोग और साझेदारी की महत्वता को उजागर किया। इस अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी डॉ एके वर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी संगीता आर्य, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, सहायक गन्ना आयुक्त कपिल मोहन, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, एनआरएलएम, विभिन्न स्वयं सहायता समूहों, कृषक उत्पादक संगठन के अध्यक्षों एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों आदि ने प्रतिभाग किया।

### अलमारी का ताला तोड़कर उड़ाए जेवरात और नगदी

**खटीमा :** चोरों ने इस्लामनगर गोटिया के एक घर में अलमारी का ताला तोड़कर जेवरात और नगदी पार कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। नगर पालिका वार्ड संख्या पांच गोटिया निवासी जीशान अंसारी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि वह छह मई को पीलीभीत गया था और रात को 11 बजे आकर सो गया। जब वह सुबह 5 :30 बजे उठा तो अलमारी का लॉक टूटा था।

सूचना
मैं शेर मौहम्मद पुत्र सईद अहमद, निवासी मौहल्ला जुलहान, तहसील जसपुर बयान करता हूं कि मैंने अपने पुत्र मौहम्मद दानिश, पुत्रवधु सना परवीन को चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है।

REQUIREMENT
Required teachers for teaching English and Social studies to junior classes. Upto class 8th.
Contact : 9012417182
(Must be good in English Grammar)

**पहल** जसपुर, काशीपुर और सितारगंज में होना है छह तालाबों का जीर्णोद्धार

# जल संरक्षण की टीम ने देखा तालाबों का हाल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर में लगातार घट रहे जल स्तर को देखते हुए लघु सिंचाई विभाग जल्द विकासखंड जसपुर, काशीपुर और सितारगंज में छह तालाबों की मरम्मत के साथ जीर्णोद्धार कराने जा रहा है। इसके लिए केंद्रीय भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून से पहुंची विशेषज्ञों की टीम ने तालाबों का निरीक्षण कर लिया है। जल्द ही टीम तालाबों की डीपीआर तैयार करेगी। इसके बाद इसे स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद जिले में तालाबों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

दरअसल, जलवायु परिवर्तन के साथ ही बढ़ते शहरीकरण के चलते तराई का भू-जल स्तर घटता जा रहा है। साथ ही

- **1109.765 लीटर क्षमता के बनाये जा रहे हैं तालाब**

> केंद्रीय भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून की विशेषज्ञ समिति की टीम ने सभी तालाबों का निरीक्षण कर लिया है। जल्द ही संस्थान तालाबों की डीपीआर तैयार करेगी और फिर इसे केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इसकी स्वीकृति मिलते ही सभी तालाबों का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।
> -सुशील कुमार, अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, ऊधमसिंह नगर

प्राकृतिक जल स्रोत भी सूखते जा रहे हैं या उन पर अतिक्रमण किया जा चुका है। लघु सिंचाई विभाग प्रधानमंत्री कृषि एवं सिंचाई योजना (हर खेत को पानी) के तहत इन तालाबों की मरम्मत के साथ जीर्णोद्धार करने जा रहा है। जसपुर,



काशीपुर और सितारगंज में छह तालाब 6.25 हेक्टेयर में 1109.765 लीटर क्षमता के बनाये जा रहे हैं।

लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन तालाबों के निर्माण से गिरते भू-जल स्तर में सुधार होगा और किसानों की पानी की समस्या दूर होगी। किसान तालाब के पानी का प्रयोग खेतों में सिंचाई के लिए भी कर सकते हैं। इसके अलावा तालाब के आसपास के खेतों की मृदा में वर्ष भर नमी बनी रहेगी। इससे उत्पादन अधिक होगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### होटल में काम करने वाला युवक लापता

**काशीपुर :** होटल में काम करने वाला बिजनौर का एक युवक लापता हो गया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। बिजनौर निवासी सोफिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा नजीम अहमद काशीपुर की मुरादाबाद रोड स्थित एक होटल में काम करता है। बताया कि बुधवार की दोपहर नजीम अपने साथ काम करने वाले साथियों से कुछ देर में वापस आने की बात कहकर होटल से बाहर गया था। इसके बाद वह न होटल आया और न ही वापस घर आया।

### चोरी का खुलासा न होने से व्यापारियों में रोष

**काशीपुर :** बीते दिनों काशीपुर के पंत पार्क समीप मोबाइल की दुकान में हुई चोरी का अब तक खुलासा न होने पर व्यापारियों ने रोष व्यक्त किया। साथ ही कोतवाल से मिलकर चोरी का जल्द खुलासा करने की मांग की है। बीती देर रात पंत पार्क में स्थित सिंधवानी मोबाइल शॉप में चोरों ने चार लाख के मोबाइल चोरी कर लिए थे। चार दिन बीत जाने के बाद भी खुलासा न होने पर व्यापारियों ने कोतवाली पहुंचकर कोतवाल आशुतोष सिंह से रोष जताया। वहीं कोतवाल ने चोरी का जल्द खुलासा करने का व्यापारियों को आश्वासन दिया।

### खेलते वक्त बच्ची की आंख में घुसी सरिया

**बाजपुर :** 8 वर्षीय बच्ची खेलते वक्त आंख में सरिया घुसने से गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे बाजपुर के जिला उप चिकित्सालय पहुंचे। चिकित्सकों ने बच्ची की हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। उत्तर प्रदेश सुल्तानपुर लाहौर बनारस निवासी गौतम अपने परिवार के साथ रेलवे स्टेशन के समीप रहता है। रेलवे पटरी का रेलवे विभाग के कर्मियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। इसी के चलते गौतम की 8 वर्षीय पुत्री सोमवती अंधेरे में खेल रही थी। इस दौरान एक सरिया उसकी दायीं आंख में घुस गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के चलते काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

### तमंचे व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर :** कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को तमंचे व तीन कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। गुरुवार की देर रात कुंडा थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान मालधन रोड पर एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते मिला। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम तुमडिया डैम नम्बर-एक रामनगर निवासी कुलदीप सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है।

---

टीम ने पेड़ों की गिनती शुरू की, संबंधित विभाग तैयार कर रहे इसकी रिपोर्ट

# बगीचे की जांच के लिए फिर पहुंची टीम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** चांदपुर स्थित बगीचे की जांच करने की एनजीटी के आदेश पर टीम दोबारा जांच के लिए पहुंची। बीते दिनों पेड़ों की गिनती पर सहमति नहीं बनने पर टीम लौट गई थी। वहीं शुक्रवार को टीम ने पेड़ों की गिनती शुरू की। इसकी रिपोर्ट संबंधित विभागों द्वारा तैयार की जा रही है।

उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी ने बताया कि काशीपुर निवासी हरदीप शर्मा ने एनजीटी में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने कहा कि चांदपुर स्थित एक बगीचे में कुछ कॉलोनाइजरों ने बिना अनुमति के बगीचे से कई



बगीचे में जांच करने पहुंची टीम। ● अमृत विचार

पेड़ों को अवैध तरीके से काट दिया। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एनजीटी ने क्षेत्रीय पॉल्यूशन अधिकारी समेत एक टीम का गठन किया। जिसमें वन विभाग उद्यान विभाग के अधिकारी भी शामिल किए गए। उन्होंने बताया कि बीते दिनों जांच के लिए आई टीम पेड़ों की गिनती की सहमति नहीं बनने पर वापस लौट गई थी। बताया कि शुक्रवार को टीम ने पेड़ों की गिनती फिर शुरू की। उन्होंने बताया कि बगीचे में कौन-कौन से पेड़ों को काटा गया है। इसकी जांच की जा रही है। बताया कि जांच के आंकड़ों को जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। वन विभाग के एसडीओ संदीप गिरी, पीसीबी के आकाश कुमार, उद्यान निरीक्षक शंकर कोहली, वन दरोगा ओमप्रकाश समेत आदि मौजूद रहे।

---

# आईजीएल का केमिकल गायब करने के तीन आरोपी दोषमुक्त

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** न्यायिक मजिस्ट्रेट/ द्वितीय एसीजे की अदालत ने आईजीएल कंपनी का आठ ड्रम केमिकल गायब करने के मामले में तीन आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

बाजपुर रोड स्थित आईजीएल के सुरक्षा अधिकारी पंकज शील ने आईटीआई पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इंडिया ग्लाइको में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उत्पादों का निर्माण होता है। इसकी खपत देश-विदेश में होती है। 19 अक्टूबर, 2006 को उनकी कंपनी से टैक्सोमेस ट्रान्सपोर्ट कम्पनी दिल्ली के माध्यम से ट्रक (यूपी 81एन 0-9707) से माल कंटेनर

**मामला**

▸▸ 19 अक्टूबर को ट्रक से कंटेनर में चीन के लिए लादा गया था माल



में लादा गया था। यह केमिकल चीन स्थित कोलगेट कम्पनी के लिए भेजा गया था। कंटेनर के चीन पहुंचने पर पता लगा कि कम्पनी से लादे गए 8 ड्रम में से केमिकल निकालकर उसमें गंदा पानी भर दिया गया था। जबकि कंटेनर को सेन्ट्रल एक्साइज व आईजीएल की ओर से सील किया गया था। जिसे चीन की कंपनी कोलगेट इंडिया के प्रतिनिधि विवेक दीक्षित ने ईमेल से अवगत कराया। तहरीर पर पुलिस ने कंटेनर के ड्राइवर यूसूफ पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम महेशपुरा थाना रजतपुर जिला जेपी नगर व ट्रांसपोर्ट कम्पनी के मुनीम दिनेश पुत्र रामपाल सिंह और ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रबंधक रामपाल के खिलाफ केस दर्ज किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 406, 411, एवं 109 के तहत न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। वाद की सुनवाई एसीजे द्वितीय चेतन गौतम की अदालत में हुई। बचाव पक्ष की ओर से पैरवी धर्मेंद्र तुली ने की। अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

---

# पार्टी में खलल डालने पर चढ़ा सिपाहियों का पारा

## चौकी में चल रही थी दारू पार्टी, चौकी प्रभारी के नदारद रहने पर हुए बेलगाम, हर निलंबित सिपाही पर तय हुआ आरोप

**बेखौफ**

संवाददाता, रुद्रपुर/जसपुर

**अमृत विचार:** पतरामपुर चौकी प्रभारी के अलावा तीन सिपाहियों पर गिरी निलंबन की कार्रवाई की गाज की वजह दारु-मुर्गा पार्टी में खलल डालना माना जा रहा है। जहां चौकी प्रभारी के नदारद रहने के बाद चौकी के सिपाही बेलगाम हो चुके थे वहीं दोस्तों के साथ पार्टी के दौरान झगड़े की सूचना ने सिपाहियों का पारा चढ़ दिया। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में हर निलंबित सिपाही पर उसके दोष का जिक्र किया गया है।

कार्रवाई का विवरण बताते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने माना कि पतरामपुर चौकी प्रभारी के नदारद रहने पर चौकी में तैनात सिपाही बेलगाम हो चुके थे। यही कारण है कि गुरुवार की रात दो बाहरी, बाजपुर दोराहे में तैनात सम्मन तामील सिपाही सुभाष चौधरी, निगरानी मुंशी अनिल कुमार और मुख्य आरोपी सिपाही सचिन कुमार ने चौकी की बैरिग में दारु-मुर्गा पार्टी का आयोजन किया था। जब दो पक्षों में झगड़े की सूचना मिली तो सिपाही सचिन का पारा चढ़ गया। जब हिरासत में लिए गए आरोपी पक्ष की पैरवी में संभ्रांत लोग चौकी पहुंचे तो पार्टी में खलल डालने पर वहां मौजूद चौकी के सिपाही सचिन सहित अन्य सिपाहियों का पारा चढ़ गया।

इस दौरान उन्होंने अपना आपा खोते हुए संभ्रांत नागरिकों से अभद्रता व हाथापाई की जो कि पुलिस अनुशासन नियमावली में असंवैधानिक है। प्रारंभिक जांच में यह भी तय किया गया कि सिपाही सचिन शराब के नशे में धुत था। निगरानी मुंशी ने बिना पिए अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया और सम्मन तामील सिपाही सुभाष ने ड्यूटी व नियम में लापरवाही की। यह भी माना कि यदि चौकी प्रभारी मौजूद रहते तो शायद यह विवाद नहीं होता। यही कारण है कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में चौकी प्रभारी सहित हर निलंबित सिपाही पर आरोप तय किए गए हैं। इसके आधार पर सभी पर कार्रवाई की गई है।

### मामला बिगड़ते ही भाग खड़े हुए सिपाही

**रुद्रपुर :** पतरामपुर चौकी में नशे में धुत सिपाहियों ने पैरवी को आए संभ्रांत नागरिकों पर पुलिसिया रौब दिखाते हुए अभद्रता व हाथापाई की। उस वक्त उन्हें यह एहसास नहीं हुआ होगा कि उनकी यह रौब निलंबन की कार्रवाई में तब्दील हो जाएगी। बताया जा रहा है कि संभ्रांत नागरिकों द्वारा घटना की सूचना आला अधिकारियों को दी। उसके बाद जैसे ही जसपुर कोतवाल हरेंद्र चौधरी व एसएसआई चौकी पहुंचे और प्रकरण की जांच करने लगे तो पार्टी व अभद्रता में शामिल अन्य सिपाही भाग खड़े हुए और मौके पर पकड़े गए सिपाही सचिन कुमार का मेडिकल परीक्षण कराया। जिसमें अत्याधिक शराब पीने की पुष्टि हुई है। इसके बाद ही एसएसपी ने सभी पर आरोप तय करते हुए निलंबन की कार्रवाई कर डाली।

### प्रशिक्षण की आड़ में गायब हुए प्रभारी

**रुद्रपुर :** आईपीसी में हुए बदलाव को लेकर पुलिस लाइन में चल रहे प्रशिक्षण की आड़ में पतरामपुर चौकी प्रभारी संदीप शर्मा पर नदारद रहने का आरोप लगा। एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह का कहना था कि प्रशिक्षण में सभी आला अधिकारियों के अलावा दरोगा जा रहे हैं। शाम पांच बजे के बाद सभी अपने-अपने तैनाती स्थल में पहुंचकर दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन पतरामपुर चौकी प्रभारी पिछले तीन दिनों से नदारद है और सूचना किसी भी आला अधिकारी को नहीं दी। जिसकी वजह से चौकी प्रभारी विहीन हो गई। बिना जानकारी दिए ड्यूटी से नदारद रहना गलत है।

### बाजपुर दोराहा चौकी प्रभारी को लगाई लताड़

**रुद्रपुर :** पुलिस कार्यालय में कार्रवाई की जानकारी देने के बाद गुस्साए कप्तान ने अचानक बाजपुर दोराहा चौकी प्रभारी सुरेंद्र बिष्ट को फोन लगाकर जमकर लताड़ लगाई। कहा कि जब एक चौकी प्रभारी को चौकी में तैनात आठ सिपाहियों का कोई होश नहीं तो वह चौकी प्रभारी लायक नहीं, जबकि सम्मन तामील सिपाही सुभाष की रवानगी और आमद करवाने की जानकारी प्रभारी को होनी चाहिए। उन्होंने लताड़ लगाई कि दूरस्त चौकी में सिपाही बेलगाम हो रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### हर चौकी के कार्यों की होगी समीक्षा

**रुद्रपुर :** पतरामपुर चौकी प्रकरण के बाद एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने सभी अधीनस्थों को आदेशित किया है कि संबंधित एसपी सिटी, सीओ, कोतवाल अपनी-अपनी थाना-चौकी के कार्यों की समीक्षा करें। जिसमें चौकी प्रभारी के आने का समय, सिपाहियों को आमद व रवानगी के अलावा आगन्तुक आवाजाही का रजिस्टर भी बनाया जाए। जिसके बाद हर चौकी प्रभारी व सिपाही की जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रत्येक सप्ताह में रिपोर्ट की समीक्षा के आधार पर कार्रवाई और प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### शाम ढलते ही चौकी में सजती थी महफिल

**रुद्रपुर :** गुरुवार की रात्रि पतरामपुर चौकी पुलिस में हुए बवाल के बाद शिकायतकर्ता ने अधिकारियों को बताया था कि पुलिस कर्मियों द्वारा अभद्रता व हाथापाई से पहले भी शाम ढलते ही चौकी में महफिल सजने लगती है। जिसमें विभागीय कर्मचारियों के अलावा बाहरी व्यक्ति भी पार्टी में शामिल होते हैं। अभद्रता के दौरान भी सिपाहियों के साथ हाथापाई की घटना से पहले दारु-मुर्गा पार्टी में बाहर के व्यक्ति भी शामिल थे, जबकि चौकी की बैरग में बाहरी व्यक्तियों के साथ शराब पार्टी करना पुलिस नियम के खिलाफ है।

### भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने दर्ज कराया मुकदमा

**रुद्रपुर :** एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने काशीपुर एसपी अभय प्रताप सिंह को आदेशित किया कि प्रकरण को लेकर जांच रिपोर्ट में अभद्रता व हाथापाई के पीड़ित लोगों के बयान भी दर्ज किए जाएं। यदि कोई भी व्यक्ति आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ शिकायती पत्र देता है तो मुकदमा पंजीकृत किया जाए। उधर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गौतम गिरि की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सिपाही सचिन व अन्य दो लोगों के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

---

# एटीएम बदलकर खाते से रुपये उड़ाने वाले दबोचे



बाजपुर कोतवाली में पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** मदद करने के नाम पर एटीएम बदलकर खाते से रुपये उड़ाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 28 विभिन्न बैंकों के 215 एटीएम, 315 बोर का एक तमंचा, कारतूस एवं एक चाकू बरामद किया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं।

चेकिंग अभियान के दौरान कोतवाल मनोज रतूड़ी के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीम ने बन्नाखेड़ा क्षेत्र में दो संदिग्ध व्यक्तियों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम ग्राम चंदनपुर थाना गदरपुर निवासी अमरीक सिंह, ग्राम बरवाला थाना केलाखेड़ा निवासी सुखवंत सिंह बताया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व कारतूस, एक चाकू तथा 28 विभिन्न बैंकों के कुल 215 एटीएम मिले। इस बारे में सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपितों ने बताया कि वह जगह-जगह जाकर एटीएम के अंदर भोले-भाले लोगों की मदद करने के नाम पर उनके एटीएम बदल लेते हैं और फिर इससे पैसे निकाल लेते हैं जिसमें वह पूर्व में जेल भी जा चुके हैं। पुलिस ने धारा 3/25 व 4/25 आर्म्स एक्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। पुलिस टीम में बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विक्रम सिंह धामी, हेड कांस्टेबल दीपक चौहान व राजकुमार सिंह, कांस्टेबल दलीप फर्त्याल आदि शामिल रहे।

---

# बहन की हत्या के बाद हुआ था पछतावा

**फॉलोअप**

▸▸ हत्या-आत्महत्या वारदात की पुलिस की तफ्तीश हुई पूर्ण, रात्रि 11 बजे के बाद हुई थी वारदात

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** हत्या और आत्महत्या वारदात में आखिरकार पुलिस ने अपनी तफ्तीश को पूर्ण कर लिया है। जांच में यह बात सामने आई है कि वारदात रात्रि 11 बजे के बाद घटित हुई और बहन की हत्या के बाद पछतावा के कारण भाई ने भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इसके बाद पुलिस या फिर परिजन की तहरीर के आधार पर पुलिस हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर सकती है।

8 मई को सिंह कॉलोनी के रहने वाले 23 वर्षीय सुनील कुमार ने अपनी 19 वर्षीय सगी बहन करिश्मा की मुंह दबाकर हत्या करने और खुद को फांसी लगाने का मामले सामने आया था। शुक्रवार को भाई व बहन की मौत प्रकरण की आखिरी रिपोर्ट का जिक्र करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पुलिस द्वारा जब सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो उसमें पाया कि 8 मई की रात्रि साढ़े 9 बजे सुनील व करिश्मा की बहन व बहनोई निकले थे और एक साथ खाना भी खाया था। उसके बाद से सुबह 10 बजे तक की भी संदिग्ध की कोई आवाजाही नहीं हुई।

सीडीआर रिपोर्ट में यह भी पता चला है कि 10 बजे करिश्मा ने अपने किसी परिचित से फोन पर बात की और वहीं सुनील ने अपनी बहन से वार्ता की। इसके बाद दोनों की वार्ता साढ़े 10 बजे समाप्त हुई। जांच में यह भी पता चला कि रात 11 बजे से पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा भी हुआ।

ऐसे में संभावना यह है कि विवाद के दौरान आवेश में आकर सुनील ने पहले बहन की हत्या की और बाद में पछतावा होने व जेल जाने के भय से आत्महत्या कर ली होगी, क्योंकि हत्या व आत्महत्या में अभी तक कोई भी तीसरे शख्स की दखलअंदाजी सामने नहीं आई है। एसएसपी ने बताया कि दोहरी मौत मामले में परिजनों द्वारा तहरीर दी जाती है, तो पुलिस मृतक सुनील पर हत्या करने का मुकदमा दर्ज करेगी। वर्ना विवेचक अपनी ओर से मुकदमा पंजीकृत कर एफआर लगाएगा, जो कि विधिक प्रक्रिया का हिस्सा है।

---

## 6 प्रतिष्ठान स्वामियों पर लगाया जुर्माना

**काशीपुर :** नगर आयुक्त विवेक राय ने नगर निगम क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान गंदगी पाए पर नाराजगी जताई और नगर निगम टीम को गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत साहनी ने रामनगर रोड पर छापा मारा। जहां नगर निगम टीम ने मुख्य मार्ग रामनगर रोड स्थित प्रतिष्ठान स्वामियों के विरुद्ध अतिक्रमण करने, कूड़ा गंदगी तथा निर्माण कार्य से संबंधित वेस्ट मैटेरियल सड़क पर डालने के कारण 6 प्रतिष्ठान स्वामियों के विरुद्ध पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाकर नोटिस जारी किए। इसके अतिरिक्त एक प्रतिष्ठान स्वामी के विरुद्ध गंदगी करने पर एक हजार रुपये का नकद जुर्माना लगाया गया।

---

# लोन के भुगतान के बावजूद चढ़ा दिया ब्याज

**आक्रोश**

▸▸ व्यापारियों ने हंगामा काटकर बैंक प्रबंधक का किया घेराव

▸▸ बैंक प्रबंधक से व्यापारियों की हुई नोकझोंक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** व्यापारी द्वारा होम लोन की रकम अदा करने के बाद भी बैंक द्वारा मोटा ब्याज लेने का मामला सामने आया है। इससे बौखलाए व्यापारी ने शहर के अन्य व्यापारियों के साथ हंगामा काटा और बैंक प्रबंधक का घेराव किया। मामले को लेकर काफी देर चली वार्ता चली। इसके बाद बैंक प्रबंधन ने सोमवार तक का समय मांगा।



बैंक में हंगामा काटते व्यापारी। ● अमृत विचार

शुक्रवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा सहित तमाम व्यापारी सिविल लाइंस स्थित निजी बैंक पहुंचे। जहां उन्होंने हंगामा काटते हुए बैंक मैनेजर का घेराव किया। उनका कहना था कि दीपक तनेजा नाम के व्यापारी ने बैंक से होम लोन लिया था, लोन स्वीकृत होने के बाद जब दूसरे बैंक ने बेहतर सुविधा देने का ऑफर दिया तो ऋणकर्ता ने लोन को दूसरे बैंक में ट्रांसफर कर दिया। इसकी एवज में व्यापारी ने बैंक को 25.13 लाख रुपये का भुगतान किया और बैंक द्वारा 25 अप्रैल को फॉर क्लियर का आश्वासन दिया।

चेक देने के बाद भी बैंक कर्मी ने चेक को क्लीयर नहीं किया और उल्टा 88 हजार रुपये का ब्याज अतिरिक्त चढ़ा दिया। पीड़ित का कहना था कि बैंक ने उसे 1.66 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान पहुंचाया। प्रकरण को लेकर व्यापारी नेता व बैंक प्रबंधक के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। बैंक प्रबंधक के मामले का सोमवार तक समाधान करने के आश्वासन के बाद व्यापारियों का गुस्सा शांत हुआ। इस अवसर पर राजेश कामरा, मनीष गोस्वामी, नोनी ग्रोवर, महेश गर्ग, मानस तनेजा, मयंक, रितेश मनोचा समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

---

**चिंताजनक** काशीपुर अस्पताल में 80 से 100 होती हैं बच्चों की ओपीडी, बच्चों के लिए बनाया गया है अलग ओपीडी और वार्ड

# अस्पताल पहुंचने वाले 30 प्रतिशत बच्चे उल्टी-दस्त से पीड़ित

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी के कारण सामान्य मरीजों के साथ ही बच्चे भी बीमारी के चपेट में आ रहे हैं। सरकारी अस्पताल में 30 से 40 प्रतिशत बच्चे रोजाना उल्टी, दस्त और बुखार से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। स्थिति यह है कि 15 दिनों में ही 40 बच्चे अस्पताल में भर्ती भी हो चुके हैं।

काशीपुर अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव पुनेठा ने बताया कि गर्मी का असर बच्चों पर भी हो रहा है। इससे उल्टी दस्त व तेज बुखार जैसे रोगों से पीडित बच्चों की संख्या सामान्य दिनों से 30 से 40 फीसदी तक बढ़ी है। बताया कि अस्पताल



अस्पताल में बच्चों का चैकअप करते बाल रोग विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

में बच्चों के लिए अलग वार्ड बनाया गया है। अधिकतर बच्चे बाहर का खाना खाने के चलते अधिक बीमार हो रहे हैं। इससे पेट संबंधित बीमारियां पनपने लगी है। गर्मी के दिनों में बच्चों को घर का बना पौस्टिक आहर ही देना चाहिए। बच्चों को ठंडा पानी बिल्कुल भी न दें। खाना साबुन से हाथ धोने के बाद भी खाए।

### दो से तीन बच्चे रोजाना किए जा रहे भर्ती

**काशीपुर :** अस्पताल के चिकित्सकों की मानें तो सरकारी अस्पातल में प्रतिदिन बच्चों की ओपीडी 80 से 100 की ओपीडी होती है। गर्मी बढ़ते ही बच्चे भी बीमार हो रहे हैं। गंभीर स्थिति होने पर डॉक्टर रोजाना दो से तीन बच्चों को भर्ती कर रहे हैं। ठीक होने पर ही छुट्टी दी जा रही है।

### बच्चों के लिए दस बेड का बनाया गया है वार्ड

**काशीपुर :** सरकारी अस्पताल में बच्चों के उल्टी दस्त से पीड़ित होने की परेशानी को देखते हुए बच्चों के लिए 10 बेड का वार्ड तैयार किया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि बीते 15 दिनों में 40 से अधिक बच्चे अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। अभिभावकों से विशेष एहतियात बरतने को कहा गया है।

> बीते 15 दिनों में उल्टी, दस्त और बुखार से पीड़ित बच्चों की संख्या 30 से 40 फीसदी बढ़ी है। बच्चों के लिए अस्पताल प्रशासन ने वार्ड से लेकर दवाओं तक का इंतजाम कर लिया है। गर्मी में अभिभावक बच्चों का विशेष तौर पर ध्यान दें, बाहरी चीजों को न खिलाएं।
> –**डॉ राजीव पुनेठा**, बाल रोग विशेषज्ञ, काशीपुर



---

# जल जनित रोगों से बचाव के लिए सफाई जरूरी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जल जनित रोगों से बचाव के लिए अनुश्रवण समिति की एक बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित हुई।



डॉ. मनोज कुमार शर्मा।

इस दौरान पीपीटी के माध्यम से जल जनित रोगों के कारण एवं उनसे बचाव के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

शुक्रवार को आयोजित बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि जल जनित रोगों से बचाव के लिए व्यक्तिगत साफ-सफाई पर ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही बाजार में मिलने वाले कटे फल और खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि डायरिया आदि के लक्षण मिलने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें।

आईडीएसपी डॉ. संतोष पांडे ने जल जनित रोगों के कारण एवं उनसे बचाव के उपाय के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. डीपी सिंह, डॉ. एसपी सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हर्षपाल सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह साहनी समेत शिक्षा विभाग, पंचायत राज विभाग, जल जीवन मिशन, स्वजल, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

---

## अवैध चाकू के साथ युवक को दबोचा

**किच्छा:** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान यूपी निवासी एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घूमते अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलभट्टा थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने देर रात्रि चेकिंग के दौरान थाना अंतर्गत सिरौली कला क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी ग्राम भिलौर, थाना बहेड़ी, जिला बरेली, यूपी निवासी मोहम्मद हसन के कब्जे से तलाशी के दौरान चाकू बरामद किया। पूछताछ में आरोपी मोहम्मद हसन ने बताया कि वह नशा करने का आदी है और नशा पूर्ति के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 25 आर्म्स एक्ट आयुध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

# भगवान परशुराम जयंती पर हुए धार्मिक अनुष्ठान, भंडारे

## ब्राह्मण समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाई परशुराम जयंती, मनकामेश्वर मंदिर के महंत नारायण चैतन्य स्वामी ने पुष्प अर्पित किए


रुद्रपुर में दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मनकामेश्वर मंदिर के महंत नारायण चैतन्य स्वामी। ● अमृत विचार


काशीपुर में निकाली शोभा यात्रा। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने परशुराम जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस दौरान मुख्य अतिथि मनकामेश्वर मंदिर के महंत नारायण चैतन्य स्वामी ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप जलाकर और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

शुक्रवार को नैनीताल रोड पर परशुराम जयंती आयोजित की गई। कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, निवर्तमान मेयर रामपाल, ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ, महामंत्री संजीव शर्मा, नगर अध्यक्ष नितिन कौशिक, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, गजानंद शर्मा, हरीश पनेरु, अजय तिवारी, हिमांशु शुक्ला, विजय कुमार, धीरेंद्र मिश्रा, ममता जीना, आशा मुंजाल, सुभाषिनी द्विवेदी, रसना भारद्वाज, शलिनी, पुनीत शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राहुल भारद्वाज ने किया।

### काशीपुर में धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

**काशीपुर** : अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा के तत्वावधान में कलश मंडप के सभागार में भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। समारोह में महानगर अध्यक्ष पंडित शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने मानवता की नींव रखी। आज अक्षय तृतीया के दिन मां गंगा पृथ्वी पर आई थीं। प्रदेश महामंत्री पंडित उमेश जोशी ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के अवतार थे। समारोह का संचालन संदीप चतुर्वेदी ने किया। इस मौके पर दीपिका गुड़िया, लता तिवारी, लता शर्मा, भास्कर त्यागी, प्रदीप जोशी, अरविंद शर्मा, सुधा शर्मा, आरसी त्रिपाठी, मोहन चंद्र पपने, गिरीश अधिकारी, विमल गुड़िया आदि उपस्थित थे। उधर, ब्राह्मण सभा समिति ने भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान समिति ने हवन पूजन किया। इस मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, महासचिव संजय शर्मा, सचिव शशिकांत शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा मौजूद रहे। अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा ने शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। ब्राह्मण उत्थान महासभा के महानगर अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मणों ने उच्च समाज की स्थापना की है। जिसमें मानवीय गुणों का समावेश है। इस अवसर पर भास्कर त्यागी,विमल गुडिया, देवांग मिश्रा, अरविन्द शर्मा, लता शर्मा, लता तिवारी, सुखवर्षा पंत आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में हवनमें शिरकत करते ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी एवं सदस्य।

### बाजपुर में भी परशुराम जन्मोत्सव पर किए धार्मिक अनुष्ठान

**बाजपुर** : भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शुक्रवार को ब्राह्मण सभा बाजपुर की ओर से कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में स्थापित मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान किया गया। पं .गौरव मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन करवाया। इस दौरान आगामी दिनों में होने वाली शोभायात्रा की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस मौके पर बीडी मिश्रा, रवि उप्रेती, विवेक पांडे, राजेश पाठक, मुकुंद जानू शुक्ला, मयंक शर्मा, राहुल शर्मा, विक्की शर्मा, शशिकांत कौशिक, विश्वास जोशी, अभिषेक तिवारी, राजाराम तिवारी आदि मौजूद रहे।


डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी में एनसीसी आर्मी भर्ती प्रक्रिया में शिरकत करते बच्चे।

### डायनेस्टी में एनसीसी आर्मी विंग भर्ती प्रक्रिया शुरू

**खटीमा** : डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म में 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी के तत्वावधान में वर्तमान सत्र के अंतर्गत आर्मी विंग की जूनियर डिवीजन हेतु भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इसमें 105 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय परिसर में आयोजित प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता पास करने के पश्चात अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा दी। इसमें 50 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराने में बटालियन के सूबेदार मोहन सिंह, एनसीसी लेफ्टिनेंट दिगंबर भट्ट, डीआई दया किशन पंत, सेकंड ऑफिसर कविता सामंत शामिल रहे। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने चयनित अभ्यर्थियों व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन आदि उपस्थित रहे।

# यूएई में रुद्रपुर के जय ने जीता कांस्य पदक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आबू–धाबी (यूएई) में आयोजित यूथ एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप में हल्द्वानी के युवराज सिंह खाती ने रजत पदक और रुद्रपुर के जय लोहनी ने कांस्य पदक जीतकर कर प्रदेश के साथ ही देश का नाम रोशन किया है। यूएई में यह प्रतियोगिता 4 से 8 मई तक आयोजित हुई।

शुक्रवार को जानकारी देते हुए जु–जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर के महासचिव व मुख्य प्रशिक्षक ऋषि पाल भारती ने बताया कि जु–जित्सु इंटरनेशनल फेडरेशन (जेजेआईएफ) व जु–जित्सु एशियन यूनियन (जेजेएयू) के नेतृत्व में यूएई में यह प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें एशिया से 24 देशों के 683 जु–जित्सु खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। देश की ओर से 27 जु–जित्सु खिलाड़ियों ने देश का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में भारतीय जू –जित्सु टीम ने दो रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं।


खिलाड़ियों को सम्मानित करते जू–जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष।

इसमें हल्द्वानी के युवराज सिंह खाती ने अंडर 18 आयु वर्ग के (– 48 किग्रा) की जु–जित्सू फाइटिंग में रजत पदक और रुद्रपुर के जय लोहनी ने अंडर 18 आयु वर्ग के (– 48 किग्रा) की जु–जित्सु फाइटिंग में कांस्य पदक जीता है। इसके अलावा हल्द्वानी की रिद्धिमा नेगी और देहरादून के अश्मित मुंगरा ने टॉप फॉर में जगह बनायी। टीम के साथ कोच अमित अरोरा, एमआर शाहिद, शेट्टी बालकृष्ण शामिल रहे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विनय कुमार जोशी, महासचिव अमित अरोड़ा, इंडियन जु-जित्सु टीम कोच एमआर शाहिद, जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अध्यक्ष रसिका सिद्दीकी, डीएसओ जानकी कार्की, जिला जु-जित्सु संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, किशोर सिंह मौजूद रहे।

# मास्टर स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**आयोजन**

▸▸ दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में बच्चों को योग व प्रोटीन युक्त भोजन करने की सलाह

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मास्टर इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें केवीआर अस्पताल के चिकित्सकों ने निःशुल्क करीब 500 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की।



केवीआर अस्पताल के चिकित्सकों को सम्मानित करते स्कूल के डायरेक्टर व प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में प्रथम दिन कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 के सभी छात्र-छात्राओं का हाइट, वेट, आंख की जांच, नाक, कान, गला एवं हड्डी की जांच, विटामिन ए और डी की जांच आदि बीमारियों का गहन परीक्षण किया गया। साथ ही बच्चों को शारीरिक परीक्षण कार्ड भी उपलब्ध कराए गए। इसमें उनके शारीरिक परीक्षण का विवरण दिया गया था और सभी बच्चों की ओपीडी हॉस्पिटल में अगले दो दिन तक निःशुल्क रहेगी। दूसरे दिन 09 मई को कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के सभी छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इसमें आंख, कान, शुगर की जांच, ब्लड-प्रेशर, ईसीजी इत्यादि बीमारियों का परीक्षण किया गया। इस दौरान स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी शारीरिक स्वास्थ्य का परीक्षण कराया गया। चिकित्सकों ने बच्चों को प्रतिदिन योग करने, प्रोटीन युक्त भोजन खाने तथा फास्ट फूड को नहीं खाने की सलाह भी दी। उधर स्कूल की डायरेक्टर शिल्पी गर्ग तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. गौरव गर्ग ने केवीआर के चिकित्सक डॉ. कुशाल अग्रवाल, डॉ. वासिफ, डॉ. जरीफ, डॉ. नैना एवं अन्य सहयोगी टीम का आभार जताते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

# जानलेवा हमले में प्रधान सहित दस पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके के गांव नरपत नगर में समझौते के नाम पर परिवार पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रधान सहित दस हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव नरपत नगर की रहने वाली उर्मिला देवी ने बताया कि 5 मई को उनके द्वारा गांव के ही सुनील कुमार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज करवाया था। इसको लेकर गांव के प्रधान विक्रम सिंह द्वारा बार-बार समझौता करने का दबाव बनाया और समझौते के नाम पर प्रधान रात्रि 8 बजे आरोपी पक्ष के सुनील, पिंटू, छोटे लाल, मदनपाल, सूरज भान, राज, रोहित, मोहित, मदन पाल का दामाद, बबलू सहित चार से पांच अज्ञात साथियों के साथ हथियारों से लैस होकर आए और प्रधान की मौजूदगी में परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें उसके परिवार के सीमा, दिनेश, राकेश, पारुल, मुकेश, हरि जीवन, उर्मिला, सुमेश, रशनात, अनुज और अंजली को गंभीर रूप से घायल हो गए। तलवार के घातक हमले में देवरानी सीमा के सिर पर सात टांके, हरी जीवन विश्वास के सिर पर दस टांके, पति मुकेश के सिर में बीस टांके और अन्य को गंभीर चोटें आई थी। पुलिस ने प्रधान सहित हमलावरों पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

**मौसम की मार** दस दिनों में आठ कोबरा सहित विभिन्न प्रजाति के सांपों को वन विभाग ने रेस्क्यू कर छोड़ा है जंगल

# तराई में तपिश बढ़ते ही बिलों से बाहर निकल रहे सांप

राजू वर्मा, काशीपुर

**अमृत विचार :** तराई का तापमान बढ़ने से आम लोगों के साथ ही सांपों को भी परेशानी होने लगी है। तपिश बढ़ते ही सांप अपने बिलों से बाहर आ रहे हैं। तराई पश्चिम से सटी आबादी क्षेत्र में सांप कई बार दिखे हैं। वन विभाग ने 10 दिनों में ही करीब आठ सांपों का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा है।

तराई पश्चिम वन प्रभाग से काशीपुर, जसपुर व बाजपुर सटे हुए हैं। तपिश बढ़ने का असर वन्यजीवों के साथ ही सांपों में भी दिखने को मिल रहा है। वन विभाग के एसडीओ संदीप गिरी ने बताया कि ठंड शुरू होते ही सांप अपने बिलों में चले जाते हैं। अधिक ठंडा होने पर उनकी मौत होने की संभावनाएं रहती है। इसीलिए सांप बिलों से बाहर नहीं आते हैं। वहीं गर्मी शुरू होते ही भोजन की तलाश में बिलों से बाहर निकलते हैं। उन्होंने बताया कि तराई में तपिश बढ़ गई है। इससे जहरीले सांपों का बाहर व आबादी में आना शुरू हो गया है। सांप गर्मी अधिक होने पर ठंडी जगहों की तलाश करते हैं। बताया कि जहरीले सांप कोबरा, रसल वाइपर और करैत सांप तराई में अधिक दिखते हैं। तराई का तापमान करीब 39 डिग्री के करीब है। आगामी दिनों में तापमान और बढ़ सकता है। सबसे अधिक विषैला सांप किंग कोबरा होता है।


सांप का रेस्क्यू करते अब्दुल वाहिद।

### सांप के काटने से मौत पर छह लाख का मुआवजा

**काशीपुर** : शहर व गांव में सांप निकल रहे हैं। वन विभाग रेस्क्यू कर सांपों को जंगलों में छोड़ रहा है। बताया कि सांप के काटने से मौत होने पर करीब छह लाख रुपये तक का मुआवजा वन विभाग संबंधित व्यक्ति के परिवार को देता है।

### सांप के काटने पर घबराएं नहीं

**काशीपुर** : जहरीले सांप के काटने के बाद घबराना नहीं चाहिए। घबरा जाने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाएगा। इससे जहर जल्दी फैलने लगता है। सभी चीजों का ध्यान रखकर सीधे अस्पताल ले जाना चाहिए।

### बारिश पड़ी तो और निकलने शुरू होंगे सांप

काशीपुर। 30 सालों से सांप को रेस्क्यू कर रहे काशीपुर के अब्दुल वाहिद बताते हैं कि बारिश पड़ने पर जमीन और गर्म हो जाएगी। इससे और अधिक सांप बिलों से बाहर निकलेंगे। बताया कि भपका अधिक होने से ही सांप अधिक परेशान होता है।

### खुद की सुरक्षा के लिए डंसता है सांप

**काशीपुर** : विशेषज्ञों की मानें तो सांप लोगों से दूरी बनाए रखता है। अधिक गर्मी होने पर सांप ठंडी जगहों की तलाश में आबादी में आ जाता है। लोगों से आमना–सामना होने व सांप के शरीर में पैर रखने या सांप देखकर करीब जाने पर ही सांप चिड़चिड़ा होकर डंसता है। खासकर कोबरा सांप को देखकर दूरी बना लेना चाहिए।

## खैर की लकड़ी ले जाते तीन तस्कर दबोचे

**किच्छा:** वन विभाग की टीम ने लग्जरी स्कॉर्पियो कार व पिकअप में को खैर के चार गिल्टों के साथ तीन तस्करों को दबोच लिया। टीम ने खैर के गिल्टों को कब्जे में लेकर दोनों वाहनों को सीज करते हुए डॉली रेंज लालकुआं परिसर में खड़ा कर दिया है। वन क्षेत्राधिकारी डॉली रेंज नवीन सिंह पवार, डिप्टी रेंजर शिव सिंह डांगी एवं मनोज जोशी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने शुक्रवार की सुबह करीब 5 बजे ऊंचा गांव क्षेत्र में गुजर रहे पिकअप एवं स्कॉर्पियो को रोक लिया। तलाशी के दौरान टीम ने दोनों वाहनों में रखे खैर लकड़ी के चार गिल्टों को बरामद कर लिया। इस दौरान टीम ने लकड़ी तस्करी के आरोप में अमजद अली उर्फ गुड्डू, गुरदेव सिंह एवं सोनू सिंह को हिरासत में ले लिया।

## सार-संक्षेप


किच्छा में झाड़ियों में लगी आग बुझाता दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### पेट्रोल पंप एवं कोक एजेंसी के निकट झाड़ियों में लगी आग

**किच्छा** : लालपुर चौकी क्षेत्र में हाईवे किनारे पेट्रोल पंप एवं कोक एजेंसी के निकट झाड़ियों में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने समय रहते आग बुझाया। नगर के रुद्रपुर–किच्छा राष्ट्रीय राजमार्ग के लालपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पंप एवं कोका–कोला एजेंसी के निकट झाड़ियों में अचानक देर रात्रि आग लग गई। कुछ ही देर में आग की तेज लपटें झाड़ियों से उठने लगीं। स्थानीय लोगों ने दमकल टीम को घटना की जानकारी दी। सूचना पर फायर टीम के यूनिट प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में संजय सिंह एवं दीपक बसेड़ा की टीम फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर तुरंत मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। चीनी मिल से दमकल वाहन में पानी भरकर लौट रही फायर बिग्रेड की टीम ने समय रहते मौके पर पहुंच कर कई बकरियों को बचा लिया। हालांकि गौशाला में आग की घटना में एक बकरी की जलकर मौत हो गई और एक बकरी बुरी तरह झुलस गई। टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से 15 बकरियों को जलने से बचा लिया।



खटीमा में पालिका विस्तार पर हर्ष व्यक्त करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पालिका विस्तार की अधिसूचना जारी होने पर हर्ष

**खटीमा** : भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका के विस्तार की अधिसूचना जारी होने पर मुख्य चौक पर पहुंचकर आतिशबाजी की और मिष्ठान वितरण कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। नगर पालिका का परिसीमन होने से अब उम्र खुर्द आंशिक, ऊंची महुवट, गोसीकुआं, भुडाई, मुडेली, नौगवां ठग्गू आदि क्षेत्र नगर पालिका के साथ जुड़ जाएंगे। इससे पूर्व लोनिवि में नगर अध्यक्ष जीवन सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला महामंत्री सतीश गोयल ने परिसीमन के निर्णय पर पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखरिया, नंदन सिंह खड़ायत, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भुवन जोशी, सतीश गोयल, अंजू देवी, अमित चिलकोटी, रमेश जोशी, अमित पांडे, महेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।


खटीमा में प्रचार सामग्री के साथ राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के बच्चे।

### ग्रीष्मावकाश में बच्चे लोगों को करेंगे जागरूक

**खटीमा** : राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में यूथ एंड इको क्लब के माध्यम से जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा प्राप्त पोस्टर्स स्लोगन आदि का वितरण बच्चों में किया गया। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार पांडे ने कहा कि स्लोगन पोस्टर वितरित करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि विद्यालय के बच्चे जनपद में जहां भी रहते हैं ग्रीष्म अवकाश में समाज में डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार आदि रोगों के बारे में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कर सकें। इस अवसर पर अजय पाल, योगेंद्र सिंह, डॉ हेमलता पाठक, अनिल कुमार राठौर आदि मौजूद रहे।

### बस स्टेशन पर पानी के लिए तरसते हैं यात्री

**नानकमत्ता** : परिवहन निगम के अधिकारियों की लापरवाही के चलते बस स्टेशन में यात्रियों को चिलचिलाती गर्मी में पीने का पानी नहीं मिल रहा है। बसों में सवार होकर आने वाले यात्री पानी की तलाश करते देखे जाते हैं। स्टेशन में न तो कोई टंकी है और न ही अन्य कोई साधन। एकमात्र हैंडपंप काफी समय से खराब है।




जसपुर में छात्रों को नशा मुक्ति की जानकारी देते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### छात्रों को नशामुक्ति का पाठ पढ़ाया

**जसपुर** : जसपुर पुलिस ने "नशा मुक्ति जागरूकता अभियान" के अंतर्गत स्थानीय पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज में बच्चों को नशे से बचने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेश वर्मा, एसआई जावेद मलिक, एसआई बबीता गोस्वामी, कांस्टेबल सीमा, होमगार्ड निर्मलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।


नेत्र शिविर के दौरान आंखों की जांच कराते कर्मी। ● अमृत विचार

### अग्निशमन विभाग ने लगाया नेत्र चेकअप शिविर

**काशीपुर** : अग्निशमन विभाग ने काशीपुर के एक अस्पताल के सहयोग से एक नेत्र चेकअप शिविर का आयोजन किया। इस दौरान अग्निशमन विभाग में कार्यरत कर्मियों की नेत्रों की जांच की गई। काशीपुर अग्निशमन विभाग के प्रभारी गोविन्द राम ने बताया कि आग बुझाने के दौरान विभाग के कर्मियों को आंख से संबंधित बीमारियां न हो इसको लेकर शिविर लगाया गया। शिविर में 50 से अधिक कर्मियों ने अपनी आंखों की जांच कराई।

# गंदी नालियों की मैपिंग के लिए करें सर्वेक्षण

## गंगा सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश देकर कहा- नालों का पानी सीधे नदियों में ना छोड़ा जाए

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में नवीन कलक्ट्रेट परिसर में जिला गंगा सुरक्षा समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिकारियों को जनपद में गंदी नालियों की मैपिंग के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अगर मैपिंग के कार्य के लिए बजट की आवश्यकता हो तो बजट की मांग जिला गंगा सुरक्षा समिति के अंतर्गत की जाए। उन्होंने जिला परियोजना अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि नदी किनारे स्थित ग्राम पंचायतों के अंतर्गत कितनी बसावट है इसकी सूचना उपलब्ध कराई जाए। बैठक में जिला पंचायत द्वारा किस प्रकार नॉन डिग्रबल वेस्ट और बायोडिग्रबल वेस्ट को किस प्रकार ट्रीट किया जाए और इसके निस्तारण एवं व्यवस्था के बारे में भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपलिका चौखुटिया, भिकियासैंण को निर्देश दिए कि गंदे नालों का पानी सीधे नदियों में ना छोड़ा जाए। यदि उपलब्ध हो तो एसटीपी या एफएसटीपी तैयार करवाएं। पेयजल विभाग द्वारा वर्तमान में कराए जा रहे सीवर लाइन के कार्य की भी समीक्षा की गई। पेयजल विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि सीवर लाइन का 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, उप जिलाधिकारी द्वाराहाट सुनील कुमार राज, जिला परियोजना अधिकारी रंजीता सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


अल्मोड़ा में अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी विनीत तोमर। ● अमृत विचार

### सड़कों और फुटपाथ से हटाएं अतिक्रमण

**अल्मोड़ा :** डीएम ने नवीन कलक्ट्रेट में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा की गई। डीएम ने अधिकारियों को सड़कों पर साइन बोर्ड लगाने, दुर्घटना की स्थिति में एंबुलेंस की उपलब्धता बनी रहने, दुर्घटना संभावित सड़कों पर सुरक्षात्मक कार्य करने, अतिक्रमण हटाने, भार वाहक वाहनों में ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड पर नियंत्रण करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाने और वाहन चलाते वक्त मोबाइल का प्रयोग करने वाले चालकों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत वरुणा अग्रवाल, एसडीएम द्वाराहाट सुनील कुमार, सीएमओ डा. आरसी पंत, एआरटीओ रानीखेत निर्मला आर्या समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

### वनाग्नि रोकने को लिया जाए पंचायतों का सहयोग

**अल्मोड़ा :** जंगलों को आग से बचाने के लिए हमें गंभीरता से प्रयास करने होंगे। वनाग्नि को रोकने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जाए और इस कार्य में वन पंचायतों का सहयोग लेकर वनाग्नि की घटनाओं को कम से कम करने का प्रयास भी किया जाए। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने यह बात जनपद में वनाग्नि की घटनाओं को रोकने एवं प्रभावी नियंत्रण किए जाने के संबंध में नवीन कलक्ट्रेट में आयोजित एक बैठक के दौरान अधिकारियों से कही। जिलाधिकारी ने कहा कि वन पंचायतों का यह दायित्व है कि वह जंगलों में आग लगाने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित करे। बैठक में सरपंच जिला अध्यक्ष गणेश चंद्र जोशी, प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, उप जिलाधिकारी द्वाराहाट सुनील कुमार राज, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान मंजुल मेहता सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### श्रद्धालुओं और दुकानदारों के बीच मारपीट, एक घायल

**टनकपुर :** शुक्रवार की सुबह टनकपुर के शारदा घाट में मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को आए श्रद्धालुओं व घाट के दुकानदारों के बीच किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने घाट में जमकर बवाल मचाया, जिससे अफरा तफरी मच गई। इस घटना में शारदा घाट में दुकान चलाने वाला युवक बुरी तरह घायल हो गया। उसे हायर सेंटर भेजा गया है। बाद में श्रद्धालुओं द्वारा माफी मांगने के बाद मामला सुलझा लिया गया। बताया जाता है कि लखनऊ के चारबाग से तीन दर्जन से अधिक श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन के बाद शारदा घाट स्नान के लिए पहुंचे थे। इसी बीच घाट में पुजारी से एक श्रद्धालु विजय गौड़ के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि श्रद्धालु पुजारी के साथ मारपीट पर उतर आए। उन्होंने पुजारी को सीढ़ी से धक्का दे दिया। वहीं मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर पुजारी को गिरने से बचा लिया। बाद में श्रद्धालुओं ने किसी की बात नहीं सुनी और मारपीट कर हंगामा काटते रहे। श्रद्धालुओं ने शारदा घाट में दुकान चला रहे सूरज शर्मा व उनकी माता को भी बुरी तरह से पीट दिया। पुलिस मारमीट में शामिल लोगों को कोतवाली ले आई। विजय गौड़ के साथ आए सभी ने पंडित पवन त्रिपाठी व राजीव कुमार त्रिपाठी से माफी मांग ली।

## सार-संक्षेप

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** जिले के दन्या क्षेत्र में गांव की एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बीते नौ मई को दन्या क्षेत्र के एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उसके ही गांव के एक युवक ने उसकी नाबालिग बहन के साथ दुष्कर्म किया और उसके बाद किसी को कुछ बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष विजय नेगी ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश में जगह जगह दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की है।

### स्मैक के साथ एक नेपाली युवक गिरफ्तार

**टनकपुर :** जनपद चम्पावत में पिछले लंबे समय से स्मैक के साथ-साथ चरस की तस्करी का कारोबार भी तेजी से बढ़ रहा है। इस तस्करी के कारोबार में भारतीय ही नहीं अब पड़ोसी देश के लोग भी भारत सीमा में प्रवेश कर यह कारोबार फैला रहे हैं। जिसके कारण यहां का युवा वर्ग मादक पदार्थ के सेवन में लिप्त होता जा रहा है। इधर टनकपुर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने शारदा बैराज क्षेत्र से एक नेपाली युवक के पास से स्मैक बरामद की है। चेकिंग अभियान के दौरान 21 वर्षीय इनोद एरी पुत्र पदम बहादुर एरी निवासी वार्ड नंबर 9, ब्रह्मदेव, जिला कंचनपुर, नेपाल को 7.30 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा गया। कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सीमा बल ने चलाया स्वच्छता अभियान

**रानीखेत :** सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय में मेरी लाइफ कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान गांधी चौक व चिल्ड्रन पार्क तक चलाया गया। शुक्रवार को एसएसबी की ओर से कार्यक्रम का शुभारंभ सीमा बल के अधिकारियों, जवानों, छावनी परिषद तथा माउंटेनियरिंग व आउटडोर क्लब के सदस्यों की ओर से टैक्सी स्टैंड स्वच्छता अभियान चलाया जो गांधी चौक, चिल्ड्रन पार्क तक चला। कार्यक्रम में सीमा बल की महानिरीक्षक अमित कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी कमल जोशी चंद्र जोशी, दीपक कुमार, विकास कुमार, नरेश कुमार, कैंट के एपी सिंह, माउंटेनियरिंग के सुमित गोयल, अरविंद शाह, अशोक मेहरोत्रा, गौरव पांडे आदि सम्मिलित थे।

### ओम भंडारी का नेशनल कैंप में चयन



**टनकपुर :** टनकपुर के उभरते बॉक्सर ओम भंडारी का नेशनल कैंप के लिए चयन हुआ है। बॉक्सिंग प्रशिक्षक ललित मोहन कुंवर ने बताया कि बॉक्सिंग छात्रावास टनकपुर के ओम भंडारी का 67 भार वर्ग में 13 मई से 27 मई तक इंस्पायर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोट्र्स, जेएसडब्ल्यू बिलारी, कर्नाटका में आयोजित सब जूनियर नेशनल कोचिंग कैम्प में चयन हुआ। इससे पूर्व ओम भंडारी इस वर्ष 19 मार्च से 25 मार्च तक नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित सब जूनियर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक उत्तराखंड के नाम कर चुके हैं। इधर ओम भंडारी का नेशनल कैंप में चयन होने पर जिला जिला कीड़ाधिकारी भुवन चन्द्र पन्त, उप कीड़ाधिकारी चंदन सिंह बिष्ट, जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक, महासचिव विकास राय, कोषाध्यक्ष आलोक अग्रवाल, मनोज कुमार गुप्ता, दीपक शारदा, स्टेडियम प्रभारी मुकेश शर्मा, फुटबॉल प्रशिक्षक गौरव खोलिया, सूरज पांडे, रेखा पांडे, नवीन चौहान आदि ने बधाई दी।

### उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में गड़बड़ी का लगाया आरोप

**टनकपुर :** राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्तर पुस्तिका की जांच में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने महाविद्यालय की प्राचार्य अनुपमा तिवारी के माध्यम से परीक्षा नियंत्रक सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के नाम संबोधित ज्ञापन देकर उत्तर पुस्तिकाओं का दोबारा मूल्यांकन कर नए सिरे से परीक्षा फल घोषित करने की मांग उठाई है। छात्र मनीष बिष्ट और राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य को दिए गए ज्ञापन में यह आरोप लगाया है। ज्ञापन देने वालों में अंजलि, सुनीता श्वेता, संदीप सिंह, अभिजीत, मनीषा, करन, पंकज, खुशी, प्रीति, रोशनी, प्रियांशु आदि छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### स्थायी राजधानी के साथ ही गैरसैंण में बने उच्च न्यायालय



**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने प्रदेश सरकार से राज्य आंदोलन की भावना के अनुरूप स्थाई राजधानी तत्काल गैरसैंण घोषित करने के साथ उत्तराखंड उच्च न्यायालय को भी गैरसैंण में स्थापित करने पर गंभीरता से विचार करने की मांग की है। उपपा ने कहा कि उत्तराखंड का दुर्भाग्य है कि जिस हिमालयी राज्य का सपना यहां की जनता ने देखा था। उसकी अवधारणा के केंद्र में गैरसैंण रहा है, जिसके साथ सुनियोजित रूप से धोखाधड़ी की जा रही है। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य बनने के पिछले 24 वर्षों में विकास के नाम पर इस हिमालयी राज्य की संवेदनशीलता, पर्यावरणीय विशेषताओं के साथ खिलवाड़ हुआ है। उपपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार को जनभावनाओं के अनुरूप स्थाई राजधानी, उच्च न्यायालय के साथ सभी सरकारी विभागों के मुख्यालय गैरसैंण में स्थापित करने का निर्णय लेना चाहिए।

### बेतालेश्वर सड़क का न हुआ सुधारीकरण तो करेंगे आंदोलन

**अल्मोड़ा :** नगर से लगे स्यालीधार बेतालेश्वर मोटर मार्ग की बदहाली से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा है। स्थानीय लोगों ने कहा है कि लंबे समय से स्यालीधार बेतालेश्वर मोटर मार्ग की हालत खस्ता बनी हुई है। जिस कारण इस मार्ग से जुड़े दर्जनों ग्राम पंचायतों के लोगों को आवगमन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खस्ताहाल सड़क के कारण आए दिन दोपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ज्ञापन में पूर्व प्रधान तलाड़ विनोद कनवाल, सरपंच दयाल सिंह, प्रेम सिंह लटवाल, आनंद कनवाल, बद्रीदत्त पांडे, रविंद्र खोलिया, राजू आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

### मोटर साइकिलों की भिड़ंत में दो लोग घायल

**लोहाघाट :** पाटी ब्लाक के पोखरी में दो बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। शुक्रवार को चोमैल से लधौली शादी में शामिल होने जा रहे कमल सिंह बिष्ट व दिव्यांग महेश बिष्ट अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। पोखरी के पास पाटी से लोहाघाट की ओर आ रही बुलेट की मोटर साइकिल से आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल में सवार कमल बिष्ट व दिव्यांग महेश बिष्ट घायल हो गए। बुलेट सवार बलराज पाटनी व चंदन सिंह को मामूली चोटे आई हैं। ड्यूटी से घर की ओर वापस आ रहे फार्मासिस्ट योगेश कनौजिया ने दुर्घटना स्थल में ही घायलों को प्राथमिक उपचार दिया तथा ग्रामीणों के सहयोग से 108 केजरिए घायलों को पाटी चिकित्सालय भेजा।

# सोमेश्वर-कौसानी मार्ग पर चलने लगे वाहन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** बुधवार की देर शाम सोमेश्वर के चनौदा में बादल फटने के कारण आई आपदा के बाद से बंद सोमेश्वर कौसानी हाइवे को करीब चालीस घंटे की मशक्कत के बाद शुक्रवार की दोपहर हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया है। इस मार्ग पर अभी बड़े वाहनों की आवाजाही संभव नहीं है, इसलिए बड़े वाहन रूट बदलकर गिरेछीना होकर गंतव्य तक पहुंच रहे हैं।

चनौदा में बादल फटने के बाद स्थानीय बाघ गधेरा उफान पर आ गया था। जिस कारण सोमेश्वर कौसानी हाइवे पर बड़े बड़े बोल्डर और मलबा आ गया था। गुरुवार की सुबह से यहां इस बंद मोटर मार्ग को खोलने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य शुरू किया गया, लेकिन गुरुवार की शाम तक भी मार्ग को नहीं खोला जा सका। शुक्रवार को फिर सुबह से ही विभाग की जेसीबी मशीनें सड़क से मलबा हटाने के काम में जुट गई। दोहपर तक बड़ी मुश्किल से इस मार्ग को छोटे वाहनों के लिए खोला जा सका। आपदा राहत कार्य में लगे अधिकारियों ने बताया कि मार्ग को सुचारू करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आपदा के दौरान इस मार्ग पर काफी अधिक मात्रा में मलबा व बोल्डर एकत्र हो गए हैं।


कौसानी-सोमेश्वर हाईवे पर मलबा हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

### चनौदा के आपदा पीड़ितों को बांटी राहत राशि

**अल्मोड़ा :** जिले की सोमेश्वर तहसील के चनौदा में बीते बुधवार की देर शाम बादल फटने के कारण आई आपदा के जख्म अभी तक नहीं भर सके हैं। आपदा के दौरान हुए नुकसान का अभी स्थानीय लोग और प्रशासन जायजा लेने में जुटे हुए हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी विनीत तोमर के निर्देश पर 68 आपदा पीड़ितों को 3,36, 500 रुपये की धनराशि वितरित की गई।

# 20 जून तक बंद की हवाई सेवा

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार :** इस वर्ष 22 फरवरी से शुरू हुई चम्पावत की हवाई सेवा बंद हो गई है। निजी कंपनी की यह सेवा तकनीकी कारणों के चलते शुक्रवार आज 10 मई से बंद हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्वाचन क्षेत्र चम्पावत से हल्द्वानी के लिए एकाएक उड़ान सेवा बंद होने से यहां के लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। फिलहाल ये हवाई सेवा 20 जून तक बंद रहेगी।

मालूम हो कि इस वर्ष 22 फरवरी को चम्पावत से सात सीटर हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हुई थी। इस सेवा के अंतर्गत हर दिन दो सेवा हल्द्वानी तक जाने के साथ दो सेवा हल्द्वानी से चम्पावत आती थी। हेलीकॉप्टर सेवा देने वाली निजी कंपनी हेरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के एमडी रोहित माथुर ने वाट्सएप संदेश के जरिए चम्पावत की हेलीकॉप्टर सेवा 10 मई से 20 जून तक स्थगित रहने की जानकारी दी है।

### हेली सेवा सुचारु रखने की उठाई मांग

**अल्मोड़ा :** हल्द्वानी से मुनस्यारी को शुरू हेली सेवा को नियमित रूप से सुचारु रखने की मांग भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से की है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने इस संबंध में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने कहा कि हेली सेवा शुरू होने से चीन सीमा के करीब रहने वाले लोगों को खासी राहत मिल रही है। इसके अलावा हेली सेवा शुरू होने पर्यटकों की तादात भी बढ़ रही है, लेकिन बीते कुछ दिनों से हेली सेवा बाधित चल रही है। जिस कारण अब स्थानीय लोगों और सैलानियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में पर्यटक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हेली सेवा मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएम धामी से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।


रीठा साहिब में जोड़ मेले की व्यवस्था पर चर्चा करते जिलाधिकारी नवनीत पांडेय।

### रीठा साहिब में जोड़ मेले की तैयारियां तेज

संवाददाता, टनकपुर अमृत विचार : सिख धर्म के लोगों के पवित्र स्थल रीठा साहिब गुरुद्वारे में 21 मई से तीन दिवसीय जोड़ मेले की तैयारी इस समय जोर-जोर से चल रही है। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने शुक्रवार को मेले की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के सुलभ यात्रा के लिए सड़क मार्ग, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर मार्ग में श्रद्धालुओं के अलावा अन्य लोगों को समस्या का सामना ना करना पड़े। कार्यक्रम के दौरान सीओ वंदना वर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एम सी पलडिया, संभागीय परिवहन अधिकारी सुरेंद्र वर्मा, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई बी एस बोरा, एसीएमओ कुलदीप यादव, तहसीलदार टनकपुर जगदीश गिरी आदि मौजूद रहे।

### जंगलों को आग से बचाने के लिए निकाली जागरूकता रैली

**अल्मोड़ा :** शुक्रवार को हवालबाग विकास खंड के कृषि इंटर कालेज विजयपुर पाटिया के स्कूली बच्चों ने आम लोगों को जंगलों की आग से सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से स्कूली बच्चों ने स्थानीय लोगों ने जंगल के महत्व और वनाग्नि से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हंस फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने विजयपुर पाटिया से जागरूकता रैली शुरू कर क्षेत्र के कोटयूरा और पाटिया गांव तक का भ्रमण किया। रैली के दौरान सैंकडों स्कूली बच्चों समेत संस्था के ब्लॉक समन्वयक चंद्रेश पंत, राजेंद्र भोज, दीपक ओली आदि मौजूद रहे।

### पेयजल संकट का समाधान न होने पर नाराजगी, स्थाई समाधान की मांग

**अल्मोड़ा :** पिछले दो दिनों से नगर में व्याप्त पेयजल संकट से आजिज आए भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जल संस्थान के अधिशासी अभियंता से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर के चल रही पेयजल किल्लत पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों ने इस समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की। शिष्टमंडल के सदस्यों ने कहा कि अल्मोड़ा नगर में साल भर किसी ना किसी कारण से पेयजल की किल्लत बनी रहती है। शिष्टमंडल में नगर महामंत्री अर्जुन बिष्ट, नगर कोषाध्यक्ष दिनेश मठपाल, सलमान अंसारी, मुकुल कुमार, अतुल पांडे व श्याम पांडे आदि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-66

**बाएं से दाएं**

3. 1. जलाने वाला 2. क्षीण या नष्ट करने वाला 3. क्षय करने वाला 4. पाचक शक्ति बढ़ाने वाला।

4. 1. घर के भीतर का खुला स्थान जो ऊपर से छाया न हो, सहन 2. चौक, अजिर 3. घर 4. आंगन, परिसर, प्रांगण।

6. जीवन के लिए उपयोगी।

9. 1. नए सिरे से आरंभ करना, नया बनाना

**ऊपर से नीचे**


1. एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक का समय।

2. 1. शकरखोरा नामक एक चिड़िया 2. जुगनूं जैसा आभूषण जो गले में पहना जाता है 3. ऐसा गहना जो पान के पत्ते के आकार का होता है।

5. आश्रित, दूसरे पर निर्भर, उपजीवी।

7. 1. कोई काम पूरा करने की क्रिया या भाव 2. कचौरी

8. 1. ज्ञान, बोध, आभास 2. प्रकाश, रोशनी।




### वर्ग पहेली -65 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 गु | ट | 2 बं | दी | ■ | 3 पें |
| 4 सु | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ट |
| 5 अ | नु | दा | र | वा | दी | ■ |
| व | ■ | ■ | घु | ■ | ■ | ■ |
| स | ■ | 6 ह | ड़ | ब | ड़ा | 7 ना |
| र | ■ | ■ | की | ■ | ■ | शि |
| ■ | 8 जो | ग | ■ | 9 की | म | त |

## सुडोकू-145

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | | | |
| 2 | | | 3 | 4 | | | | |
| 6 | | 3 | | | | | | |
| | 2 | | 1 | | | | | |
| 4 | 8 | | | | | | 5 | |
| | | | | 5 | 4 | | 9 | |
| | | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | | | 9 | 8 | | | |
| | | | | | 6 | 7 | | |

### सुडोकू -144 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 12 मई 02.03 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10.15 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष:** आज महत्वपूर्ण मुद्दे पर आप विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप तकनीक से जुड़े कार्यों में काफी रुचि ले सकते हैं। मित्रों के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष:** आज सभी काम अपनी निगरानी में करेंगे तो आपको सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। धन कमाने के नए साधनों पर काम कर सकते हैं। आर्थिक प्रगति होने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन:** आज सहयोगियों के साथ मतभेद दूर होंगे। अपनी प्रतिभा का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। आपको अजनबियों पर ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। व्यापार में बिक्री बढ़ने से पुराने नुकसान की भरपाई हो जाएगी।

**कर्क:** आज आय के बजाय व्यय ज्यादा होगा। कार्यक्षेत्र में आपका झगड़ा हो सकता है। अपने सहकर्मियों के साथ संवादहीनता न होने दें। आपका दिन काफी तनाव भरा रहने वाला है। परिजनों के साथ अनबन और मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**सिंह:** आज नई परियोजनाओं को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा समय है। परिवार में कुछ मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बड़े भाई-बहन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। उच्च पदासीन लोगों से सम्मान प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ समय का आनंद लेंगे।

**कन्या:** आज परिवार के सदस्यों के बीच मनमुटाव हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च होगा। पैतृक संपत्ति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**तुला:** आज बुद्धिमान लोगों की संगत में रहने से आप सही निर्णय ले पाएंगे। नवदंपति फैमिली प्लानिंग का विचार बना सकते हैं। सकारात्मक प्रवृत्ति के लोग धर्म-कर्म में रुचि लेंगे। आपको अधिकारी वर्ग से संभल कर रहना चाहिए।

**वृश्चिक:** आज रिश्तों के बीच अहम भावना न आने दें। परिवार में थोड़ी अशांति जैसा माहौल रहेगा। सरकारी कार्यों में अटक आ सकती है। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। व्यापार में धीमापन होने से थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**धनु:** आज व्यापार में बड़े अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। दूसरों की मदद करने के लिए आप प्रयासरत रहेंगे। सहयोगियों की मदद से आपको धन लाभ होगा। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बड़े-बुजुर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

**मकर:** आज पुराना ऋण चुकाने में आसानी होगी। करियर को लेकर बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएंगे। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है।

**कुंभ:** आज आपके आत्मसम्मान और स्वाभिमानी स्वभाव के बावजूद आपको आलोचना झेलनी पड़ सकती है। मीडिया और कला से जुड़े लोग संभल कर बयानबाजी करें। व्यापार में मनोनुकूल परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

**मीन:** आज हृदय रोगियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। आय के साथ-साथ आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। ज्यादा सोचने के बजाय जो चल रहा है उस पर ही ध्यान दें। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। आप के कुछ आवश्यक काम छूट सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा
सुबह :09.33
कहानी किस्मत की
रात : 07.00

SONY MAX
डॉन की जंग
सुबह : 08.20
गुमराह
रात : 08.43

SONY PIX
द मिशेल्स बनाम द मशीन्स
सुबह : 10.20
डोंट ब्रीथ 2
रात : 09.23

ZEE CINEMA
मोहरा
सुबह : 09.25
फितूर
रात : 07.55

colors CINEPLEX
अग्निपथ
दोपहर : 12.00
डियर जिंदगी
रात : 08.43

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 07.55 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

इंस्पेक्टर-तुम मुर्गियों को क्या खिलाते हो?
पहला मालिक- बाजरा
इंस्पेक्टर-खराब खाना, इसे गिरफ्तार कर लो।
दूसरा-चावल
इंस्पेक्टर-गलत खाना, इसे भी गिरफ्तार कर लो
अब सांता की बारी आई..
सांता डरते-डरते बोला-हम तो जी, मुर्गियों को ही 5-5 रुपए दे देते हैं, जो तुम्हारी मर्जी है जाकर खा लो।

पत्नी- मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाएं।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले। फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है, विद्या की रक्षा अभ्यास से, सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।


## संपादकीय

# उथल-पुथल का दौर

दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। यूक्रेन में युद्ध हो रहा है, गाजा में संघर्ष के हालात हैं, लाल सागर और अरब सागर में हमले हो रहे हैं, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में तनाव की स्थिति है, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में आतंकवाद है, हमारे सामने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ समस्या है। ये सभी घटनाक्रम मिलकर एक जबदरस्त उथल-पुथल की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। इस वर्ष दुनिया में कई अहम चुनाव भी होने हैं जिसमें भारत के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संसद का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। इन चुनावों का खासा महत्व रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का यूरोप, यूक्रेन और मध्य-पूर्व के युद्ध पर असर होगा। शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगाह किया कि संघर्षों, सत्ता केंद्रों में बदलाव और तेज होती प्रतिस्पर्धा के कारण इस दशक में दुनिया में बहुत अधिक उथल-पुथल होगी। विदेशमंत्री ने कहा कि ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि लोकसभा चुनाव में मतदाता विवेकपूर्ण तरीके से चुनाव करें ताकि भारत में एक मजबूत, स्थिर और परिपक्व नेतृत्व कायम रहे।

गौरतलब है कि देश में लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरणों का मतदान पूरा हो चुका है और मतदान के चार चरण अभी बाकी हैं। रूस की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखरोवा ने बुधवार को कहा था कि अमेरिका भारत के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी कर रहा है। इस पर अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि वे भारतीय चुनावों में दखल नहीं दे रहे हैं। चुनाव का नतीजा वहां की जनता खुद तय करेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनाव प्रचार भाषणों में कहा है कि दुनिया में कई लोग नहीं चाहते कि भारत में स्थिर सरकार हो। पीएम मोदी के इस बयान को कहीं न कहीं अमेरिका की उस रिपोर्ट पर निशाना भी माना गया जिसमें मानवाधिकार, भ्रष्टाचार के आरोपी विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी के साथ सीएए समेत कई मुद्दों का जिक्र था। इस रिपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की गई थी। पिछले दिनों विदेश मंत्रालय की तरफ से भी अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की वर्ष 2024 की रिपोर्ट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी। कुछ दिनों पहले माइक्रोसॉफ्ट की तरफ से कहा गया था कि चीन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिये भारत के चुनावों में हस्तक्षेप करने में लगा हुआ है। वास्तव में उथल-पुथल के बीच आज भारत का ताकतवर होना बेहद जरूरी है। महत्वपूर्ण है कि देश सभी चुनौतियों से पार पा लेगा। इसी के चलते दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत वैश्विक आशाओं का केंद्र बिंदु बनकर उभरा है।

# खेल नहीं खेल-खेल में शिक्षा का विचार


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

खेल विधि से शिक्षण की संकल्पना को सर्वप्रथम फ्रेडरिक फ्रोबेल ने सुव्यवस्थित रूप दिया। फ्रोबेल का मानना था कि बच्चों में एक पौधे की तरह उगने और पनपने की जन्मजात क्षमता होती है। विद्यालय एक बगीचा होता है, जहां शिक्षक उस माली की भूमिका में होते हैं, जो पौधों को पुष्पित-पल्लवित होने में अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं।

यह ऐसा सबक था जिसे बच्चे हमेशा याद रखेंगे। शिक्षक कक्षा में पहुंचे तो उनके हाथ में रोज की तरह थैला था। थैले से चाक निकालकर फर्श पर एक बड़ा सा गोला खींचा और बच्चों को उसके चारो ओर खड़ाकर हाव-भाव से कविता प्रस्तुत की। उसके बाद थैले में से प्लास्टिक के कुछ पशु-पक्षी निकाले और बच्चों से उनके बारे में बात करना शुरू किया। नाम, रंग, कहां पाए जाते हैं, क्या खाते हैं, कैसे चलते-बोलते हैं, कौन से पालतू हैं जैसी कितनी ही बातें। बच्चे अपने परिवेशीय अनुभवों के आधार पर उनके बारे में जानकारियां दे रहे थे।

इस बातचीत के दौरान बच्चे जहां एक दूसरे की सही बात का समर्थन कर रहे थे वहीं गलत जानकारी को करेक्ट भी कर रहे थे। शिक्षक ने बातचीत के ही दौरान बच्चों के समूह बनाकर उन पशु-पक्षियों में जलचर, थलचर और नभचर का वर्गीकरण कराया तथा छोटे समूहों में कहानी निर्माण कराते हुए उस पर चित्र बनवाया। बीच-बीच में मौखिक व लिखित रूप से आकलन करते हुए नई जानकारियां दी। बच्चे इस कक्षा में न केवल रुचिपूर्वक संलग्न थे, बल्कि व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए नए ज्ञान की रचना भी कर रहे थे। बच्चे हों अथवा बड़े 'खेल' सभी को आकर्षित करते हैं। इसके पीछे कारण यह है कि खेलों में चुनौती, आनंद, प्रतिस्पर्धा, स्वानुशासन, जीत का जज्बा जैसे कुछ खास गुण होते हैं, जो इन्हें लोकप्रिय बनाते हैं। यही कारण है कि शिक्षा को आनंददायी बनाने तथा विद्यालयों को 'प्लेस ऑफ जॉय' बनाने की जरूरत हमेशा से अनुभव की जाती रही है।

खेल विधि से शिक्षण की संकल्पना को सर्वप्रथम फ्रेडरिक फ्रोबेल ने सुव्यवस्थित रूप दिया। फ्रोबेल का मानना था कि बच्चों में एक पौधे की तरह उगने और पनपने की जन्मजात क्षमता होती है। विद्यालय एक बगीचा होता है, जहां शिक्षक उस माली की भूमिका में होते हैं, जो पौधों को पुष्पित-पल्लवित होने में अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं। फ्रोबेल का दृढ़ मत था कि उपयुक्त और अनुकूल वातावरण मिलने पर बालक का सर्वांगीण विकास होता है।



अपने विचार को धरातल पर उतारने के लिए उन्होंने 'किंडर गार्टन' की स्थापना की जिसका अर्थ ही होता है 'बच्चों का बगीचा'।

खबर है कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, कक्षानुरूप बुनियादी दक्षताओं का विकास करने तथा कक्षाओं को रुचिकर बनाने के लिए बच्चों के स्थानीय खेलों को भी कक्षा कक्षीय प्रक्रियाओं का अंग बनाया जा रहा है। माना जा रहा है कि इससे विद्यालयीय संस्कृति में बड़ा बदलाव दिखाई देगा। अगर पिछले कुछ दशकों पर दृष्टिपात करें तो हम पाते हैं कि खेलों को उनके विशेष गुणों के साथ विद्यालयों में लाने का कॉन्सेप्ट कोई नया नहीं है, बल्कि समय-समय पर शिक्षाविदों ने शिक्षा में खेल के गुणों की अनिवार्यता और अपरिहार्यता को स्वीकार किया है। वर्तमान में अगर बच्चों के परिवेशीय खेलों को कक्षा शिक्षण में शामिल करने की बात की जा रही है तो यह भी उसी विचार की पुनरावृत्ति है। ऐसा क्यों, इस पर विचार करते हैं।

हम अपने बचपन में खेले गए किसी भी खेल को याद करें। उस खेल से जुड़े तमाम वाकये आज भी हमारे मानस पटल पर अंकित होंगे। अगर गहराई से विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इस खेल में ऐसी कई संक्रियाएं, संबोध, दक्षताएं व कौशल थे, जो हमारे विद्यालयी पाठ्यक्रम का हिस्सा थे और जिन्हें कोई भी बच्चा हंसते- खेलते अर्जित कर लेता था। खेल के गुणों में रोचकता, सभी की सहभागिता, स्वानुशासन, स्वआकलन, प्रतिस्पर्धा, आत्मनियंत्रण, नवीनतम, लचीलापन, निर्णय लेना जैसे तमाम गुण होते हैं, जो इनको रुचिकर बनाते हैं। अगर यह गुण सीखने-सिखाने के तरीकों में शामिल किए जाते हैं तो निश्चित ही इन तरीकों में बच्चों की रुचि बढ़ेगी। स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले तथा तकनीकी दौर में लगभग लुप्त होते जा रहे इन खेलों के शिक्षा में आने से कक्षाओं का माहौल रोचक बनेगा और सीखने-सिखाने के अनुभवों में विविधता आएगी।

सवाल है कि यह संभव कैसे हो? दरअसल शिक्षा में खेल शामिल करने के विचार में सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष है खेल के गुणों को शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में शामिल करना। विगत दशकों में शिक्षा को रुचिकर व आनंददायी बनाने के लिए जो भी विचार आए उन्होंने परंपरागत शिक्षण अधिगम प्रणालियों के स्थान पर बच्चों की रुचि, सहभागिता और क्रिएटिव इन्वॉल्वमेंट पर प्रमुखता से फोकस किया, लेकिन यह विचार एक लंबे समय तक कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं का हिस्सा नहीं बन पाए, क्योंकि इनमें कदाचित 'रुचि, आनंद के साथ सृजनात्मक गतिशीलता एवं 'स्वयं ज्ञान की रचना' जैसे तत्वों का समुचित समावेश न था। दूसरे शब्दों में कहें तो इसमें विद्यालयीय परिस्थितियों में अनुकूल और संभव योजनाओं पर गहराई से काम नहीं किया गया। नतीजा यह रहा कि अधिकांश कक्षाएं इस विचार को ठोस नतीजों तक नहीं ले जा पाईं।

यह सीखने का एक मान्य और प्रचलित क्रम भी है। यहां शिक्षक और विद्यार्थी के बीच जो शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएं होती हैं, उनको आनंददायी बनाने में स्थानीय खेल प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इस विचार को संभव बनाने के लिए कक्षा शिक्षण योजनाओं में बचपन के खेलों को मात्र 'पूर्व अनुभव' की तरह ही नहीं, बल्कि 'शिक्षण के दौरान' और 'शिक्षण के पश्चात' इस प्रकार पिरोना होगा कि बच्चे पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को रुचि तथा सुगमता पूर्वक प्राप्त कर लें। इस विचार के क्रियान्वयन में प्रमुख सावधानी यह रखनी होगी कि कक्षाएं महज खेल भर बनकर न रह जाएं। यह भी कि खेल के बाद शिक्षक यह कहते न पाए जाएं कि आओ बच्चो! खेल हो गया अब पढ़ाई करते हैं।

सीखना किसी ज्ञात या अज्ञात अनुभव और उससे जुड़ी तमाम जिज्ञासाओं से प्रारंभ होता है। जिज्ञासाओं के समाधान के लिए हम अपने आसपास मौजूद परिवेश और उपलब्ध ज्ञान स्रोतों/संदर्भों की मदद लेते हैं। उपलब्ध समाधान का विभिन्न स्रोतों से मिलान करते हैं और विश्लेषण करते हैं। विश्लेषण की यह प्रवृत्ति प्राप्त जानकारियों को विविध परिस्थितियों में जांचने-परखने तथा वैध पुष्टि द्वारा निष्कर्ष अथवा ज्ञान की रचना तक ले जाती है।

यह सीखने का एक मान्य और प्रचलित क्रम भी है। यहां शिक्षक और विद्यार्थी के बीच जो शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएं होती हैं, उनको आनंददायी बनाने में स्थानीय खेल प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इस विचार को संभव बनाने के लिए कक्षा शिक्षण योजनाओं में बचपन के खेलों को मात्र 'पूर्व अनुभव' की तरह ही नहीं, बल्कि 'शिक्षण के दौरान' और 'शिक्षण के पश्चात' इस प्रकार पिरोना होगा कि बच्चे पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को रुचि तथा सुगमता पूर्वक प्राप्त कर लें। इस विचार के क्रियान्वयन में प्रमुख सावधानी यह रखनी होगी कि कक्षाएं महज खेल भर बनकर न रह जाएं। यह भी कि खेल के बाद शिक्षक यह कहते न पाए जाएं कि आओ बच्चो! खेल हो गया अब पढ़ाई करते हैं।


## प्रसंगवश

# कमजोर और मजबूत आदमी

वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत। कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्राय: मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

यहां कमजोर और मजबूत का संबंध शारीरिक शक्ति से नहीं है। कमजोरी वह है, जो मनुष्य को अभ्यंतर से, यानी नीयत और नैतिकबोध में कमजोर बनाती है। मजबूती वह है, जो मनुष्य को अभ्यंतर से ठोस एवं एकरूप तथा व्यवहार में विश्वसनीय बनाती है।

संसार परिवर्तनशील है। ठीक, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। यावत्चन्द्रदिवाकरौ। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क- यह था, है और रहेगा। एक अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं, वगैरह-वगैरह। बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है, अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद, यानि उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने, उनकी व्याख्या करने, उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पासटाइम होता है।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दो-बुरा आदमी कभी बुरा करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है (जब कि दूसरों की गलती को वह उनका दोष माने रहता है)। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था, उसके होशोहवास गुम हो गए थे, वह किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था, वगैरह-वगैरह। वह कभी, जी हां कभी भी, अपनी नीयत को दोष नहीं देगा। अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती, यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं फिरता। व्याख्या वही करता है, जो जानबूझ कर किए रहता है। उसे डर लगा रहता है कि जो सच में हुआ, कहीं लोग उस पर भरोसा न कर बैठें।

तीन-बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है तो उसके सामने, अकेले में, कह देता है, जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है।

चार-बुरा आदमी जब देखता है कि किसी को उससे स्नेह या मोह हो गया है तो वह उसका फायदा उठाने के लिए प्रवृत्त हो जाता है। अच्छा आदमी जब देखता है कि किसी को उससे मोह हो गया है, वह उस पर अतिशय विश्वास करने लगा है तो निश्चय कर लेता है कि इसकी वजह से उसका कोई नुक्सान न होने पाए। तब वह अपने फायदे के बजाय उसी के फायदे की बात सोचने लग जाता है।

पांच-बुरा आदमी शराब पीकर और बुरा बन जाता है, अच्छा आदमी शराब पीकर और अच्छा बन जाता है (वैसे तो उसे अपनी औकात पता रहती है, किंतु कभी अतिरेक हो भी गया तो वह अपने शरीर का नुकसान भले कर ले, किसी अन्य का नुकसान कतई नहीं करता।) प्राचीन काल में राज्याधिकारियों की नियुक्ति में आदमी को पहचानने का एक टेस्ट यह भी था (कौटिल्य का अर्थशास्त्र)।

बुरा आदमी संपत्ति पाकर और बुरा बन जाता है, अच्छा आदमी संपत्ति पाकर और अच्छा बन जाता है। बुरा आदमी शिक्षा पाकर और बुरा हो जाता है, अच्छा आदमी शिक्षा पाकर और अच्छा हो जाता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है, वह धर्मध्वज बन जाता है, अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से, दुनियादारी से परे हो जाता है। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर, आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर, अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत। कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

# सेवानिवृत्ति पश्चात वेतन वृद्धि का लाभ


डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

न्यायालय ने कहा कि जाहिरा तौर पर ऐसा लगता है कि नगर आयुक्त ने इस न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की अनदेखी की है।

वार्षिक वेतन वृद्धि सरकारी कार्मिकों द्वारा बीते वर्ष में किए गए संतोषजनक कार्यों के एवज में दिया जाता है। अमूमन यह सुविधा सभी कार्मिकों को मिलती है। बशर्ते किसी की वार्षिक वेतन वृद्धि दंड स्वरूप रोकी न गई हो। वेतन में यह बढ़ोतरी वर्ष में एक बार पहली जुलाई या पहली जनवरी को दिए जाने की व्यवस्था है। अर्थात् एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने के अगले दिन। यही अगला दिन सेवानिवृत्त कर्मियों के जीवन में आता नहीं है और वे स्वयं या पत्नी/ पति पेंशन में आजीवन अपूर्णीय आर्थिक नुकसान उठाते हैं। साल भर की सेवा पूर्ण करके 31 दिसंबर या 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर उनके वेतन में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं जोड़ी जाती है, नतीजतन पेंशन में लगातार नुकसान होता है।

कर्मचारियों ने स्वयं या उनके संगठनों ने इस समस्या को समय-समय पर नियोक्ताओं के समक्ष रखा, लेकिन उन्हें बीते वर्ष की सेवा के एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है। मामला उच्च न्यायालय से होते हुए उच्चतम न्यायालय की दहलीज तक पहुंच चुका है। अदालत ने विभिन निर्णयों में स्पष्ट कहा कि वार्षिक वेतन वृद्धि बीते वर्ष की सेवा के बदले में अर्जित राशि है और इसे देने के लिए अगले दिन अर्थात् पहली जनवरी या पहली जुलाई को सेवा में न रहना कोई शर्त नहीं हो सकता। विषय का अंधेरा पहलू (डार्क साइड) यह है कि एक तो खुशी-खुशी नियोक्ता यह सुविधा सेवानिवृत्त कार्मिकों को स्वयं से दे नहीं रहे हैं और केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) या उच्च न्यायालय का आदेश आने पर उसे सुप्रीम कोर्ट तक मुकदमेंबाजी में घसीटते हैं। शीर्ष न्यायालय का निर्णय सिद्धांतगत होते हुए भी, उसका लाभ केवल याची को ही देते हैं।

अभी हाल में इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर आयुक्त, नगर निगम मेरठ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। उन्होंने वेतन वृद्धि के एक दिन पहले 30 जून 2019 को सेवानिवृत्त हुए नगर निगम के कर्मचारी श्रीपाल को वेतन वृद्धि का लाभ न्यायालय के निर्देश पर नहीं दिया था।

न्यायालय ने कहा कि जाहिरा तौर पर ऐसा लगता है कि नगर आयुक्त ने इस न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की अनदेखी की है। उनकी इस तरह की धारणा और कार्रवाई के तरीके को दृढ़ता से हतोत्साहित और समाप्त किया जाना चाहिए। इससे पहले यह विषय इलाहाबाद उच्च न्यायालय की कई अन्य याचिकाओं में कार्मिकों के पक्ष में निर्णीत हो चुका है। भारत संघ व अन्य बनाम शिव बालक व अन्य (रिट ए संख्या-14527/2022, निर्णय तिथि 15.12.2022) मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने भारत संघ की याचिका को खारिज करते हुए अभिनिर्धारित किया कि 30 जून को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी पहली जुलाई को देय वेतन वृद्धि के हकदार हैं। इसी तरह का मत मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने योगेंद्र सिंह भदोरिया बनाम मध्य प्रदेश राज्य, उड़ीसा हाईकोर्ट ने अरुण कुमार बिस्वाल बनाम उड़ीसा राज्य और गुजरात हाईकोर्ट ने गुजरात राज्य बनाम तखतसिंह सोनगरा मामले में स्थिर किया।

दिल्ली व बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस विषय पर कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय दिए हैं। उत्तर प्रदेश में इस तरह के मामलों की भरमार है। कार्मिक व नियोक्ता के मध्य अंतहीन मुकदमों का सिलसिला जारी है। अंततः कानूनी लड़ाई नियोक्ता हार रहा है। फिर भी राज्य सरकार एक आदर्श नियोक्ता के रूप आगे आकर संवैधानिक न्यायालयों द्वारा तय किए गए कानून के अनुरूप नियम नहीं बना रही है।

उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ राज्य ने अगस्त 2023 में ही शासनादेश निर्गतकर सेवानिवृत्त तिथि को वेतनवृद्धि की अहर्ता प्राप्त, लेकिन अगली तिथि को सेवा में न रहने के कारण इससे वंचित कार्मिको को काल्पनिक वेतनवृद्धि (नेशनल इन्क्रीमेंट) की सुविधा प्रदान कर दी है, लेकिन उत्तर प्रदेश का वित्त व विधि विभाग इस विषय पर न्यायालयों के उत्तर की अनदेखी कर अपनों से मुकदमेबाजी में लगा है।

## सोशल फोरम

# हमदर्द बनकर उभरे कैफी


वह जब बोलते, तो जिस्म वैसी ही हरकत करता। जिस्म जैसी हरकत करता, दिमाग वैसी ही हलचल करता, दिमाग जो हलचल करता, वह ही लफ्ज बनकर जुबान पर फूटते, यानि एक ऐसी शख्सियत जिसकी कथनी और करनी एक थी, जो वह कहते थे, वह करके दिखाते थे।


हफीज किदवई
लेखक

ताउम्र सांप्रदायिकता के खिलाफ रहे, तो उसके समर्थन की एक भी गंदी छींट अपने दामन पर नहीं लगने दी। दुनिया ने उन्हें एक शायर माना, वह लोगों के हमदर्द बनकर उभरे। दुनिया ने उनमें रदीफ काफिया को बुनते देखा, तो उन्होंने एक से एक संगठन बुन डाले। इप्टा हो या पीडब्ल्यूए इनके बिना उसका इतिहास मुकम्मल ही नहीं हो सकता। इस सबके बीच अपने परिवार को बेइंतहा मोहब्बत और उनकी हर ख्वाहिश पर जान छिड़क कर एक करने का हुनर उनमें ही था, जो बहुत कम उमरी से कलम थामकर निकला हो और जब मुल्क को जरूरत हो तो अपना सब कुछ झोंककर उसे संवारने में जुट जाए। वह हैं अतहर हुसैन रिजवी यानी कैफी आजमी। मुंबई की शोहरत, आराम और चमक-दमक छोड़ वह मिजवा आ गए। सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट-काट सड़कें, स्कूल, रेलवे, अस्पताल, परिवहन, सबकी व्यवस्था करवाई। जब लड़कियों का स्कूल खोला तो गांव वालों का विरोध भी झेला मगर जीवट आत्मा ने स्कूल खोलकर लड़कियों को पढ़वा कर दिखाया।

आज भी मिजवा की लड़कियां फैशन शो कर रही लंदन में, किसने सोचा था यह भला। शबाना आजमी अपने पिता की इस अजीम विरासत को आसमान तक ऊंचा ले गईं। मुंबई से मिजवा का सफर पढ़ने वाला है और यह देखने का भी की, अगर आपने तय कर लिया है। अपनी मिट्टी की खुशबू को सात समंदर पार ले जाने का तो कोई रोक भी नहीं सकता। कैफी आजमी मेरी जिंदगी में यह एक ऐसी शख्सियत बनकर शामिल हुए, जिन्होंने हमें बर्दाश्त करना सिखाया और सच कहने से पीछे न हटना भी बतलाया। -फेसबुक वॉल से

# कठिन दौर से गुजर रही है नैनीताल की झील


प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

नैनीताल में खाली जमीन के नाम पर वन विभाग के निगरानी वाला वन क्षेत्र और तेज ढालदार कुछ जमीनें बची हुई हैं, जो बरसात के पानी को सोख पाने में असमर्थ हैं। पहले के मुकाबले यहां बरसात के सालाना औसत में गिरावट आई है। जाड़ों के मौसम में पहले जैसी वर्षा और बर्फबारी नहीं हो रही है।

एक नजर में देशी-विदेशी सैलानियों का मन मोह लेने वाली नैनीताल की खूबसूरत प्राकृतिक झील के जल स्तर में गर्मियां शुरू होते ही भारी गिरावट आ गई है। नैनी झील का जल स्तर करीब डेढ़ फिट के आसपास पहुंच गया है। जल स्तर में गिरावट का यह सिलसिला निरंतर जारी है। प्रतिदिन करीब पौन इंच झील के जल स्तर में गिरावट आ रही है। पर्यटक सीजन शुरू होने से पहले झील के जल स्तर में आई और आ रही इस गिरावट से तालाब के किनारों में डेल्टा उभर आए हैं, जो झील के प्राकृतिक सौंदर्य में बदनुमा दाग से दिख रहे हैं। साथ ही नैनीताल नगर की पेयजलापूर्ति और यहां के पर्यटन उद्योग पर बुरा असर पड़ रहा है।

नैनी झील नैनीताल का प्राण है। इस झील की कुदरती बनावट में ही इसकी असल खूबसूरती छिपी है। झील ही यहां के लोगों को रोजी-रोटी, भोजन-पानी, पहचान और आत्म सम्मान देती है। नैनी झील की सेहत और खूबसूरती से ही नैनीताल की खूबसूरती है। पर्यटन है, रोजगार है। सालाना अरबों का कारोबार है। इस झील से नैनीताल ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों के निवासियों को पीने का पानी और रोजगार मिलता है। नैनीताल का अस्तित्व झील पर ही टिका हुआ है। यहां की हरेक सांस झील के बूते ही चलती है। यहां के जीवन का संपूर्ण तानाबाना झील के इर्द-गिर्द ही घूमता है। बावजूद इसके पिछले तीन-चार दशकों में सबसे अधिक उपेक्षा इसी झील की हुई है।

नैनीताल नगर समेत आसपास के कई गांवों के वाशिंदे पीने के पानी के लिए इसी झील पर आश्रित हैं। यहां की स्थायी आबादी के साथ पर्यटकों की आमद भी साल-दर-साल बढ़ती चली जा रही है। इसी अनुपात में पीने के पानी की मांग भी बढ़ रही है। वर्तमान में नैनीताल नगर में 7108 घरेलू और 988 गैर घरेलू, कुल मिलाकर 8096 जल संयोजन हैं। यहां गर्मियों के दिनों में 22 से 25 एमएलडी और जाड़ों के दिनों में करीब 15 एमएलडी पानी की आवश्यकता होती है। पानी की संपूर्ण आपूर्ति झील पर निर्भर है। झील के जल स्तर के मद्देनजर उत्तराखंड जल संस्थान ने नगर में सिर्फ आठ एमएलडी पानी की आपूर्ति कर रहा है। जल संस्थान ने पूर्व से चली आ रही चौबीस घंटे जलापूर्ति की व्यवस्था को खत्म कर दिया है। अब सुबह और शाम को डेढ़ से दो घंटे की जलापूर्ति की जा रही है। जल संस्थान ने नगर की पेयजल व्यवस्था के लिए झील के किनारे दस ट्यूबवेल लगाए हैं। एक ट्यूबवेल पंप हाउस और चार ट्यूबवेल सूखाताल में लगे हैं।

मांग के सापेक्ष एक तिहाई पेयजलापूर्ति के बावजूद नैनी झील का जल स्तर निरंतर घटता जा रहा है। बरसात के मौसम में औसत से कम वर्षा होना और नैनी झील के जल संग्रहण क्षेत्र में कंक्रीट के जंगल का विस्तार इसकी मुख्य वजह मानी जा रही है। नैनीताल की झील का अधिकांश जल संग्रहण क्षेत्र कंक्रीट के जंगल से पट गया है। बरसात का पानी सोख कर झील को पानी देने के लिए अब खाली जमीन नहीं के बराबर बची हुई है। पहले वाहन चालित सड़कों को छोड़कर बाकी सभी सड़क-रास्ते कच्चे थे, ये बरसात का पानी सोखने का काम करते थे। अब नगर के सभी सड़क-रास्ते पक्के बन गए हैं। झील की तलहटी में मिट्टी-मलबा और कूड़ा-करकट भर जाने से तालाब के भीतर मौजूद प्राकृतिक जल स्रोत बंद हो गए हैं। झील की जल संग्रहण क्षमता भी घटी है।

एक दौर में नैनीताल में सैकड़ों प्राकृतिक जल स्रोत थे। अब अधिकांश जल स्रोत सूख गए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 1950 से पहले नैनीताल में 230 प्राकृतिक जल स्रोत थे। 1994 तक इनकी संख्या घटकर सिर्फ तीस रह गई थी। वर्तमान में नैनी झील के जल संग्रहण क्षेत्र में बमुश्किल दर्जन भर प्राकृतिक जल स्रोत जिंदा हैं। इनमें से ज्यादातर जल स्रोतों में बरसात के मौसम में ही पानी टपकता है। नैनी झील का सबसे महत्वपूर्ण जल संग्रहण क्षेत्र सूखाताल था। कालांतर में इस क्षेत्र में भी कंक्रीट का जंगल उग आया है। सूखाताल की इस बरसाती झील के बाकी हिस्से को भी आधुनिक युग के योजनाकारों ने सीमेंट से पाट दिया है।

नैनीताल में खाली जमीन के नाम पर वन विभाग के निगरानी वाला वन क्षेत्र और तेज ढालदार कुछ जमीनें बची हुई हैं, जो बरसात के पानी को सोख पाने में असमर्थ हैं। पहले के मुकाबले यहां बरसात के सालाना औसत में गिरावट आई है। जाड़ों के मौसम में पहले जैसी वर्षा और बर्फबारी नहीं हो रही है। बरसात में जितना पानी बरसता है, उसका अधिकांश हिस्सा नालों के द्वारा तेज रफ्तार से सीधे तालाब में पहुंचता है। पानी के साथ बहकर आया मिट्टी-मलबा और कूड़ा-करकट झील के गर्भ में समा जाता है। झील के भर जाने के बाद अतिरिक्त पानी की निकासी कर दी जाती है। इस सबके चलते मानकों के मुताबिक झील के जल स्तर को कायम रख पाना साल-दर-साल मुश्किल होता चला जा रहा है। गर्मी शुरू होते ही नैनीताल का विशाल ताल, तलैया बन जाता है।

# दिल्ली में चार सीटों पर गुल खिला सकते हैं मुस्लिम मतदाता

राजपुरुष

- उत्तर पूर्व, पूर्वी दिल्ली, चांदनी चौक और नई दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता 14 से 21 फीसदी तक
- इस बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन होने से वोटों के बिखराव की कोई संभावना नहीं

**21.0%** गिने जाते हैं उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता

**16.8%** पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की अनुमानित संख्या



**अमृत विचार।** दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। पिछले दो चुनाव से भाजपा यहां की सभी सात सीटों पर कमल खिला रही है। लेकिन इस बार तस्वीर थोड़ी बदली हुई है। इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीटों पर भाजपा का मुकाबला कर रही है। ऐसे में बड़ा सवाल मुस्लिम मतदाताओं का रुख है। 2019 के लोकसभा चुनाव में मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच त्रिकोणीय था। इससे मुस्लिम वोट बिखर गया था। अबकी बार कांग्रेस-आप के गठबंधन का भाजपा से सीधा मुकाबला है। ऐसे में मुस्लिम मतों के बिखराव की संभावना नहीं है। दिल्ली में चार लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के एकमुश्त वोट भाजपा की चिंता बढ़ा रहे हैं। हालांकि भाजपा नेता कह रहे हैं कि मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ सभी धर्मों के गरीब वर्ग को मिल रहा है। पसमांदा मुस्लिमों को सबसे ज्यादा फायदा मिला है। इससे भाजपा के विरुद्ध मुस्लिमों को लेकर किया जाने वाला दुष्प्रचार अब उतना प्रभावी नहीं रहा है। मुस्लिम समाज इस बात से सहमत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए काम कर रहे हैं। इसका लाभ भाजपा को चुनाव में अवश्य मिलेगा।

दिल्ली में भाजपा के खिलाफ एकमुश्त मुस्लिम वोट पाने की उम्मीद लगाए बैठा इंडिया गठबंधन की ओर से आप और कांग्रेस दोनों ने कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारा है। बहुजन समाज पार्टी ने जरूर चांदनी चौक सीट से एकमात्र मुस्लिम प्रत्याशी अब्दुल कलाम आजाद को मैदान में उतार रखा है। दिल्ली में तीन लोकसभा सीटों पर उत्तर पूर्व दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और चांदनी चौक में मुस्लिम मतदाताओं की भूमिका को अहम माना जाता है। उत्तर पूर्व दिल्ली लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा करीब 21 फीसदी, पूर्वी दिल्ली में में लगभग 17 फीसदी और चांदनी चौक सीट पर 14 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। 2014 के लोकसभा और 2015 के विधानसभा चुनाव से मुस्लिम समुदाय को वोट कांग्रेस से आम आदमी पार्टी की तरफ खिसक गया था। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाता ने एक बार फिर कांग्रेस का रुख किया, इसका नतीजा रहा कि कांग्रेस दिल्ली में भले ही लोकसभा की एक भी सीट नहीं जीत पाई, लेकिन वोट फीसदी में उसने आम आदमी पार्टी को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया था।

उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता सबसे अधिक 21 फीसदी है, इंडिया गठबंधन में कांग्रेस से इस सीट पर कन्हैया कुमार चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के सांसद मनोज तिवारी से हैं। इस सीट पर पूर्वांचल के मतदाता भी बड़ी संख्या में हैं। पूर्वी दिल्ली में 16.8 फीसदी मुस्लिम मतदाता माने जाते हैं। इस लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की तरफ से आम आदमी पार्टी ने कुलदीप कुमार को मैदान में उतारा है। भाजपा ने यहां प्रत्याशी बदलकर हर्ष मल्होत्रा को उम्मीदवार बनाया है। चांदनी चौक में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 14 फीसदी है।

इस लोकसभा क्षेत्र में आदर्श नगर, शालीमार बाग, शकूरबस्ती, वजीरपुर, सदर बाजार, चांदनी चौक, मटिया महल और बल्लीमारान जैसी विधानसभा सीटें आती हैं, जिन पर मुस्लिम मत निर्णायक माने जाते हैं। चांदनी चौक से इस बार कांग्रेस के जयप्रकाश अग्रवाल और भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल के बीच मुकाबला है।

### नई दिल्ली में 14, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में 10.6 फीसदी

- नई दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता चांदनी चौक जितने 14 फीसदी गिने जाते हैं। इस लोकसभा सीट पर इस बार आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती और भाजपा की बांसुरी स्वराज के बीच चुनावी संघर्ष हो रहा है।
- उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता 10 .6 फीसदी गिने जाते हैं, यहां कांग्रेस के उदित राज का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया से हो रहा है।
- इसी तरह दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में सात फीसदी मुस्लिम मतदाताओं का अनुमान लगाया जाता है। इस लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सहीराम पहलवान और भारतीय जनता पार्टी के रामवीर सिंह बिधूड़ी के बीच है।
- पश्चिमी दिल्ली में 6 .8 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। इस सीट पर इस बार भाजपा ने दक्षिणी दिल्ली के पूर्व मेयर कमलजीत सहरावत को मौका दिया है। पिछली बार 2019 में यहां से भाजपा के प्रवेश वर्मा जीते थे। आम आदमी पार्टी की तरफ से महाबल मिश्रा भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं।

### बुनियादी सुविधाओं का अभाव, सीएए की चर्चा व दंगे की याद

- दिल्ली के अधिकतर मुस्लिम इलाकों में घनी आबादी है। बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। बिजली सप्लाई में सुधार, सड़क, पानी और अतिक्रमण जैसे मुद्दे अहम हैं। इसके अलावा चुनाव से पहले लागु हुआ सीएए जैसा मुद्दा भी है, जिसकी मुस्लिम इलाकों में चर्चा है। इसके साथ ही दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगे की याद भी लोग दिलाते हैं।

# इस बार बहुमत के दरवाजे पर दस्तक

## चौथे चरण की 96 लोकसभा सीटों में दलों के दबदबे के साथ स्विंग और कांटे के संघर्ष वाला मिजाज ज्यादा

**चौथे चरण का चुनाव**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** 13 मई को चौथे चरण में 96 सीटों पर मतदान के साथ 379 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो जाएगा, इसी के साथ माना जा रहा है कि बहुमत का दरवाजा भी खुल जाएगा और यह तय होगा कि कौन भीतर प्रवेश करने के लिए तैयार है। शायद यही वजह है कि यह चरण दोनों प्रमुख गठबंधनों एनडीए और इंडिया के लिए आसान नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम के लिहाज से कांग्रेस के मुकाबले इस चरण में भी भाजपा की बढ़त तो साफ नजर आती है, लेकिन इस चरण के असली खिलाड़ी क्षेत्रीय दल हैं, जो दोनों गठबंधनों में से किसी के लिए भी बहुमत का दरवाजा खोल सकते हैं या पास फटकने से रोक सकते हैं।

भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए गठबंधन तीन चरणों के चुनाव में 200 से अधिक सीटें जीतने का दावा कर रहा है, तो इंडिया गठबंधन के नेताओं का कहना है कि सभी 543 सीटों के चुनाव के बाद भी भाजपा की इस मर्तबा 200 सीटें नहीं आ रही हैं। अब सत्ता पक्ष और विपक्ष के इन दावों की पड़ताल तो चार जून को चुनाव परिणाम आने पर होगी, पर चौथे चरण के रण की बात करें तो भाजपा ने इस चरण की 96 में से 42 सीटों पर 2019 के चुनाव में जीत हासिल की थी। पार्टी इस बार अपनी जीत का आंकड़ा 60 से ऊपर जाने की उम्मीद लगा रही है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में राजनीतिक दलों के गढ़ वाली सीटों और स्विंग करने वाली सीटों के परिणाम पर ही सारा दारोमदार टिका है। यही सीटें मुकाबला दिलचस्प बना सकती हैं, क्योंकि इन सीटों में जीत-हार को लेकर फेरबदल होने की संभावनाएं थोड़ी ज्यादा हैं। इस चरण में उन सीटों की संख्या ज्यादा हैं, जहां 2009 से किसी एक पार्टी का दबदबा नहीं रहा है। इसके अलावा इस बार पिछली बार से परिस्थितियां भी बदली हुई हैं। आंध्र प्रदेश में कांटे की टक्कर मानी जा रही है, तो तेलंगाना में बीआरएस के बजाय अब कांग्रेस काबिज है। 2019 के चुनाव में भाजपा इस चरण की 96 में से 89 सीटों पर चुनाव लड़कर 43 सीटें जीतने में सफल रही थी। भाजपा ने जीत वाली 43 सीटों पर 40 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल किए थे। जबकि इन 43 सीटों पर कांग्रेस को 10 फीसदी से भी कम वोट मिले थे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने इस चरण में 38 सीटें जीती थीं। हालांकि 2009 में भाजपा के हाथ सिर्फ 10 सीटें ही आयी थीं। इसके मुकाबले कांग्रेस 2019 में 85 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 6 सीटें ही जीत सकी थी। 2014 के चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन काफी दयनीय था। पार्टी केवल तीन सीटें ही जीत पायी थी, जबकि 2009 में कांग्रेस ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 50 लोकसभा सीटों पर जीत का परचम फहराया था। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी भी इन सीटों पर तेजी से आगे बढ़ी है। पार्टी ने 2014 में 9 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि 2019 में उसने 22 सीटें जीत ली थीं।

### भाजपा –कांग्रेस का यह रहा प्रदर्शन

- 2009: भाजपा – 10, कांग्रेस – 50
- 2014: भाजपा – 38, कांग्रेस – 03
- 2019: भाजपा – 42, कांग्रेस – 06

**35%** सीटों पर क्षेत्रीय दल खिलाड़ी तो दलों के गढ़ वाली सीटें कम

### 2019 में वोट शेयर


| चुनाव लड़ा | भाजपा 89 सीट | कांग्रेस 85 सीट |
|---|---|---|
| 10% से कम | 31 | 43 |
| 10–20% | 07 | 07 |
| 20–30% | 02 | 06 |
| 30–40% | 06 | 18 |
| 40% से ज्यादा | 43 | 11 |

### 32 सीटें पाला बदल या कड़े मुकाबले वाली, किसी भी तरफ झुक सकता फैसला

चौथे चरण की 96 लोकसभा सीटों में 32 सीटें परिणाम में बड़ा असर डाल सकती हैं। इनमें 21 सीटें ऐसी हैं, जो लगभग हर चुनाव में इधर-उधर होती रहती हैं। इसके अलावा 11 ऐसी सीटे हैं, जिन पर 2019 में जीत-हार का अंतर एक फीसदी से भी कम था। ऐसे में यही 32 लोकसभा सीटें इस चरण में असली खिलाड़ी हैं, जो किसी के साथ भी जाने पर उसका पलड़ा भारी कर सकती हैं।

### पिछली बार लगभग आधी सीटों पर हुआ था जमकर मुकाबला

2019 में चौथे चरण की लगभग आधी सीटों पर कांटे की टक्कर देखने को मिली थी। कोई भी दल ऐसे नहीं था, जिसने एकतरफा यानी 40 फीसदी से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता हो। झारखंड की पलामू, महाराष्ट्र की जलगांव और जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर ही ऐसी सीटें थीं, जहां जीत का अंतर 40 फीसदी के आसपास था। भाजपा ने पलामू में 37 .80% और जलगांव में 39 .55% वोटों के अंतर से चुनाव जीता था, जबकि, श्रीनगर सीट पर फारूक अब्दुल्ला ने 37 .50% मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।



### 11 सीटों पर एक फीसदी से कम वोटों से हुई थी जीत-हार

- 2019 के लोकसभा चुनाव में चौथे चरण की 11 सीटों पर एक प्रतिशत से कम वोट के अंतर से जीत-हार का फैसला हुआ था। तेलुगु देशम पार्टी ने आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा सीट 0 .7%, श्रीकाकुलम 0 .6% और गुंटूर सीट 0 .4% मतों के अंतर से जीती थी। कांग्रेस ने तेलंगाना की मलकाजगिरी में 0 .7 % और भोंगिर में 0 .4% के अंतर से चुनाव जीता था। इसी तरह विशाखापट्टनम, खूंटी, औरंगाबाद, कोरापुट, जहिराबाद और बर्धमान में भी एक प्रतिशत मतों के अंतर वाला मुकाबला ही सामने आया था।



**जीतेंगे जरूर**

झारखंड की राजमहल लोकसभा सीट से उम्मीदवार विजय कुमार हंसदक के नामांकन जुलूस में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मांगा समर्थन।



**ये मेरी गारंटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने तेलंगाना सरकार पर जमकर हमला बोला। पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

# झारखंड में अर्जुन मुंडा व गीता कोड़ा की किस्मत का फैसला

चुनाव डेस्क



अर्जुन मुंडा।



गीता कोड़ा।

**रांची।** झारखंड में चौथे चरण से लोकसभा चुनाव की शुरूआत हो रही है। 13 मई को राज्य की चार सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में वोट डाले जाएंगे। पलामू अनुसूचित जाति की आरक्षित सीट है, जबकि बाकी तीन सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। चारों लोकसभा क्षेत्रों में 32.07 लाख महिलाओं सहित 64.37 लाख से अधिक मतदाता हैं। 2019 में भाजपा को राज्य में 11 सीटें मिली थीं, जबकि उसकी सहयोगी आजसू ने एक सीट जीती थी। कांग्रेस और जेएमएम को एक-एक सीट मिली थी। इस बार इन चारों सीटों पर होने वाले मतदान से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चाईबासा की सांसद गीता कोड़ा, पलामू के सांसद बीडी राम, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत जैसे दिग्गजों की किस्मत का फैसला होगा। यहां चारों सीटों पर भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों में आमने-सामने का मुकाबला नजर आ रहा है।

### खूंटी में 1,445 वोटों से हारी कांग्रेस ले पाएगी बदला

- खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सामने कांग्रेस ने काली चरण मुंडा को मैदान में उतारा है। गरीबी, अफीम की खेती, नक्सलवाद और मानव तस्करी की समस्याओं का सामना करने वाले खूंटी लोकसभा क्षेत्र में अर्जुन मुंडा ने 2019 में काली चरण मुंडा को केवल 1,445 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। इस बार काली चरण अपनी हार का बदला लेने को आतुर दिख रहे हैं। अर्जुन मुंडा की जीत के लिए भाजपा ने ताकत झोंक रखी है।

**सिंहभूम में दो दिग्गज महिला नेताओं की जंग:** सिंहभूम में इस बार के चुनाव में दो महिला नेताओं के बीच जमकर मुकाबला हो रहा है। भाजपा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा फिर मैदान में हैं, यहां झामुमो की जोबा मांझी उनका मुकाबला कर रही हैं। गीता कोड़ा ने 2019 में इस सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। गीता कोड़ा चुनाव से पहले कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गई थीं। जोबा मांझी सिंहभूम के ही मनोहरपुर से लगातार छह बार विधायक चुनी गई हैं। वह बिहार और झारखंड सरकार में मंत्री रह चुकी हैं।

### लोहरदगा में आसान नहीं समीर उरांव की राह

- लोहरदगा में कांग्रेस के सुखदेव भगत का मुकाबला भाजपा के समीर उरांव से है। भाजपा ने मौजूदा सांसद सुदर्शन भगत की जगह उरांव पर भरोसा जताया है। इसकी वजह सुदर्शन भगत को 2019 में सिर्फ 10,363 वोटों से मिली जीत रही है। 2018 में ओरांव राज्यसभा के लिए चुने गए थे और उनका कार्यकाल तीन मई को समाप्त हो गया है। यहां उनका मुकाबले में कांग्रेस ने पूर्व विधायक और पार्टी के प्रदेशअध्यक्ष रहे सुखदेव भगत को उतारा है।


### पलामू में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में

- पलामू में भाजपा ने राज्य के पूर्व डीजीपी सांसद विष्णु दयाल राम को तीसरी बार मैदान में उतारा है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरफ से ममता भुइयां इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के रूप में उनका मुकाबला कर रही हैं। 2019 के चुनाव में विष्णु दयाल राम ने राजद के घूरन राम को 4,77,606 वोटों के अंतर से हराया था। यहां इस बार भी भाजपा की स्थिति बेहतर मानी जा रही है।

# गिरिराज, नित्यानंद व ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर

**बिहार का चुनावी रण**

चुनाव डेस्क



गिरिराज सिंह।



नित्यानंद राय।



ललन सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिहार में चौथे चरण में पांच लोकसभा सीटों मुंगेर, बेगूसराय, दरभंगा, समस्तीपुर और उजियारपुर में 13 मई को मतदान होगा। इस चरण में भाजपा के दिग्गज फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और जेडीयू नेता ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। एनडीए के सामने यहां अपनी जीत दोहराने का दबाव है।

**बाहुबली तय कर रहे मुंगेर में जीत-हार की तस्वीर :** मुंगेर लोकसभा सीट से एनडीए की सहयोगी जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह दूसरी बार मैदान में हैं। ललन सिंह ने 2019 के चुनाव में बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को हराया था। आरजेडी ने इस सीट से बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी को मैदान में उतारा है। लेकिन मोकामा के बाहुबली अनंत सिंह जेल से बाहर आने के बाद ललन सिंह को खुला समर्थन दे रहे हैं।

**बेगूसराय में गिरिराज को चुनौती देना थोड़ा कठिन :** बेगूसराय लोकसभा सीट पर भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह की इस बार सीधी टक्कर सीपीआई के अवधेश राय से है। पिछली बार इस सीट से सीपीआई से कन्हैया कुमार चुनाव लड़े थे, उन्हें गिरिराज सिंह ने चार लाख मतों से हराया था। आरजेडी तीसरे नंबर पर थी। इस सीट पर भूमिहारों का दबदबा है। लोकसभा क्षेत्र में 18% भूमिहार, 14 % मुस्लिम और 10% यादव हैं।

### दरभंगा में जातीय समीकरणों पर टिकी लड़ाई

- दरभंगा लोकसभा सीट पर 15 सालों से भाजपा का कब्जा है। भाजपा ने इस बार इस सीट से मौजूदा सांसद गोपाल जी ठाकुर को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की तरफ से आरजेडी ने ललित कुमार यादव पर दांव लगाया है। वह दरभंगा ग्रामीण से छह बार विधायक चुने जा चुके हैं। 2019 के चुनाव में गोपाल जी ठाकुर ने आरजेडी के अब्दुल बारी सिद्दीकी को बड़े अंतर से हराया था। इस बार यहां जातीय समीकरण की लड़ाई है।

### समस्तीपुर में मंत्रियों के बेटे और बेटी में टक्कर

- समस्तीपुर लोकसभा सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी बीते दो चुनाव से जीत रही है। इस बार लोजपा टूट गई है। 2019 में लोजपा के रामचंद्र पासवान की जीत हुई थी। एनडीए के सहयोगी चिराग पासवान ने शांभवी चौधरी को यहां से उतारा है। शांभवी चौधरी मंत्री अशोक चौधरी की बेटी हैं। इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने सन्नी हजारी को मौका दिया है। सन्नी हजारी जेडीयू मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। इस तरह यहां नितीश के दो मंत्रियों के पुत्र-पुत्रियों में टक्कर है।

### उजियारपुर में राय के लिए अमित शाह बना गए माहौल

- भाजपा के लिए उजियारपुर लोकसभा सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न है। यहां गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की टक्कर राजद सुप्रीमो के करीबी पूर्व मंत्री आलोक मेहता से है। वह उन्हें जीत की हैट्रिक की चुनौती दे रहे हैं। साल 2009 में सीट अस्तित्व में आने के बाद से इस सीट पर एनडीए का कब्जा है। गृह मंत्री अमित शाह मतदाताओं से नित्यानंद राय को 'महत्वपूर्ण पद' देने की बात कहकर माहौल बना गए हैं। 2019 में नित्यानंद राय ने रालोसपा नेता उपेंद्र कुशवाहा को 2 .71 लाख मतों से हराया था।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक- 995 फ्लैग- 1115 डीएमओ- 880 बोल्ड- 1165
**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 950

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 65 मसूरी- 54 अंगूरी- 55 बासमती- 107 दाल दलहन : काला चना- 110-120 साबुत चना दाल- 78 मूंग साबुत- 94-100 राजमा- 145 दाल उड़द- 124 साबुत मसूर दाल- 68-75 मसूर दाल- 70-75 उड़द साबुत- 125 काबुली चना- 75-120 अरहर दाल- 155-165 लोबिया/करमानी- 77-110 सोयाबीन- 40-60 मूंगफली- 74-77 मटर (सूखी)- 49 मक्का- 26

## पीएलआई के तहत शुरू करेंगी 17 कंपनियां उत्पादन

**फरीदाबाद।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि आईटी हार्डवेयर उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत चुने गए पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर विनिर्माताओं में से ज्यादातर के इस साल उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है। कृष्णन ने नेटवेब टेक्नोलॉजीज की नई अत्याधुनिक कंप्यूटिंग सर्वर विनिर्माण इकाई के उद्घाटन पर कहा कि 27 पीएलआई कंपनियों में से 17 इस साल उत्पादन शुरू कर देंगी। उनमें से छह-सात ने पिछले साल उत्पादन शुरू किया था और दो ने अगले साल उत्पादन शुरू करने की योजना बनाई है। सरकार ने नवंबर, 2023 में आईटी हार्डवेयर के लिए नई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के तहत डेल, एचपी, फॉक्सकॉन, लेनोवो, नेटवेब टेक्नोलॉजीज सहित 27 कंपनियों के आवेदन को मंजूरी दी थी। आईटी हार्डवेयर योजना के तहत जिन बड़े नामों को मंजूरी दी गई है उनमें फ्लेक्सट्रॉनिक्स, वीवीडीएन और ऑप्टिमस शामिल हैं। पैडगेट इलेक्ट्रॉनिक्स, एसओजेओ मैन्युफैक्चरिंग सर्विसेज, गुडवर्थ, नियोलिन्क, सिरमा एसजीएस, मेगा नेटवर्क्स, पैनाचे डिजीलाइफ और आईटीआई लि. को भी हरी झंडी मिली हैं।

# खरीदारी से बाजार में रौनक, सेंसेक्स 260 अंक चढ़ा

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयरों में दमदार खरीदारी से दोनों सूचकांक में आई तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार के दिग्गज शेयरों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल में तेजी के दम पर तीन सत्रों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को लगाम लगी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और निवेशकों के सतर्कता से बाजार की बढ़त एक हद तक सीमित हो गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 260.30 अंक यानी 0.36% चढ़कर 72,664.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 542.37 अंक यानी 0.74% बढ़कर 72,946.54 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 97.70 अंक यानी 0.44% चढ़कर 22,055.20 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिनों से जारी गिरावट को थामने में मदद मिली। गुरुवार को बड़े पैमाने पर हुई बिकवाली ने सेंसेक्स को 1062.22 अंक यानी 1.45% का झटका देते हुए 72,404.17 अंक पर ला दिया था। निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55% की बड़ी गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर आ गया था। हालांकि शुक्रवार का दिन घरेलू शेयर बाजारों के लिए राहत भरी तेजी लेकर आया। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,213.68 अंक यानी 1.64% की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी ने 420.65 अंक यानी 1.87% का नुकसान उठाया।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा कि विदेशी बाजारों में मजबूती से घरेलू बाजार को समर्थन मिला और सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। अब भी कारोबारी धारणा में सतर्क रुख बना हुआ है और उतार-चढ़ाव के रूप में यह नजर भी आया।



- निफ्टी ने भी 97.70 अंक चढ़कर 22 हजार का आंकड़ा किया पार
- गुरुवार को तेज बिकवाली से सेंसेक्स 1.45% टूटा था

### चुनावों के नतीजों को लेकर बाजार में बिकवाली का दबाव

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, आईटीसी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा मोटर्स के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.81 प्रतिशत चढ़ गया जबकि स्मालकैप सूचकांक में 0.80 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी बिकवाली और लोकसभा चुनावों के नतीजों को लेकर आशंकाएं हावी होने से बाजार में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। हालांकि कुछ दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजों से रफ्तार मिल रही है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 6,994.86 करोड़ मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में तेजी का दौर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.41 प्रतिशत चढ़कर 84.22 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## सोने का आयात 30% बढ़कर 45.54 अरब डॉलर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मजबूत घरेलू मांग रहने से देश में सोने का आयात वित्त वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का रहा था।

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इस साल मार्च में कीमती धातु का आयात 53.56 प्रतिशत घटकर 1.53 अरब डॉलर रह गया। स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत की है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आयात में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका की लगभग 10 प्रतिशत है। देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक रही है। फिलहाल सोने पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है।

सोने का आयात बढ़ने के बावजूद देश का व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) पिछले वित्त वर्ष में घटकर 240.18 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2022-23 में यह व्यापार घाटा 265 अरब डॉलर था। चीन के बाद भारत दुनिया में सोने का दूसरा बड़ा उपभोक्ता है। यह आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करता है।



- 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का था

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 86700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55800-56000 |

**लखनऊ**

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,100 |
| चांदी तैयार | 85,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| सोना जेवरात पक्के | 72400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71400 |
| चांदी पक्की | 825 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 84,000 |

## विदेशी मुद्रा भंडार 641.59 अरब डॉलर हुआ: रिजर्व बैंक

**मुंबई, एजेंसी**

तीन सप्ताह की गिरावट के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन मई को समाप्त सप्ताह में 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर था। यह पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंचा था। तीन मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.46 अरब डॉलर बढ़कर 564.16 अरब डॉलर रही। बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 65.3 करोड़ डॉलर घटकर 54.88 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 20 लाख डॉलर बढ़कर 18.05 अरब डॉलर हो गया।



## बीपीसीएल 1.7 लाख करोड़ का करेगी निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी बीपीसीएल ने अपने मुख्य कारोबार तेल शोधन, ईंधन विपणन और पेट्रोकेमिकल के अलावा स्वच्छ ईंधन में अगले पांच वर्षों में 1.7 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के चेयरमैन जी कृष्णकुमार ने शुक्रवार को तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पांच साल की रणनीतिक रूपरेखा प्रोजेक्ट एस्पायर के तहत बीपीसीएल ने तेलशोधन क्षमता बढ़ाने, पेट्रोकेमिकल व्यवसाय और स्वच्छ ईंधन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की योजना बनाई है। कृष्ण कुमार ने कहा कि हमारी रणनीति दो मूलभूत स्तंभों- प्रमुख कारोबार को आगे बढ़ाने और भविष्य के बड़े दांव में निवेश पर आधारित है। इससे न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की बढ़ती ईंधन मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी बल्कि कंपनी को 2040 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, हमने पांच वर्षों में 1.7 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। इसमें से 75,000 करोड़ रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स के लिए रखे गए हैं। हम 8,000 करोड़ के निवेश के साथ रणनीतिक पाइपलाइन परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिनमें से 5,000 करोड़ की परियोजनाएं पहले ही चिह्नित की जा चुकी हैं।



- बीपीसीएल के चेयरमैन ने तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों संग की चर्चा
- स्वच्छ ईंधन में पांच साल में निवेश करने की कंपनी बना रही योजना

## होम क्रेडिट में 80.74% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी टीवीएस होल्डिंग्स

**नई दिल्ली।** टीवीएस होल्डिंग्स लि. 554.06 करोड़ में होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लि. में 80.74% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। शेष 19.26% हिस्सेदारी प्रेमजी इनवेस्ट और अन्य कंपनियां खरीदेंगी। कुल मिलाकर यह सौदा 686 करोड़ का है। 686 करोड़ में से टीवीएस 554.06 करोड़ भुगतान कर रही है। प्रेमजी इनवेस्ट 11% हिस्सेदारी लेगी जबकि बाकी हिस्सेदारी अन्य इकाइयां लेंगी। टीवीएस ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस के 88,09,45,401 शेयरों के अधिग्रहण को मंजूरी दी। ये 80.74% हिस्सेदारी के बराबर है।

# राष्ट्रीय

# शिकायत के लिए महिला को मजबूर करने की जांच शुरू

## शिकायतकर्ता के दावा के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग के कहने पर एसआईटी की टीम ने उठाया कदम

**बेंगलुरु, एजेंसी**

हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर यौन शोषण के मामलों की जांच कर रहा विशेष जांच दल (एसआईटी) उन लोगों की पहचान करने के लिए तफ्तीश कर रहा है, जिन्होंने महिला को कथित तौर पर फोन कर उसे जद (एस) नेता के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज कराने के लिए मजबूर किया।

यह कदम राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के यह कहने के बाद उठाया गया है कि उसके पास पहुंची महिला शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसे 33 वर्षीय सांसद के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया गया था।

सूत्रों ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बीके सिंह की अध्यक्षता वाली टीम को महिला के बारे में तब पता चला जब एनसीडब्ल्यू ने एसआईटी को शिकायत भेजी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एसआईटी ने पहले महिला से संपर्क नहीं किया है और उनके पास कोई शिकायत दर्ज नहीं की है। एसआईटी ने महिला को फोन करने वालों की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

एनसीडब्ल्यू के अनुसार महिला तीन व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए आयोग आई थी, जिन्होंने खुद को कर्नाटक पुलिस अधिकारी बताया और उस पर झूठी शिकायत देने के लिए दबाव डाला। आयोग ने कहा कि महिला ने कहा कि उसे अलग-अलग फोन नंबरों से कॉल कर शिकायत दर्ज कराने के लिए धमकाया जा रहा है। शिकायतकर्ता को व्यक्तियों के एक समूह द्वारा उत्पीड़न और झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर शिकायत दर्ज कराने के लिए मजबूर किया गया था। पीड़िता ने स्थिति की गंभीरता पर अपने परिवार के कल्याण के लिए सुरक्षा की मांग की है।

**यौन शोषण मामले**



- एसआईटी ने महिला से पहले संपर्क नहीं किया और उनके पास कोई शिकायत नहीं थी

### जद(एस) ने राज्यपाल से की सीबीआई जांच की मांग

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद-एस नेता एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल थावर चंद गहलोत से मुलाकात करके हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित यौन शोषण मामले की जांच सीबीआई से कराने में हस्तक्षेप की मांग की है। कर्नाटक के राजनीतिक परिदृश्य में भूचाल लाने वाले इस मामले की जांच वर्तमान में कर्नाटक पुलिस की एसआईटी कर रही है। विधायक एचडी रेवन्ना के बेटे प्रज्वल यौन शोषण से जुड़े विवादों में घिर गए हैं। एचडी रेवन्ना को यौन उत्पीड़न से जुड़ी एक पीड़िता के कथित अपहरण के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### एसआईटी पर भरोसा रखें, यौन शोषण मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की जरूरत नहीं : सिद्धरमैया

**मैसुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रज्ज्वल के खिलाफ यौन शोषण मामले की जांच कर रहे एसआईटी पर भरोसा जताया और कहा कि जांच को सीबीआई को सौंपने की जरूरत नहीं है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने कभी एक भी मामला सीबीआई को नहीं सौंपा था और एक समय था जब संगठन सीबीआई को भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो के रूप में संदर्भित करता था। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा सीबीआई को चोर बचाओ संस्थान कहते थे और अब उन्हें सीबीआई से प्यार है? सिद्धरमैया ने कुमारस्वामी के मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग पर यह बात कही।

# झारखंड में केवल भाजपा ही घुसपैठ पर रोक लगा सकती है : अमित शाह

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर केंद्रीय गृह मंत्री ने साधा निशाना

**खूंटी, एजेंसी**

भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो नीत गठबंधन भूमि, खनन और मनरेगा घोटालों में शामिल रहा है लेकिन भाजपा गरीबों का पैसा नहीं लूटने देगा। शाह शुक्रवार को खूंटी के कचहरी मैदान में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि घुसपैठ के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदल गई है। आदिवासी युवतियों को प्रेम जाल में फंसा कर उनकी जमीन पर कब्जा जमाया जा रहा है। केवल भाजपा ही घुसपैठ पर रोक लगा सकती है। शाह ने कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस अपने शासनकाल में एक भी आदिवासी को राष्ट्रपति क्यों नहीं बना पाई।

भाजपा ने आदिवासियों को सम्मान देने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अमर शहीद बिरसा मुंडा को देश में सम्मान दिलाया। प्रधानमंत्री मोदी ने बूढ़ा पहाड़ को माओवाद से मुक्त कराया।



### पीओके भारत का, इसे कोई छीन नहीं सकता

**खूंटी।** अमित शाह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर सवालिया निशान उठाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि इसकी एक-एक इंच जमीन भारत की है तथा इसे कोई ताकत नहीं छीन सकती। शाह ने कहा कि मणिशंकर अय्यर हमसे कह रहे हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करें क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। कुछ दिन पहले गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि पीओके के बारे में बात मत करो क्योंकि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है।

## एक नजर

### एक व्यक्ति के घर से 32 लाख रुपए बरामद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति के घर पर छापामार कर 32 लाख रुपए बरामद किए है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर अशोका गार्डन इलाके के पंथ नगर निवासी कैलाश खत्री के निवास पर छापा मारा गया। मौके से एक पलंग में छुपाकर रखी गई नोटों की गड्डियां मिली। इसमें नए नोटों साथ पुराने सडे-गले नोट भी शामिल हैं। इस बारे में आरोपी द्वारा कोई भी दस्तावेज पेश नहीं करने के चलते इस राशि को जब्त कर लिया गया है। जब्त राशि लगभग 32 लाख रुपए है।

### हाईकोर्ट ने कर चोरी मामले को बरकरार रखा

**मंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बैंगलोर टर्फ क्लब में सटोरियों के कथित कर चोरी संबंधी एक मामले को खारिज करने से इनकार करते हुए कहा कि जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य एक संभावित संज्ञेय अपराध का संकेत दे रहे है। न्यायमूर्ति एस विश्वजीत शेट्टी की पीठ ने सटोरियों द्वारा दायर एक याचिका पर यह आदेश दिया। कर्नाटक पुलिस ने जनवरी में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि सटोरिये उचित पंजीकरण के बिना दांव लगा रहे थे, जिससे कर चोरी हो रही थी।

## मतदान खत्म होने के बाद आंकड़े जारी करने के लिए याचिका दायर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ने उच्चतम न्यायालय में अंतरिम याचिका दायर करके लोकसभा चुनाव के हर चरण का मतदान समाप्त होने के 48 घंटे के भीतर मतदान का पूर्ण आंकड़ा आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

द एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने 2019 की अपनी जनहित याचिका में एक अंतरिम अर्जी दायर की है। एनजीओ ने 2019 की अपनी याचिका में मतदान के बाद सभी मतदान केंद्रों के फॉर्म 17 सी भाग-I (दर्ज किए गए मतों का लेखा-जोखा) की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां तुरंत अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

एनजीओ ने कहा कि निर्वाचन आयोग को 2024 के लोकसभा चुनावों में आगामी प्रत्येक चरण के मतदान के बाद फॉर्म 17सी भाग-I में दर्ज मतों का पूरा आंकड़ा मतदान केंद्र-वार सारिणीबद्ध प्रदान करने का निर्देश दें। साथ ही 2024 के मौजूदा लोकसभा चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र-वार मतदान का पूरा आंकड़ा सारिणीबद्ध करने का भी निर्देश दिया जाए। उसने कहा कि याचिका यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की गई है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया चुनावी अनियमितताओं से प्रभावित न हो। याचिका में कहा गया है, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 2024 के लोकसभा चुनावों के पहले दो चरणों के लिए मतदान का डेटा 19 अप्रैल को हुए पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद और 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के चार दिन बाद 30 अप्रैल को प्रकाशित किया गया। इसमें कहा गया है, निर्वाचन आयोग द्वारा 30 अप्रैल, 2024 को एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रकाशित डेटा मतदान के दिन शाम 7 बजे तक ईसीआई द्वारा घोषित प्रारंभिक मतदान प्रतिशत की तुलना में तेज वृद्धि (लगभग 5-6%) दर्शाता है। अंतिम मतदान आंकड़ा जारी करने में अत्यधिक देरी, साथ ही 30 अप्रैल, 2024 के निर्वाचन आयोग के प्रेस नोट में पांच प्रतिशत से अधिक के असामान्य रूप से उच्च संशोधन ने आंकड़े की शुद्धता के बारे में चिंताएं और सार्वजनिक संदेह बढ़ा दिया है।



- वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया

## लोगों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 15 गिरफ्तार

**जालंधर, एजेंसी**

पंजाब के जालंधर में पुलिस ने भ्रामक हॉलिडे पैकेज योजना के माध्यम से लोगों को ठगने वाले एक गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें गुरदीप सिंह से एक शिकायत मिली थी, जिन्होंने बताया था कि आठ मई, 2024 को उन्हें एक व्यक्ति विराट का फोन आया और उन्होंने जालंधर के लाजपत नगर के पास होटल फॉर्च्यूर में अवकाश पैकेज के संबंध में नई दिल्ली की टीम एमजीवीपीएल के साथ एक बैठक में भाग लेने के लिये कहा। नौ मई, 2024 को गुरदीप पहली मंजिल के बोर्डरूम में गए, जहां उनकी मुलाकात मुकेश दुबे, मोहित सैनी व अजय से हुई, जिन्होंने उन्हें पैकेज के बारे में बताया। गुरदीप ने शिने एक पैकेज चुना और उनसे 1,90,000 रुपये के दो क्रेडिट कार्ड लेनदेन किये। एमजीवीपीएल की वेबसाइट पर जाने पर, गुरदीप को पता चला कि कॉर्पोरेट पता अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। पुलिस ने जय प्रकाश यादव निवासी ईस्ट लक्ष्मी मार्केट नई दिल्ली, मोहित निवासी ग्लोबल सोसायटी गुड़गांव हरियाणा, दीपक निवासी जवाहर मोहल्ला शाहदरा दिल्ली, संदीप कुमार निवासी सुंदर सावरी सोनीपत , अभिषेक निवासी ओ खोरा कॉलोनी थाना गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश आदि को मामले में गिरफ्तार किया है।

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त करने के आदेश दिया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सहायक शिक्षकों के पद पर बीएड डिग्रीधारी आवेदकों की नियुक्ति निरस्त कर दी है और साथ ही छह सप्ताह में डीएड धारकों की पुनरीक्षित सूची बनाने का आदेश दिया है। न्यायालय के इस फैसले के बाद तीन हजार से अधिक सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में आ गई है। ये सभी शिक्षक अब विभिन्न सरकारी दफ्तरों के साथ-साथ मंत्री-विधायकों से मुलाकात कर नौकरी बचाने की गुहार लगा रहे हैं। पिछली सरकार के दौरान चार मई 2023 को लोक शिक्षण संचालनालय ने शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। इस विज्ञापन में सहायक शिक्षक के पद पर बीएड कोर्स को भी मान्य किया गया था। पिछले साल 10 जून को इसकी परीक्षा हुई थी और दो जुलाई को रिजल्ट और मेरिट लिस्ट जारी की गई।

## कोर्ट ने छात्रा के लापता होने के मामले की जांच का सीबीआई को दिया निर्देश

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की एक अदालत ने सीबीआई को पथनमथिट्टा जिला स्थित घर से बी.कॉम. (द्वितीय वर्ष) की छात्रा जेसना मारिया जेम्स के 2018 में लापता हो जाने की घटना की आगे की जांच करने का शुक्रवार को निर्देश दिया।

एजेंसी को यह निर्देश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिबू डेनियल ने लापता लड़की के पिता की उस याचिका पर दिया, जिसे उन्होंने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ दायर किया था। अदालत के इस आदेश की पुष्टि लापता छात्रा के पिता की ओर से पेश वकील श्रीनिवासन वेणुगोपाल ने की। उच्च न्यायालय के निर्देश पर राज्य अपराध शाखा द्वारा 2021 में जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी।

## टीएमसी करेगा चुनाव आयोग से एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष की शिकायत

**कोलकाता, एजेंसी**

- पद के दुरुपयोग और प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक होने को लेकर दर्ज कराएगी शिकायत

टीएमसी ने शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा के खिलाफ अपने पद के दुरुपयोग और संदेशखालि मामले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक होने को लेकर चुनाव आयोग (ईसी) में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराएगी।

पार्टी ने कहा है कि कई महिलाओं ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने उन्हें धोखा देकर तृणमूल नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज कराई। एनसीडब्ल्यू ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सिफारिश की थी कि संदेशखालि में महिलाओं पर कथित हिंसा और अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। पश्चिम बंगाल के मंत्री और पार्टी प्रवक्ता शशि पांजा ने शर्मा के खिलाफ चुनाव आयोग का रुख करने की तृणमूल की इच्छा को शुक्रवार को रेखांकित किया। पांजा ने आरोप लगाया कि एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने संदेशखालि से जुड़े आरोपों को लेकर राजनीतिक पूर्वाग्रह के तहत कार्य किया और क्षेत्र की महिलाओं को यौन अत्याचार के झूठे आरोप लगाने को लेकर प्रोत्साहित किया।

### संदेशखालि की महिलाओं को चुनाव के कारण शिकायतें वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहाः एनसीडब्ल्यू

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने दावा किया है कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संदेशखालि की महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी शिकायतें वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है और इस मामले में निर्वाचन आयोग से जांच की मांग की गई है। तृणमूल कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि की महिलाओं के कई कथित वीडियो साझा किये थे जिनमें दावा किया गया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से सादे कागज पर हस्ताक्षर कराये और बाद में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ बलात्कार एवं यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने में उसका इस्तेमाल किया गया।

### महिला आयोग ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने संदेशखाली में यौन प्रताड़ना की शिकायतें वापस लेने के लिए महिलाओं को डराने धमकाने के मामले को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है और इस पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। महिला आयोग ने शुक्रवार को बताया कि आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने संदेशखाली मामले को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बीच में ही संदेशखाली की महिलाओं पर अपनी शिकायतें वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इन महिलाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है और धमकियां दी जा रही है।

## आज का मुकाबला

कोलकाता नाइटराइडर्स

बनाम

लखनऊ सुपर जाइंटस

शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 12 | 634 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रेविस हेड हैदराबाद | 11 | 533 |

## खिलाड़ियों को खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ से मिलेगी मदद : पीटी उषा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को ओलंपिक के लिए जाने वाले खिलाड़ियों को पेरिस में सर्वोत्तम संभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की सुविधा और समय की बचत के लिए खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ को खेल गांव के करीब रखा जाएगा।

पेरिस में भारतीय एथलीटों और सहयोगी स्टाफ की व्यवस्था को अंतिम रूप देने के बाद भारत लौटीं उषा ने कहा कि आईओए ने यह भी सुनिश्चित किया है कि निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें।

चेटेउरौक्स निशानेबाजी क्रेंद पेरिस से लगभग दो घंटे की दूरी पर है, जबकि ले गोल्फ नेशनल ओलंपिक हब से एक घंटे की दूरी पर है। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा हम एथलीटों के गांव से थोड़ी दूरी पर कई खेल-विशिष्ट सहयोगी सदस्यों के लिए आवास सुरक्षित करने में सक्षम हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी खिलाड़ी अपनी सहायता प्रणाली से वंचित न रहे और इसलिए हमने आसपास के क्षेत्र में अपार्टमेंट बुक किए हैं। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें। पूर्व दिग्गज धाविका ने मजबूत समर्थन प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ी पिछले कुछ वर्षों में लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार कर रहे है।

## विश्व कप में पारी का आगाज करें विराट : गांगुली

बेंगलुरु, एजेंसी



- सौरव बोले-17 साल के बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत रखने वाली संतुलित टीम है भारत के पास

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को विराट कोहली की मौजूदा आईपीएल में शानदार फॉर्म को देखते हुए अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में उनसे पारी का आगाज करना चाहिए। इस आईपीएल में 12 मैच में 153.51 के शानदार स्ट्राइक रेट से 70.44 के औसत से 634 रन बनाकर कोहली 'ओरेंज कैप' पहने हैं और यह स्ट्राइक रेट उनके करियर के 134.31 के स्ट्राइक रेट से काफी अधिक है।

गांगुली ने कहा, विराट बहुत ही शानदार खेल रहा है। बीती रात कोहली ने जो पारी खेली जिसमें उसने तेजी से 90 रन बना दिए, उसे देखते हुए आपको उसे टी20 विश्व कप में बतौर सलामी बल्लेबाज इस्तेमाल करना चाहिए। उसकी पिछली कुछ आईपीएल पारियां देखें तो ये अद्भुत रही हैं इसलिए उसे पारी का आगाज करना चाहिए। भारत ने टी20 विश्व कप के लिए संतुलित टीम का चयन किया है जिसमें 17 साल के अंतराल बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत है। गांगुली ने कहा यह बहुत अच्छी टीम है। मुझे लगता है कि उन्होंने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। बल्लेबाजी में गहराई के अलावा गेंदबाजी भी बेहतरीन दिखती है। बुमराह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। हमारे पास कुलदीप, अक्षर और सिराज का अनुभव है। इस बार टीम संयोजन आदर्श है।

### पहले की तरह नहीं पर कोहली अभी भी जबर्दस्त : टॉम मूडी

**धर्मशाला।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी का मानना है कि विराट कोहली की भी अपनी सीमाएं हैं लेकिन भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने ट्रेनिंग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के दम पर उसकी भरपाई कर दी है। अपनी दमदार स्लॉग स्वीप के जरिए कोहली बीच के ओवरों में स्पिनरों को बखूबी खेल रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ गुरुवार को 47 गेंद में 92 रन की पारी खेली और डीप मिड विकेट से सटीक थ्रो पर शशांक सिंह को रन आउट भी किया। मूडी ने कहा यह शानदार है। वह अब पहले की तरह वाला विराट कोहली नहीं है लेकिन अब वह 21 साल का भी नहीं है। वह 30 पार है लेकिन अभी भी ऐसा प्रदर्शन लाजवाब है।

# गिल और साई की सलामी जोड़ी ने जड़े शतक

## शुभमन और सुदर्शन ने बनाई 210 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी, गुजरात ने सीएसके को दिया 232 रन का लक्ष्य



अहमदाबाद, एजेंसी

साई सुदर्शन (103) और कप्तान शुभमन गिल (104) की आतिशी शतकीय पारियों के दम पर गुजरात टाइटंस ने शुक्रवार के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 59वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 232 रनों का लक्ष्य दिया।

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गुजरात टाइटंस की साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत देते हुए मैदान के चारों शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिये रिकार्ड अवजित 210 रनों की साझेदार की। 18वें ओवर में तुषार देशपांडे ने साई सुदर्शन को आउट कर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। साई सुदर्शन ने 51 गेंदों में पांच चौके और सात छक्के लगाते हुये (103) रन बनाये। शुभमन गिल ने 55 गेंदों में नौ चौके और छह छक्के लगाते हुये (104) रनों की पारी खेली। उन्हें भी तुषार देशपांडे ने आउट किया। जब तक दोनों बल्लेबाज खेल रहे थे स्टेडियम में चौके और छक्को की बारिश हो रही थी। शाहरुख खान आखिरी गेंद पर दो रन पर रनआउट हुये। डेविड मिलर ने 11 गेंदों में नाबाद 16 रनों की पारी खेली। गुजरात ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 231 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से तुषार देशपांडे ने दो विकेट लिए।



### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.406 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 12 | 5 | 7 | 10 | +0.217 |
| मुंबई (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.423 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

### गुजरात 231/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन का दुबे बो देशपांडे | 103 | 51 | 5/7 |
| शुभमन गिल का जडेजा बो देशपांडे | 104 | 55 | 9/6 |
| डेविड मिलर नाबाद | 16 | 11 | 1/0 |
| शाहरुख खान रन आउट | 2 | 3 | 0/0 |

गेंदबाजी : सेंटनर 2-0-31-0, देशपांडे 4-0-33-2, शारदुल 4-0-25-0, सिमरजीत 4-0-60-0, जडेजा 2-0-29-0, मिचेल 4-0-52-0

### साई के नाम दर्ज हुई खास उपलब्धि

शुभमन गिल और साई सुदर्शन के बीच पहले विकेट के लिए 210 रन की साझेदाही हुई। अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दौरान साई सुदर्शन ने 51 गेंद का सामना करते हुए 103 रन बनाए। आउट होने से पहले साई ने 5 चौके और सात छक्के लगाए। साई सुदर्शन ने आईपीएल में अपने 1000 रन पूरे किए। साई ने इस तक पहुंचने में 25 पारियां लीं। साई ने बेयरस्टो को पीछे छोड़ा। बेयरस्टो ने 26 पारियों में 1000 रन पूरा किया था।



## खेल डायरी

### न्यूजीलैंड के मनरो ने क्रिकेट से लिया संन्यास



**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज कॉलिन मनरो ने टी-20 विश्वकप में जगह नहीं मिल पाने के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। मनरो पिछले चार साल से सिर्फ फ्रैंचाइज क्रिकेट खेल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह आगे भी फ्रैंचाइज क्रिकेट खेलते रहेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने पिछले दिनों टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि मनरो के नाम की चर्चा तो हुई थी, लेकिन उनके लिए जगह नहीं बन पाई। मनरो ने कहा, न्यूजीलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना मेरे करिअर की बड़ी उपलब्धि रही है और मुझे हमेशा इस पर गर्व रहेगा।

### सेंथिलकुमार और रथिका करेंगे भारत की अगुवाई

**नई दिल्ली।** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला खिलाड़ी रथिका सीलन 12 से 16 जून से चीन के डालियान में होने वाली 22वीं एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में भारतीय दल की अगुवाई करेंगी। चेन्नई में चयन ट्रायल कराने के बाद भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ (एसआरएफआई) ने शुक्रवार को टीमों की घोषणा की। पुरुष टीम के अन्य खिलाड़ी 2023 राष्ट्रीय खेलों के चैम्पियन अभय सिंह, राहुल भाटिया और सूरज चंद हैं। महिला टीम में पूजा आरती आर, सुनिता पटेल और जैनेट विधि शामिल हैं।

### गुकेश की वापसी, तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंदा

**वारसॉ।** विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने धीमी शुरुआत के बाद वापसी करते हुए शुक्रवार को सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से ड्रा खेलने से पहले हमवतन आर प्रज्ञानानंदा और जर्मनी के विन्सेंट केमर को शिकस्त दी। प्रज्ञानानंदा ने पांचवें दौर में होलैंड के अनीष गिरी को पराजित किया और फिर छठे दौर में केमर पर जीत हासिल की। नार्वे के कार्लसन ने आठ अंक लेकर चीन के वेई यि के साथ संयुक्त बढ़त बनाई हुई है जबकि प्रज्ञानानंदा और शेवचेंको संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### सत्र के अंत में संन्यास लेंगे डोमिनिक थिएम



**लंदन।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम कलाई की चोट के बाद शीर्ष फॉर्म में वापसी करने में जूझ रहे हैं जिससे उनकी योजना इस साल के अंत में टेनिस को अलविदा कहने की है। थिएम ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किए वीडियो में कहा मैं सत्र के अंत में अपना करिअर समाप्त करने वाला हूं। उन्होंने इस संदेश को बहुत दुखद के साथ बहुत खूबसूरत भी करार दिया। आस्ट्रिया के 30 साल के खिलाड़ी ने 2020 में फ्लशिंग मिडोज में एकमात्र ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रहे थे। वह 2020 में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंचे थे और जून 2021 में कलाई की चोट से पहले शीर्ष पांच में शामिल रहे थे।

### ओलंपिक चयन के लिए निशानेबाजी ट्रायल आज से

**भोपाल।** पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजों के ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार यहां शनिवार से शुरू होंगे जिसमें कुल 37 पिस्टल और राइफल निशानेबाज भाग लेंगे। भारतीय निशानेबाजों ने पिस्टल और राइफल में 16 कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ देश में शीर्ष पांच के बीच ट्रायल करा रहा है ताकि पेरिस ओलंपिक के लिये टीम चुन सके। निशानेबाजी में ओलंपिक कोटा देश को मिलता है और चयन ट्रायल में शीर्ष रहने पर ही कोटा जीतने वाले निशानेबाज के खेलों में भाग लेने की गारंटी होती है। हर स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज पेरिस का टिकट कटाएंगे। पहले दो ट्रायल दिल्ली में पिछले महीने हुए हैं और अगले दो मध्य प्रदेश निशानेबाजी अकादमी में होंगे। महिला वर्ग में ओलंपियन मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान 25 मीटर स्पोटर्स पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल में भाग लेंगी।

## केकेआर की नजर प्लेआफ की टिकट पर

कोलकाता, एजेंसी



शानदार फॉर्म में चल रही दो बार की पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को अपने मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य ईडन गार्डंस पर ही तीन साल में पहली बार आईपीएल प्लेआफ का टिकट कटाने का होगा।

दो बार के खिताब विजेता कप्तान गौतम गंभीर की टीम मेंटोर के रूप में वापसी के बाद केकेआर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक 11 मैचों में से आठ जीतकर दस टीमों शीर्ष पर काबिज केकेआर को प्लेआफ का टिकट कटाने के लिए एक और जीत की जरूरत है। शाहरूख खान की टीम अपने गढ ईडन गार्डंस पर ही यह श्रेय हासिल करना चाहेगी। सुनील नारायण को दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ पारी की शुरूआत करने भेजने का गंभीर का दाव मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है। दोनों ने टीम को पावरप्ले में शानदार शुरूआत देते हुए आठ मैचों में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 के पार पहुंचाया है।

वहीं पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस हार्दिक पंड्या की कप्तानी में इस सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम रही। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराने वाली मुंबई अब प्रतिष्ठा के लिए खेल रही है। प्रशंसकों को रोहित शर्मा और पंड्या से भी अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

## संजीव गोयनका की हरकत शर्मनाक, बात करने का भी तरीका होता है : मोहम्मद शमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल को फटकारने के मामले पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के मालिक पर बिफरे शमी



स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ी केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास निकालने वाले संजीव गोयनका पर बरसते हुए कहा है कि लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम की हार के बाद टीवी कैमरे पर उसके मालिक की इस तरह की प्रतिक्रिया के लिए खेलों में कोई जगह नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ की दस विकेट से हार के बाद राहुल पर बरसते हुए गोयनका की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

शमी ने कहा करोड़ों लोग आपको देख रहे हैं और आपसे सीख रहे हैं। अगर कैमरे के सामने ये चीजें होती है और स्क्रीन पर ऐसी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है तो यह शर्मनाक है। आपका एक दायरा होना चाहिए बात करने का, ये मैसेज बहुत गलत जाता है। टीवी कमेंटेटर ग्रीम स्मिथ और स्कॉट स्टायरिस ने भी कहा था कि ऐसी बातें निजी तौर पर होनी चाहिए, कैमरे के सामने नहीं। शमी ने कहा यह ध्यान रखना चाहिए कि खिलाड़ियों का सम्मान है और आप भी बतौर मालिक सम्मानित व्यक्ति हैं। अगर ऐसा करना ही था तो कई तरीके हैं।

**टी-20 विश्वकप के बाद द्रविड का कार्यकाल हो रहा है समाप्त, जय शाह बोले- चाहें तो फिर से आवेदन कर सकते हैं राहुल**

## मुख्य कोच के लिए आवेदन आमंत्रित करेगा बीसीसीआई

मुंबई, एजेंसी



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लिए टी-20 विश्वकप से पहले टीम के मुख्य कोच के लिए आवेदन मंगाएगा। बीसीसीसीआई पिछली गलतियों से सबक लेते हुए इस बार नए मुख्य कोच के लिए टी-20 विश्व कप शुरू होने से पहले ही आवेदन मंगाएगा। टी-20 विश्वकप के बाद राहुल द्रविड का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अगर द्रविड़ अपने कार्यकाल को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो उन्हें भी आवेदन करना होगा।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि हम अगले कुछ दिनों में आवेदन जारी करेंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। अगर वह फिर से आवेदन करना चाहते हैं तो कर सकते हैं। शाह ने कहा हम तीन साल के लंबे कार्यकाल के लिए कोच ढूंढ़ रहे हैं। अलग-अलग प्रारुपों के लिए अलग-अलग कोच की संभावना बहुत कम है। हालांकि आखिरी फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) को करना है, मुझे इस निर्णय को बस लागू करना है। चयनकर्ता के पद के लिए कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं। समित की बैठक के बाद अंतिम नाम का फैसला होगा। टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम दो चरणों में रवाना होगी। आईपीएल 2024 से बाहर हो चुकी टीमों के खिलाड़ी विश्वकप के लिए 24 मई को रवाना होंगे, वहीं शेष दल 26 मई के आईपीएल फाइनल के बाद अमेरिका के लिए रवाना होगा। बीसीसीआई ने आईसीसी से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को इंग्लैंड से कहीं और भी ले जाए जाने को लेकर बात की। खिताबी मुकाबले के लिए अन्य जगह खोजना चुनौतीपूर्ण होगा।

### इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम पर पुनर्विचार संभव

**मुंबई।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे। शाह ने कहा इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था।

### ईशान, अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखने का फैसला अगरकर का

**मुंबई।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखने का फैसला मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर का था। बीसीसीआई से निर्देश मिलने के बावजूद घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेलने पर ईशान और अय्यर को अनुबंध से बाहर रखा गया। ईशान पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद लंबे ब्रेक पर चले गए और आईपीएल में ही लौटे। वहीं अय्यर ने रणजी ट्रॉफी में सेमीफाइनल और फाइनल समेत मुंबई के लिए कुछ मैच खेले। मुंबई टीम जब रणजी खेल रही थी तब अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के मुंबई शिविर में भाग ले रहे थे। शाह ने कहा आप संविधान देख सकते हैं। मैं चयन समिति की बैठक बस बुलाता हूं। वह फैसला अजित अगरकर का था। जब इन दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट नहीं खेला तो उन्हें बाहर रखने का फैसला अगरकर का ही था।

## बॉलीवुड हलचल

### हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला वेबसीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं। संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, फरदीन खान और शेखर सुमम जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार हाल ही में ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुयी है। हीरामंडी द डायमंड बाजार में मनीषा कोईराला ने मल्लिका जान का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। मनीषा कोईराला ने बताया है कि वह हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं। शूटिंग के दौरान उन्हें बस यही लग रहा था कि कैसे भी करके यह वक्त निकल जाए और इसके बाद अपनी सेहत पर ध्यान दिया जाए। मनीषा कोइराला ने मल्लिका जान के किरदार को निभाने के लिए काफी मेहनत की थी। उनके सामने एक चुनौती तो यही थी कि उन्हें उर्दू बोलनी नहीं आती थी। अच्छा शॉट देने के लिए मनीषा, सात घंटे तक सेट पर बैठी रही थीं। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था।



### सिंघम अगेन के सेट से अर्जुन ने शेयर किया इंटेंस लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन के सेट से अपना इंटेंस लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगे। इनके अलावा टाइगर श्राफ, अर्जुन कपूर, करीना कपूर और दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में अर्जुन का अलग अवतार नजर आने वाला है। हाल ही में अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म सिंघम अगेन के सेट से एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) फोटो शेयर की है, जिसमें उनकी मस्कुलर बॉडी देखने को मिल रही है। अर्जुन कपूर ने फिल्म सिंघम अगेन के सेट से अपना इंटेस लुक शेयर किया है। अर्जुन कपूर ने फोटो के कैप्शन में लिखा, 'शूट लाइफ!! #सिंघम अगेन।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

### जयशंकर ने कहा - खालिस्तानियों को राजनीतिक प्रश्रय से साफ है कि कनाडा में वोट बैंक उसके कानून से अधिक शक्तिशाली

# अभिव्यक्ति की आजादी का अर्थ अलगाववाद का समर्थन नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है।

जयशंकर ने बृहस्पतिवार को एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है। पंजाब के सिख प्रवासियों के बीच खालिस्तान समर्थकों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है।

**विदेश मंत्री ने कहा-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाना नहीं**



उन्होंने कहा कि किसी भी नियम-आधारित समाज में आप लोगों की पृष्ठभूमि, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट था, आदि चीजों की जांच करेंगे। अगर आपके यहां ऐसे लोग हैं जो संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर वहां मौजूद हैं, तो यह आपके बारे में क्या कहता है? यह वास्तव में कहता है कि आपका वोट बैंक आपके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। कनाडा में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 18 लाख है और देश में अन्य दस लाख अनिवासी भारतीय रहते हैं। देश में भारतीय प्रवासियों में ज्यादातर सिख हैं जो वहां की राजनीति में एक प्रभावशाली समूह माने जाते हैं। पिछले साल सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तल्खी आ गई थी। नयी दिल्ली ने ट्रूडो के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया था। भारत कहता रहा है कि मुख्य मुद्दा कनाडा द्वारा कनाडाई धरती से सक्रिय खालिस्तानी समर्थक तत्वों को प्रश्रय देने का है।

जयशंकर ने कहा कि यह विकल्पों के खत्म होने का सवाल नहीं है। हमें खेद है कि हमने जो देखा है वह कनाडा की राजनीति की दिशा है जहां अलगाववादियों और चरमपंथी ताकतों, जिनमें से कई खुले तौर पर हिंसा की वकालत करते हैं, को उस देश में राजनीतिक प्रश्रय दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम इसे नजरअंदाज करके अच्छे संबंधों की बात नहीं कर सकते। भारत की चिंताओं पर कनाडा की प्रतिक्रिया यही रही है कि उसके यहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है।

### भारत-अमेरिका के संबंधों की प्रगति पर नहीं असर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि हत्या की एक असफल साजिश में किसी भारतीय के शामिल होने के आरोपों से भारत-अमेरिका संबंधों की प्रगति पर कोई असर नहीं पड़ा है। नवंबर में, अमेरिका ने एक भारतीय नागरिक पर न्यूयॉर्क में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। जयशंकर ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों के बुनियादी सिद्धांत बहुत मजबूत हैं। अमेरिका ने सकारात्मक भाव के साथ हमारा ध्यान कुछ जानकारी की ओर दिलाया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की प्रगति, उत्पादन में विविधता लाने, नयी आपूर्ति श्रृंखला बनाने, शांति व स्थिरता सुनिश्चित करने और उच्च-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को भारत-अमेरिका संबंधों के लक्ष्य करार दिया।

## राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए समझौता किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी,** भारत और मोल्दोवा ने शुक्रवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके लागू होने के बाद दोनों देशों के राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों को बिना वीजा के एकदूसरे देश की यात्रा करने की अनुमति मिलेगी। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और गति देगा। भारत गणराज्य के विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर और मोल्दोवा गणराज्य की राजदूत (विशेष और पूर्णाधिकारी) एना ताबन ने आज 10 मई को अपनी-अपनी सरकारों की ओर से राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट के लिए वीजा छूट पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी के तार पाकिस्तान से जुड़े

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- मतदान से एक दिन पहले ई मेल से मिली थी धमकी

अहमदाबाद में 7 मई को मतदान की पूर्वसंध्या पर 36 स्कूलों को भेजे गए बम विस्फोट की धमकी वाले ईमेल के तार पाकिस्तान से जुड़े थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और इसे मतदान से पहले लोगों के बीच डर पैदा करने की कोशिश करार दिया। गुजरात की 26 में से 25 लोकसभा सीट के लिए मतदान 7 मई को हुआ था।

अहमदाबाद अपराध शाखा ने बताया कि ईमेल 'मेल.रू' डोमेन से भेजे गए थे, जिन्हें एक व्यक्ति ने खुद तौहीद लियाकत बनकर सारे स्कूलों को भेजा था। संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने कहा कि लियाकत ने हमद जावेद के रूप में एक और पहचान भी बना ली थी। इन नामों वाला व्यक्ति पाकिस्तान के फैसलाबाद जिले से काम कर रहा था। एक ही शख्स ने अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग पहचान बनायी, उनमें से एक हमद जावेद की भी है। सिंघल ने कहा कि आरोपी का नाम एक अन्य एजेंसी द्वारा मोहपाश (हनीट्रैप) के एक मामले में जांच के दौरान भी सामने आया था। आगे की जांच चल रही है और आसूचना ब्यूरो (आईबी), आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस), राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ) और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) जैसी एजेंसियों से संपर्क किया गया है। जिन 36 स्कूलों को धमकी भरा ईमेल मिला था, उनमें से कई को मतदान केंद्र बनाया गया था। यह ईमेल शहर में मतदान से एक दिन पहले 6 मई को प्राप्त हुआ था।

### एक नजर

#### पुतिन ने मिशुस्तिन को पुनः नियुक्त किया रूस का प्रधानमंत्री

**मॉस्को, एजेंसी,** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल मिशुस्तिन को पुनः देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उनके नाम को मंजूरी के लिए संसद के निचले सदन के पास भेजा है। रूसी कानून के अनुरूप 58 वर्षीय मिशुस्तिन ने मंगलवार को उस वक्त अपने मंत्रिमंडल का इस्तीफा सौंपा जब पुतिन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया था। वह पिछले चार वर्ष से प्रधानमंत्री पद पर थे। हालांकि राजनीतिक जानकारों को मिशुस्तिन के पुनः नियुक्त किए जाने की उम्मीद थी। उनका मानना है कि पुतिन को उनका कौशल और सुर्खियों से दूरी पसंद है।

#### छह महीने के बच्चे को नवी मुंबई में मुक्त कराया

**ठाणे, एजेंसी,** पुलिस ने मध्य प्रदेश से छह महीने के एक बच्चे का अपहरण करने के आरोप में नवी मुंबई से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। कल्याण के पुलिस उपायुक्त (जोन-तृतीय) सचिन गुंजल ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नवी मुंबई के पनवेल इलाके में एक आवासीय इमारत से बच्चे को बचाया। उन्होंने कहा कि बच्चे का अपहरण मध्य प्रदेश के रीवा जिले में उसके घर के पास से किया गया था और भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण) एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कल्याण के शाहद क्षेत्र के आसपास कहीं हैं जिसके बाद स्थानीय पुलिस को सतर्क कर दिया गया।

#### तुर्की ने इराक में पीकेके के खिलाफ कार्रवाई शुरू की

**अंकारा, एजेंसी,** तुर्की सेना ने उत्तरी इराक के प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के खिलाफ सैन्य कार्यवाई शुरू कर दी है। समाचार पत्र येनी सफाक ने तुर्की रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। तुर्की सरकार ने पीकेके को एक आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित किया है। मीडिया ने पिछले हफ्ते बताया था कि तुर्की सशस्त्र बल नये सैन्य अड्डों को स्थापित करके और क्षेत्र में अंकारा की सैन्य उपस्थिति को बढ़ाकर पीकेके के खिलाफ एक सैन्य अभियान की तैयारी कर रहे हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने सीरिया में 30 से 40 किलोमीटर (18.6-24.8 मील) की लंबाई के साथ एक सुरक्षा गलियारा बनाने की योजना की भी घोषणा की है।

# भारत के चुनावों में हस्तक्षेप के आरोपों को किया खारिज

### अमेरिका ने दी सफाई, रूसी विदेश मंत्रालय ने लगाया था आरोप

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने रूस के इन आरोपों को गुरुवार को खारिज किया कि अमेरिका भारत में हो रहे चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम न ही भारत में जारी चुनावों में शामिल हैं और न ही दुनिया में कहीं भी होने वाले चुनाव में। भारत की जनता निर्णय करेगी। दरअसल रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में कहा था कि अमेरिका भारत के घरेलू मामलों और मौजूदा चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है।

मिलर से इसी बारे में प्रश्न किया गया था। अमेरिका के समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट में हाल में प्रकाशित एक लेख में आरोप लगाए गए थे कि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के एक अधिकारी अमेरिकी धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की योजना बनाने में शामिल थे। इस लेख पर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में संवाददाताओं से कहा अमेरिका नई दिल्ली के खिलाफ नियमित रूप से निराधार आरोप लगाता रहता है।



- मिलर ने कहा- हम न ही भारत में और न ही दुनिया में होने वाले किसी भी चुनाव में शामिल है

हम देखते हैं कि वे न केवल भारत बल्कि कई अन्य देशों पर भी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने के आधारहीन आरोप लगाते हैं जो दर्शाता है कि अमेरिका भारत की राष्ट्रीय सोच को नहीं समझता, उसे भारत के विकास के ऐतिहासिक संदर्भ की समझ नहीं है और वह एक देश के रूप में भारत का सम्मान नहीं करता। रूसी प्रवक्ता ने इसे अमेरिका की औपनिवेशिक काल की मानसिकता करार दिया। आरटी न्यूज ने जखारोवा के हवाले से कहा कि वे आम संसदीय चुनावों को जटिल बनाने के लिए भारत की आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों मामलों में वाशिंगटन से अधिक दमनकारी शासन की कल्पना करना कठिन है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वाशिंगटन में इन आरोपों के संबंध में किए गए किसी भी प्रश्न का उत्तर देने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि जब तक ये आरोप न्यायपालिका के समक्ष सिद्ध नहीं हो जाते जब तक ये महज आरोप हैं। चूंकि ये कानूनी मामला है इसलिए मैं यहां इस पर कुछ नहीं कहूंगा...।

## दिल्ली पहुंचे चीन के नए राजदूत शू फेइहोंग

**नई दिल्ली, एजेंसी,** भारत में चीन के नये राजदूत शू फेइहोंग दिल्ली पहुंच गए हैं। भारत में चीन के राजदूत का पद करीब 18 महीने से खाली था, जो चार दशकों में सबसे लंबा अंतराल है। शू ने कहा कि चीन एक-दूसरे की चिंताओं को समझने और बातचीत के माध्यम से विशिष्ट मुद्दों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी सैन्य गतिरोध के बीच यह बात कही है।

शू (60) ने सुन वेइदोंग की जगह ली है, जो भारत में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद अक्टूबर 2022 में रवाना हो गए थे। शू का भारत आगमन पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए बीजिंग और नयी दिल्ली के बीच लंबी सैन्य व राजनयिक वार्ता के बीच हुआ है। उन्होंने कहा यह एक सम्मानजनक मिशन और महत्वपूर्ण ड्यूटी है। मैं दोनों देशों के बीच समझ और दोस्ती को प्रगाढ़ बनाने, विभिन्न क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने व आगे ले जाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।



हौथी समर्थकों ने यमन के खिलाफ अमेरिकी नेतृत्व वाले हमलों के खिलाफ और गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के समर्थन में सना में एक रैली में भाग लिया। ● एजेंसी

## अमेरिका में पुलिस ने एमआईटी परिसर से फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को हटाया

**बोस्टन, एजेंसी**

पुलिस ने शुक्रवार तड़के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में फलस्तीन समर्थक तंबू को हटा दिया और फिलाडेल्फिया में पेन्नसीलवेनिया विश्वविद्यालय के परिसर से प्रदर्शनकारियों को बाहर कर दिया। पुलिस ने इस कार्रवाई से कुछ ही घंटे पहले एरीजोना विश्वविद्यालय में एक तंबू को हटा दिया और प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े। एमआईटी परिसर में पुलिस सुबह चार बजे पहुंची और प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए 15 मिनट का समय दिया। विश्वविद्यालय की अध्यक्ष ने कहा कि वहां से नहीं जाने वाले 10 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच, परिसर के बाहर एकत्र हुई भीड़ ने नारेबाजी की लेकिन उसे सुबह छह बजे तक तितर-बितर कर दिया गया। टक्सन में, एरीजोना विश्वविद्यालय कैम्पस पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर बृहस्पतिवार रात आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने पेन्नसीलवेनिया विश्वविद्यालय परिसर में दो हफ्ते से अधिक समय से डेरा डाले लोगों को हिरासत में ले लिया।

### गाजा के रफह में भीषण लड़ाई के कारण सहायता मार्ग बंद

**रफह।** संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिणी गाजा शहर रफह के बाहरी इलाके में इजराइली सैनिकों और फलस्तीनी आतंकवादियों के बीच भीषण लड़ाई के कारण महत्वपूर्ण नजदीकी सहायता मार्ग तक पहुंच बाधित हो गई है और 100,000 से अधिक लोगों को उत्तर की ओर भागना पड़ा है। रफह पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की इजराइल की योजनाएं फिलहाल रुकी हुई प्रतीत होती हैं।

## अफगानिस्तान ने अमेरिका पर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन का लगाया आरोप

**काबुल, एजेंसी,** अफगानिस्तान के राजनीतिक मामलों के कार्यवाहक उप प्रधानमंत्री मावलवी अब्दुल कबीर ने अमेरिका पर अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। टोलोन्यूज़ ने शुक्रवार को कबीर के हवाले से कहा कि अमेरिका का ड्रोन अभियान एक समस्या है, क्योंकि अफगानिस्तान के पास अमेरिकी अभियान को रोकने के लिए कोई आवश्यक उपकरण नहीं है।

चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार वरिष्ठ अफगान अधिकारी ने गुरुवार को पूर्वी पंजशीर प्रांत में एक सार्वजनिक बैठक में यह टिप्पणी की। बैठक में कबीर ने अमेरिकी ड्रोनों को अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र में गश्त करने की अनुमति देने के लिए अमेरिका से कथित वित्तीय सहायता को भी खारिज कर दिया।

## रूस ने खारकीव के वोवचांस्क पर राकेट से किया हमला

**कीव, एजेंसी**

- यूक्रेन ने कहा रूसी सेना ने सुरक्षा को भेदने की कोशिश की

रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन के उत्तर-पूर्व शहर वोवचांस्क पर तोप के गोले और रॉकेट से हमला करने के साथ ही निर्देशित हवाई हमले किये। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात के समय गोलाबारी से खारकीव क्षेत्र में और रूसी सीमा से पांच किमी से कम दूरी पर स्थित वोवचांस्क को निशाना बनाया गया।

अधिकारियों ने लगभग 3,000 लोगों को वहां से निकालने की प्रक्रिया शुरू की। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि तड़के रूसी सेना ने यूक्रेनी सुरक्षा को भेदने की कोशिश की। हमले को रोकने के लिए आरक्षित इकाइयों को तैनात किया गया था। यह हमला एक बफर जोन बनाने के रूसी प्रयास की शुरुआत का प्रतीक हो सकता है जिसे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बेलगोरोड और अन्य रूसी सीमा क्षेत्रों पर लगातार यूक्रेनी हमलों को रोकने के लिए इस साल की शुरुआत में बनाने का संकल्प लिया था। यूक्रेन ने पहले कहा था कि उसे पता है कि रूस खारकीव और सुमी क्षेत्रों के करीब उत्तर पूर्व सीमा पर हजारों सैनिकों को इकट्ठा कर रहा है। यूक्रेनी खुफिया अधिकारियों ने कहा कि क्रेमलिन की सेना ने पूर्वी यूक्रेन में हालिया जमीनी हमला किया है, उन्हें उम्मीद है कि क्रेमलिन की सेना उत्तर पूर्व में भी हमला करेगी। रूस संभवतः यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर कब्जा नहीं कर सकता, लेकिन वह यूक्रेन को इस क्षेत्र में और अधिक सैनिक भेजने के लिए मजबूर कर सकता है, जिससे अन्य क्षेत्र हमले के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाएंगे।

## तुर्की में स्कूल प्रधानाचार्य की हत्या के विरोध में शिक्षक हड़ताल पर

**अंकारा, एजेंसी,** तुर्की की सबसे बड़े शहर इस्तांबुल में हाल ही में इयुपसुल्तान डिस्ट्रिक में एक निजी स्कूल के प्रधानाचार्य की हत्या के बाद शिक्षकों ने एक दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है। तुर्की मीडिया ने शुक्रवार को यह खबर दी।

डेमिरोरेन समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इराकी मूल के एक 17 वर्षीय छात्र को एक दिन पहले कथित तौर पर प्रिंसिपल की गोली मारकर हत्या करने के बाद बुधवार को हिरासत में लिया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि संदिग्ध ने दावा किया है कि वह निजी स्कूल के प्रिंसिपल के पैर में चोट पहुंचाना चाहता था, क्योंकि उनके बीच झगड़ा हुआ था। समाचार एजेंसी ने बताया कि कम से कम सात श्रमिक संघों ने तुर्की के शिक्षकों से घातक घटना का विरोध करने और शुक्रवार को अपना काम बंद करने का आग्रह किया है।

## मसालों में ईटीओ रसायन पर लगाम के लिए निर्यातकों को दिशा निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कुछ देशों के गुणवत्ता संबंधी चिंता जताने पर उठाया गया ये कदम

मसाला बोर्ड ने भारत से आयात किए जाने वाले उत्पादों में कैंसरजनक रसायन एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) का इस्तेमाल रोकने के लिए निर्यातकों को व्यापक दिशानिर्देश जारी किए हैं। कुछ मसाला उत्पादों पर हाल ही में कुछ देशों के गुणवत्ता संबंधी चिंता जाहिर किए जाने के बीच यह कदम उठाया गया है।

दिशानिर्देशों के अनुसार, निर्यातकों को मसालों में रोगाणुनाशक/धूमनकारी एजेंट या किसी अन्य रूप में ईटीओ रसायन के इस्तेमाल से बचना होगा। इसके साथ ही उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि परिवहन, भंडारण/गोदाम, पैकेजिंग सामग्री आपूर्तिकर्ता किसी भी स्तर पर इस रसायन का उपयोग न करें। इसमें कहा गया कि निर्यातकों को आपूर्ति श्रृंखला में मसालों तथा मसाला उत्पादों में ईटीओ और इसके मेटाबोलाइट की अनुपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उपाय करने होंगे। निर्यातक लइस रसायन को एक खतरे के रूप में भी पहचानेंगे और खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली में खतरा विश्लेषण नियंत्रण बिंदुओं तथा खाद्य सुरक्षा योजना में ईटीओ को रोकने के लिए महत्वपूर्ण नियंत्रण बिंदुओं को शामिल करेंगे। निर्देशों में कहा गया कि निर्यातकों को कच्चे माल, प्रसंस्करण सहायक सामग्री, पैकेजिंग और तैयार माल में ईटीओ का परीक्षण करना होगा।

## द. दिल्ली में दो नाबालिगों की चाकू से गोद कर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- संगम विहार इलाके में सात लोगों ने किया चाकुओं से हमला

दिल्ली में कथित तौर पर चाकू गोद कर 17 वर्षीय दो लड़कों की हत्या कर दी गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस के अनुसार घटना बुधवार को टिगरी में हुई और पीड़ितों की पहचान फिरोज, आसिफ और सलमान के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने कहा कि जब वे संगम विहार इलाके में सी-ब्लॉक पर खड़े थे तब लगभग सात लोगों ने चाकुओं और डंडों से उन पर हमला कर दिया।

उन्होंने कहा कि तीनों को अस्पताल ले जाया गया जहां फिरोज और आसिफ को मृत घोषित कर दिया गया जबकि सलमान का इलाज किया जा रहा है। डीसीपी ने कहा कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि फिरोज ने कुछ दिन पहले कथित तौर पर एक आरोपी को थप्पड़ मारा था और दोनों समूहों के बीच मामूली झड़प हुई थी। उन्होंने कहा कि बदला लेने के लिए आरोपियों ने पीड़ितों पर हमला किया। पुलिस ने कई टीम बनाकर सीसीटीवी फुटेज की जांच करते हुए आरोपियों की पहचान कर ली है। डीसीपी चौहान ने कहा, उनमें से 19 साल के दो आरोपियों फरीद उर्फ अमन और अभिषेक उर्फ बाबू को गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ की गई है। चौहान ने बताया कि आरोपी और पीड़ित एक ही इलाके के रहने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि वे स्कूल की पढ़ाई छोड़ चुके हैं और अक्सर छोटे-छोटे झगड़ों में लगे रहते हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## मादक पदार्थ की तस्करी के तीन को 20 साल की सजा

**भुवनेश्वर, एजेंसी,** ओडिशा में भुवनेश्वर के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश ने प्रतिबंधित पदार्थ ले जाने के आरोप में तीन आरोपियों को दोषी पाये जाने के बाद 20 साल के कठोर कारावास और प्रत्येक को एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने गुरुवार को आदेश दिया कि तीनों दोषियों देबाशीष बेहरा, प्रबीर कुमार सिंह और एसके कौसर अल्ली को जुर्माना राशि नहीं चुकाने पर एक साल की अतिरिक्त कैद की सजा काटनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, तीनों 19 जून, 2020 को पश्चिम बंगाल से प्रतिबंधित मादक पदार्थ खरीदकर एक बोलेरो वाहन से ले जा रहे थे तभी उन्हें भुवनेश्वर के रसूलगढ़ के पास रोका गया और गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में करीब पांच किग्रा ब्राउन शुगर और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस | कई कंपनियों ने कहा– विश्व की नवाचार प्रेरित अर्थ व्यवस्थाओं में भारत का प्रमुख स्थान

# देश की असीम संभावनाओं की कुंजी है प्रौद्योगिकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम कर रही प्रमुख कंपनियों ने प्रौद्योगिकी को देश की असीम संभावनाओं को साकार करने की कुंजी बताया है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में अपने-अपने क्षेत्र में अपने योगदान को रेखांकित करते हुए इन कंपनियों ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में विश्व की नवाचार प्रेरित अर्थव्यवसाओं में अपना एक प्रमुख स्थान बनाया है। भारत के 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण को विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में चिह्नित करने के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 11 मई को मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में नोकिया इंडिया के कंट्री मैनेजर तरुण छाबड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस नवाचार और उसे आगे बढ़ाने में युवाओं के योगदान का उत्सव है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में तकनीकी नवाचार से प्रेरित होकर खुद को दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में स्थापित कर लिया है।



हमारा मानना है कि अगले दशक में ऐसा होगा एआई, क्लाउड और कनेक्टिविटी में अद्वितीय तकनीकी प्रगति ने भारत को वैश्विक प्रौद्योगिकी परिदृश्य में अपनी पकड़ मजबूत करने के नए अवसर प्रदान किए हैं। छाबड़ा ने कहा कि नोकिया अपने नवाचार प्लेटफार्मों, समुदायों और भौतिक प्रयोगशालाओं का लाभ उठाकर एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रहे हैं। जहां हम भविष्य की डिजिटल सेवाओं और अनुप्रयोगों को आकार देने के लिए भागीदारों और प्रौद्योगिकियों को एकजुट करते हैं, भारत इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

फिनटेक कंपनी नियोग्रोथ के प्रबंध निदेशक और अधिशासी अधिकारी अरुण नैय्यर ने कहा कि नियोग्रोथ में हम व्यावसायिक लक्ष्यों और प्रभाव को आगे बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक उपकरण के रूप में प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में विश्वास करते हैं। हमारी प्रतिबद्धता हमारे परिचालन के हर पहलू में प्रौद्योगिकी को निर्बाध रूप से एकीकृत करके टिकाऊ और लाभदायक विकास हासिल करने में निहित है। जोखिम प्रबंधन और परिचालन दक्षता बढ़ाने से लेकर अद्वितीय ग्राहक अनुभव प्रदान करने तक, हम हर कदम पर डिजिटल नवाचार का लाभ उठाते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी के पास एक अच्छी तरह से एकीकृत डिजिटल बुनियादी ढांचा है। इंडिया स्टैक, आधार प्रमाणीकरण, जीएसटी, डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र और अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क को शामिल करते हुए हम अपने ग्राहकों के लिए एक सहज और सरलीकृत प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। भारत में थेल्स के उपाध्यक्ष आशीष सराफ ने कहा कि प्रौद्योगिकी भारत की असीम संभावनाओं को उजागर करने की कुंजी है।

### अपने आप को राष्ट्र की सेवा में समर्पित करें वैज्ञानिकः डॉ. कामत

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने देश को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए वैज्ञानिकों से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकसित करके खुद को राष्ट्र की सेवा में समर्पित करने की अपील की है। डीआरडीओ ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस से एक दिन पहले शुक्रवार को प्रयोगशालाओं और प्रतिष्ठानों में विभिन्न कार्यक्रम और व्याख्यान आयोजित किए। डा कामत ने यहां रक्षा विज्ञान मंच (डीएसएफ) द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह की अध्यक्षता की। विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और प्रतिष्ठानों से कुल 45 भाषण पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से सर्वश्रेष्ठ तीन पत्रों को प्रस्तुति के लिए चुना गया। इस अवसर पर डीआरडीओ प्रौद्योगिकी दिवस स्पेक्ट्रम भी जारी किया गया। रक्षा धातुकर्म अनुसंधान प्रयोगशाला के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. के पी बालन द्वारा लिखित रक्षा हार्डवेयर घटकों की विफलताओं पर जांच : बुनियादी बातें और केस इतिहास' नामक मोनोग्राफ का अनावरण किया गया। डीआरडीओ प्रकाशन अर्थात् डीआरडीओ न्यूज़लैटर (2024), डिफेंस साइंस जर्नल (मई 2024), और डिफेंस साइंटिफिक इंफॉर्मेशन एंड डॉक्यूमेंटेशन सेंटर जर्नल ऑफ लाइब्रेरी साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी भी जारी किए गए।